

केंद्रीय बजट 2047 तक विकसित भारत, भाजपा ने कहा निवेशकों के लिए भरोसे का केंद्र-12



भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे-12



दबे राज नहीं खोलेगी एप्स्टीन की साथी मैक्सवेल, संसदीय समिति के सवालों का जवाब देने से इन्कार-13



एफआईएच प्रो लीग में बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ शुरुआत करने उतरेगा भारत-14


आज का मौसम
24.0° अधिकतम तापमान
10.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.55
सूर्यास्त 05.59

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष नवमी 09:59 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 11 फरवरी 2026, वर्ष 7, अंक 78, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# कयामत के लिए जीने वालों कायदे से रहो अब बाबरी मस्जिद कभी नहीं बनेगी : योगी

## मुख्यमंत्री ने अयोध्या में बाबरी मस्जिद का सपना देखने वालों को बाराबंकी से दी चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/बाराबंकी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या में दोबारा बाबरी मस्जिद का सपना देखने वालों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी है। उन्होंने दो टूक कहा कि कयामत के लिए जीने वालों कायदे से रहो। कयामत का दिन कभी आने वाला नहीं है, जो लोग इसका सपना देख रहे हैं, सड़-गल जाएंगे। हिंदुस्तान में कायदे में रहने वाले फायदे में रहेंगे। अगर कोई कानून तोड़कर जन्नत जाने का सपना देख रहा है तो सीधे जहन्नुम की तरफ जाएगा।

मुख्यमंत्री मंगलवार को हिंद केसरी ब्रह्मलीन महंत बाबा हरिशंकर दास की पुण्य स्मृति में श्रीराम जानकी मंदिर, दुल्हदेपुर कुटी (बाराबंकी) में आयोजित दशम श्री हनुमत विराट महायज्ञ एवं श्री रामार्चा पूजन में सम्मिलित होने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पूरी दृढ़ता के साथ कहा कि यह डबल इंजन सरकार पीएम मोदी के मार्गदर्शन में जो बोलती है, वह करके दिखाती है और जितना करती है, उतना ही बोलती है। हमने कहा कि रामलला आएंगे...। अब मंदिर भी बन गया है। हम विरासत को सम्मान देते हुए भारत व सनातन धर्म की गौरवशाली परंपरा को अक्षुण्ण रखेंगे। पीएम मोदी ने 25 नवंबर को अयोध्या में सनातन के प्रतीक श्रीराम मंदिर में भव्य केसरिया ध्वज का आरोहण किया था, यह ध्वज सदा भारत व सनातन के गौरव को आगे बढ़ाएगा।

योगी ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्ष पश्चात यह गौरवशाली क्षण आया। इतने वर्षों में अनेक राजा-महाराजा आए। वर्ष 1952 के बाद से अनेक सरकारें बनीं, लेकिन किसी से मन में यह नहीं आया कि भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या पर भव्य मंदिर निर्माण हो। रामभक्तों पर गोली चलाने वालों और रामकाज में बाधक रामद्रोहियों के लिए कोई जगह नहीं है। बाबरी ढांचे का सपना देखने वालों को योगी ने चेताया कि कयामत का दिन कभी नहीं आने वाला। कयामत के दिन के लिए मत जियो। हिंदुस्तान में कायदे से रहना सीखो। यहां का कानून मानो, कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे।



बाराबंकी में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गदा भेंट की गई।

- बोले- ये सपना नहीं होगा पूरा, कोई कानून तोड़ जन्नत जाने का सपना देख रहा है तो सीधे जहन्नुम जाएगा

### भारत-भारतीयता पर हो रहे प्रहार : सीएम

योगी ने कहा कि वर्तमान में दुनिया भर से सनातन, भारत-भारतीयता पर प्रहार हो रहे हैं। अंदर-बाहर से होने वाले इन प्रहारों से सचेत रहना होगा। जिन्हें भारत की प्रगति अच्छी नहीं लग रही है, वे लोग साजिश में लगे हैं। कुछ लोग साजिश कर रहे हैं, कुछ लोग साजिश का शिकार हो रहे हैं और कुछ लोग साजिश के लिए बिक कर कार्य कर रहे हैं। हमें यह दुष्प्रवृत्ति रोकनी होगी।

# लापता बच्चों पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा इसके पीछे देशव्यापी गिरोह तो नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र सरकार से यह पता लगाने को कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में बच्चों के लापता होने की घटनाओं के पीछे किसी देशव्यापी गिरोह या राज्य-विशिष्ट समूह का हाथ तो नहीं है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि यह पता लगाना जरूरी है कि क्या इन घटनाओं के पीछे कोई निश्चित पैटर्न है या ये आकस्मिक घटनाएं हैं। उसने केंद्र को सभी राज्यों से आंकड़े संकलित कर उनका विश्लेषण करने का निर्देश दिया।

केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि कुछ राज्यों ने लापता बच्चों और उनसे संबंधित अभियोजन से जुड़े आंकड़े उपलब्ध कराए हैं, लेकिन लगभग एक दर्जन राज्यों ने अपना डेटा साझा नहीं किया है। भाटी ने दलील दी कि विश्लेषण तभी किया जा सकता है, जब केंद्र सरकार को पूरा डेटा हासिल हो जाए। उन्होंने कहा, हम जानना चाहते हैं कि बच्चों के लापता होने की इन घटनाओं के पीछे किसी राष्ट्रव्यापी गिरोह या राज्य-विशिष्ट समूह का हाथ तो नहीं है? क्या इन घटनाओं के पीछे एक विशिष्ट पैटर्न है या ये महज आकस्मिक घटनाए हैं? शीर्ष अदालत ने भाटी को सुझाव दिया कि बचाए गए बच्चों से बात की जानी चाहिए, ताकि यह पता लगाया जा सके कि ऐसी घटनाओं के लिए कौन जिम्मेदार है।



- केंद्र से कहा- यह पता लगाना जरूरी कि घटनाओं के पीछे कोई निश्चित पैटर्न है या ये आकस्मिक घटनाएं

### कोर्ट ने जताई थी चिंता

कोर्ट ने 18 नवंबर 2025 को मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए चिंता जाहिर की थी कि भारत में हर आठ मिनट में एक बच्चा लापता हो जाता है। कहा था कि देश में गोद लेने की प्रक्रिया जटिल है। इस प्रक्रिया को सरल बनाने को कहा था। कहा था कि गोद लेने की प्रक्रिया जटिल है, इसलिए उल्लंघन होना तय है और बच्चे पाने के लिए अवैध साधनों का सहारा लेते हैं।

### आंकड़े नहीं देने वाले राज्यों की आलोचना की

पीठ ने उन राज्यों की आलोचना की जिन्होंने आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए हैं। उसने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह कड़े आदेश पारित कर सकती है। वरिष्ठ अधिवक्ता अपर्णा भट्ट ने कहा कि केंद्र सरकार ने पहल की है और सभी राज्यों को आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए निर्देश जारी किए जाएं। पीठ गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) 'गुड़िया स्वयं सेवी संस्थान' की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कई राज्यों में लापता बच्चों की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि को रेखांकित किया गया है। उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल नौ दिसंबर को केंद्र सरकार को लापता बच्चों के सिलसिले में छह साल का राष्ट्रव्यापी डेटा उपलब्ध कराने और ऐसे आंकड़ों के संकलन में राज्यों एवं केंद्र-शासित प्रदेशों के साथ प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय में एक समर्पित अधिकारी की नियुक्ति करने का निर्देश दिया था।

## न्यूज ब्रीफ

### फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों 17 से 19 तक भारत यात्रा पर

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 17 फरवरी से तीन दिवसीय भारत यात्रा पर रहेंगे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मैक्रों एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन में भाग लेने के अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेता विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। इसके अतिरिक्त, दोनों नेता हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग सहित पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मोदी और मैक्रों मुंबई में संयुक्त रूप से 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष' का उद्घाटन करेंगे।

### अनुपम खेर ने फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट को लेकर किया आगाह

**नई दिल्ली।** अभिनेता अनुपम खेर ने उनके नाम से बनाए गए कई फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट को लेकर अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स को सतर्क किया है और उनसे ऐसे प्रोफाइल से आने वाले किसी भी अनुरोध को अनदेखा करने की अपील की है। खेर ने मंगलवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया। वीडियो में कहा कि कुछ लोग उनके नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर उनकी तस्वीरों एवं वीडियो का इस्तेमाल कर रहे हैं और उपयोगकर्ताओं को संदेश एवं अनुरोध भेज रहे हैं।

# बिरला को हटाने के लिए विपक्ष का नोटिस, पद के दुरुपयोग का आरोप

- 120 से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किए, दो बार स्थगन के बाद बजट पर चर्चा शुरू
- बिरला ने मामले का निपटारा होने तक आसन पर नहीं बैठने का लिया फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस मंगलवार को लोकसभा महासचिव को सौंपा और बिरला पर पक्षपातपूर्ण तरीके से सदन संचालित करने, कांग्रेस सदस्यों पर झूठे इल्जाम लगाने तथा अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। विपक्ष की ओर से नोटिस सौंपे जाने के बाद लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने फैसला किया कि वह मामले का निपटारा होने तक आसन पर नहीं बैठेंगे और उन्होंने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को निर्देश दिया कि नोटिस की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।

निचले सदन में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई, कांग्रेस के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश और सचेतक मोहम्मद जावेद ने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को यह नोटिस सौंपा। उल्लेखनीय है कि विपक्ष को दो बार नोटिस सौंपना पड़ा क्योंकि पहली बार जो नोटिस सौंपा गया था कि उसमें सदन के भीतर कुछ घटनाक्रमों का उल्लेख करते समय जिन तिथियों का हवाला दिया गया था उनमें त्रुटि थी। नोटिस पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, द्रमुक और कई अन्य विपक्षी दलों के करीब 120 सांसदों से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। संविधान के अनुच्छेद 94 (सी) के तहत यह प्रस्ताव संबंधी नोटिस सौंपा गया है। नोटिस में कहा गया है, हम भारत के संविधान के अनुच्छेद 94(सी) के प्रावधानों के अंतर्गत लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाने का नोटिस देते हैं, क्योंकि जिस तरह से वह लोकसभा की कार्यवाही का संचालन कर रहे हैं, वह खुले तौर पर पक्षपातपूर्ण है।



लोकसभा में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान से बात करतीं महिला कांग्रेस सांसद।

### भाजपा महिला सांसदों ने विपक्ष के खिलाफ की सबसे कड़ी कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** बिरला के समर्थन में भाजपा की महिला सांसदों ने मंगलवार को चार फरवरी की घटना को लेकर विपक्षी सांसदों के खिलाफ सबसे कड़ी कार्रवाई की मांग की है। भाजपा सांसदों का आरोप है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान प्रधानमंत्री के सदन में आने से पहले विपक्ष की महिला सांसदों ने प्रधानमंत्री की सीट को घेर लिया था। उन्होंने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और खेदजनक बताते हुए कहा कि इससे संसद की गरिमा को ठेस पहुंची है। यदि इस मामले में कार्रवाई नहीं की गयी तो यह एक खतरनाक मिसाल बनेगी।

# यूपी का बजट आज, संकल्प पत्र के वादों पर होगा फोकस

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की राजनीति के लिए बुधवार का दिन बेहद ऐतिहासिक होने जा रहा है। विकास के साथ-साथ लोक-लुभावन घोषणाओं का संतुलन देखने को मिल सकता है। मेधावी बेटियों को स्कूटी, शिक्षा मित्र-अनुदेशकों के मानदेय में बृद्धि, मुफ्त बिजली, नई पेंशन योजनाओं के जरिए योगी सरकार ''संकल्प पत्र'' के वादों को पूरा करने की बड़ी कोशिश कर सकती है।

मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व वाली सरकार अपने दूसरे कार्यकाल का सबसे महत्वपूर्ण और संभवतः अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश करने जा रही है। सरकार का लक्ष्य प्रदेश को 'वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी'' बनाने की दिशा में बुनियादी ढांचे को और मजबूत करना है। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा बुधवार को विधानसभा में पेश किए जाने वाले वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट का आकार करीब नौ लाख करोड़ रुपये के करीब होने का अनुमान है। वर्ष 2027 के विस चुनावों से ठीक पहले आने वाला यह बजट सरकार के संकल्प पत्र के अधूरे वादों को पूरा करने की आखिरी बड़ी कोशिश माना जा रहा है। बजट की चर्चित व प्रतीक्षित घोषणा मुफ्त स्कूटी योजना हो सकती है। भाजपा ने चुनावी संकल्प पत्र में मेधावी छात्राओं को स्कूटी देने का वादा किया था।



- मुफ्त बिजली के साथ नई पेंशन पर भी उम्मीदें बरकरार
- बेटियों को स्कूटी, शिक्षा मित्र-अनुदेशकों के मानदेय में बृद्धि पर नजर

### मानदेय में वृद्धि के संकेत

सरकार करीब 1.43 लाख शिक्षामित्रों और हजारों अनुदेशकों के चेहरे पर मुस्कान ला सकती है। वर्तमान में मिल रहे 10 हजार रुपये के मानदेय को बढ़ाकर 17 से 20 हजार रुपये तक किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के हालिया रुख के बाद अनुदेशकों के मानदेय में भी वृद्धि का रास्ता साफ हो गया है।

### योजनाओं को प्राथमिकता

इस 10वें बजट में भते ही नहीं, प्रदेश की सूरत बदलने वाली योजनाओं को भी प्राथमिकता दी जाएगी। सड़क और पुलों के निर्माण के लिए भारी आवंटन संभव है। वृद्धावस्था और अन्य सामाजिक पेंशन की राशि में बढ़ोतरी की उम्मीद है। युवाओं व रोजगार पर विशेष नजर युवाओं को साधने के लिए स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत टैबलेट वितरण का बजट बढ़ाया जा सकता है।

# निकांत जैन के खिलाफ अवैध वसूली व भ्रष्टाचार के मामले रद्द

**विधि संवाददाता, लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक अहम फैसला देते हुए कारोबारी निकांत जैन के खिलाफ अवैध वसूली और भ्रष्टाचार के आरोप में चल रहे पूरे आपराधिक मामले को रद्द कर दिया है। यह आपराधिक मामला प्रस्तावित सोलर पावर परियोजना से जुड़ा हुआ था।

यह आदेश माननीय न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने निकांत जैन की याचिका पर पारित किया। कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा है कि मामले में कोई अपराध प्रथम दृष्टया बनता ही नहीं है। इसी के साथ कोर्ट ने 15 मई 2025 को दाखिल चार्ज शीट तथा 17 मई 2025 के तलबी आदेश को भी को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने कहा है कि शिकायतकर्ता ने स्वयं स्वीकार किया है कि शिकायत गलतफहमी के आधार पर दर्ज कराई थी। मामले की एफआईआर 20 मार्च 2025 को गोमती नगर थाने में दर्ज की गई थी, जो एक कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा मुख्यमंत्री को भेजी गई शिकायत पर आधारित थी।

- सोलर पावर परियोजना से जुड़े मामले में हाईकोर्ट का अहम फैसला

# बांग्लादेश में चुनाव से ठीक पहले दुकान के भीतर एक और हिंदू व्यापारी की हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले के त्रिशाल उपजिला में 62 वर्षीय एक हिंदू व्यापारी की उसकी दुकान के अंदर धारदार हथियारों से हमला करके हत्या कर दी। यह घटना सोमवार रात उपजिला के बोगर बाजार चौराहे पर हुई। पीड़ित की पहचान साउथकंडा गांव के निवासी सुसेन चंद्र सरकार के रूप में हुई है, जो भाई-भाई एंटरप्राइज के मालिक थे।

त्रिशाल पुलिस थाने के प्रमुख मोहम्मद फिरोज ने बताया कि हमलावरों ने सरकार पर हथियार से हमला करने के बाद उसे दुकान के अंदर छोड़ दिया तथा शटर बंद कर दिए। सरकार का परिवार उसे ढूंढ रहा था और जब उन्होंने दुकान के शटर खोले, तो वह खून से लथपथ पाया गया। सरकार को तुरंत मयमनसिंह मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पीड़ित के बेटे सुजान सरकार ने बताया, हमारा चावल का पुराना कारोबार है। किसी से हमारी कोई दुश्मनी नहीं थी। अपराधियों ने मेरे पिता की बेरहमी से हत्या करने के बाद दुकान से कई लाख टका लूट लिए। उन्होंने मांग की कि पिता के हत्यारों की जल्द पहचान हो और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। सरकार की हत्या अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाकर की गई हिंसा की नवीनतम घटना है।



- धारदार हथियार से हमला कर तड़पता छोड़ गए थे

# अनुज चौधरी समेत पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर पर रोक

विधि संवाददाता, प्रयागराज

## संभल हिंसा मामला

- रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश देने वाले सीजेएम का सुल्तानपुर कर दिया गया था तबादला

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल में नवंबर 2024 को हुई हिंसा से जुड़े मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) द्वारा पारित उस आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है, जिसमें डीएसपी अनुज चौधरी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। उक्त आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकलपीठ ने संभल सर्कल अधिकारी अनुज और संभल कोतवाली के पूर्व प्रभारी अनुज तोमर की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

कोर्ट ने मूल शिकायतकर्ता को याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए 14 दिन का समय दिया है। इस अवधि के दौरान स्थगन आदेश प्रभावी रहेगा, साथ ही कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि प्रति-शपथपत्र दाखिल होने के बाद मामले की सुनवाई योग्यता के प्रश्न पर विचार करने का अधिकार कोर्ट के पास सुरक्षित रहेगा। सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने तर्क दिया कि मजिस्ट्रेट ने बीएनएसएस के तहत निर्धारित अनिवार्य सुरक्षा प्रावधानों की अनदेखी की और संबंधित पुलिस अधिकारियों को आरोपों पर अपना पक्ष रखने का अवसर नहीं दिया, जिससे आदेश कानून की सीमाओं से परे है। वहीं, दूसरी ओर शिकायतकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी ने याचिका की पोषणीयता पर आपत्ति जताते हुए कहा कि राज्य सरकार अपने अधीन कार्यरत पुलिस अधिकारियों का संरक्षण कर रही है। बता दें कि यह आक्षेपित आदेश पिछले माह संभल के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभान्शु सुधीर ने एक घायल युवक के पिता यामीन की अर्जी पर पारित किया था। इस आदेश के एक सप्ताह बाद ही सीजेएम विभान्शु सुधीर का तबादला सुल्तानपुर कर दिया गया।

**सख्ती** | एआई से तैयार डीपफेक सामग्री पर सरकार ने सख्त किए नियम, सरकार और अदालतों द्वारा चिह्नित वीडियो हटाने होंगे

# एआई से बने वीडियो अब नहीं बचेंगे, 3 घंटे में हटेगा फेक कंटेंट

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने मंगलवार को डीपफेक सहित एआई (कृत्रिम मेधा) से तैयार और बनावटी सामग्री के प्रबंधन को लेकर ऑनलाइन मंचों के लिए सख्त नियम लागू किए हैं। इसके तहत एक्स और इंस्टाग्राम जैसे मंचों को किसी सक्षम अधिकारी या अदालतों द्वारा निर्देशित की गई ऐसी किसी भी सामग्री को तीन घंटे के भीतर हटाना होगा।

सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में संशोधनों को अधिसूचित किया है। इसके जरिए औपचारिक रूप से एआई से तैयार और बनावटी कंटेंट को परिभाषित किया गया है। ये नए नियम 20 फरवरी, 2026 से लागू होंगे। संशोधनों में ''ध्वनि, दृश्य या ध्वनि-दृश्य जानकारी'' और ''बनावटी रूप से तैयार की गई जानकारी'' को परिभाषित किया गया है, जिसमें एआई द्वारा निर्मित या परिवर्तित ऐसी सामग्री शामिल है जो वास्तविक या प्रामाणिक प्रतीत होती है। सामान्य संपादन, किसी सामग्री को बेहतर बनाने और नेक नीयत से किए गए शैक्षिक या डिजाइन कार्यों को इस परिभाषा से बाहर रखा गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने अधिसूचना में कहा कि प्रमुख परिवर्तनों में बनावटी सामग्री को सूचना के रूप में मानना शामिल है। आईटी नियमों के तहत गैरकानूनी कार्यों के निर्धारण के लिए एआई-जनित सामग्री को अन्य सूचनाओं के समान माना जाएगा।




### पहले 36 घंटे के भीतर हटानी होती थी सामग्री

सोशल मीडिया मंच को सरकारी या अदालती आदेशों पर अब 36 घंटे के बजाय तीन घंटे के भीतर कार्रवाई करनी होगी। इसके अलावा, उपयोगकर्ता की शिकायतों के निवारण की समयसीमा भी कम कर दी गई है। नियमों के तहत एआई सामग्री की अनिवार्य रूप से लेबलिंग जरूरी है। बनावटी सामग्री बनाने या साझा करने की सुविधा देने वाले मंच को यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसी सामग्री पर स्पष्ट रूप से और प्रमुखता से लेबल लगाया जाए। जहां तकनीकी रूप से संभव हो, वहां इसे स्थायी मेटाडेटा या पहचानकर्ताओं के साथ जोड़ा जाना चाहिए। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि मध्यवर्ती (इंटरमीडियरीज) एक बार एआई लेबल या मेटाडेटा लगाए जाने के बाद उन्हें हटाने या छिपाने की अनुमति नहीं दे सकते।

## न्यूज ब्रीफ

### संप्रेषण गृह को दिया तीन किलोवाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कृभको फर्टिलाइजर्स लिमिटेड की ओर से सीएसआर योजना के तहत राजकीय संप्रेषण गृह पिपरौल को 3 किलोवाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र उपलब्ध कराया गया। वाइस प्रेसिडेंट वीके बांगर ने जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा को संयंत्र हस्तांतरित किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में विवेक मल्होत्रा, इंद्रमणि मिश्रा, आशीष जैन, एनएम त्रिपाठी और अधीक्षक सुधीर सक्सेना मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों को खिलाई दवा

**तिलहर, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग ने स्कूली बच्चों के पेट से जुड़े रोगों से बचाव के लिए विशेष अभियान चलाया। चिकित्सा अधीक्षक ओमेंद्र राठौर के निर्देश पर नगर क्षेत्र के स्कूलों में एल्बेंडाजोल की गोली बच्चों को खिलाई गई। बच्चों और शिक्षकों को बताया गया कि दवा खाली पेट न लें। अभियान में डॉ. नीलम शर्मा, डॉ. शिवांगी सक्सेना, डॉ. अनवर, डॉ. मानस, स्टाफ नर्स सरस्वती, सविता और काउंसलर उमाशंकर शामिल रहे।

### फाइलेरिया उन्मूलन के तहत लगाया शिविर

**कलान, अमृत विचार :** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कैंप लगाया गया। पूर्व प्रधान राम गोपाल वर्मा ने स्वयं दवा खाकर अभियान का शुभारंभ किया। प्रभारी डॉ. आर्येंद्र यादव ने बताया कि गर्भवती महिलाओं और अधिक बीमार लोगों को दवा नहीं दी जाएगी तथा दवा खाली पेट नहीं खानी है। अभियान के पहले दिन ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने दवा का सेवन किया।

### छेड़छाड़ के आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बंडा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि एक महिला ने 10 दिन पूर्व रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि एक व्यक्ति उसके मकान में गलत नीयत से घुस गया था। आरोप है कि उसने पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी भाग गया। पुलिस ने आरोपी रघुपाल निवासी बंडा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया।

# सीडीओ के निरीक्षण में आठ कर्मचारी मिले अनुपस्थित

## विकासखंड कार्यालय में गंदगी मिलने पर जताई नाराजगी, सफाई के निर्देश

**संवाददाता, सिंधौली**

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह सिनसिनवार ने विकासखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान हस्ताक्षर बनाकर गायब मिले आठ कर्मचारियों से जबाब-तलब के निर्देश दिए। परिसर में गंदगी और आवासों में बाहरी लोगों का निवास देखकर नाराजगी जताई।

मंगलवार की दोपहर सीडीओ आकस्मिक विकासखंड कार्यालय आ पहुंची। सीडीओ ने सबसे पहले परिसर में स्थित राजकीय कृषि इकाई का निरीक्षण किया। इसके बाद पशु चिकित्सालय पहुंची। सीडीओ को अस्पताल कर्मियों ने बताया कि गंगसरा के पशु चिकित्साधिकारी पर यहां का अतिरिक्त प्रभार है। रोस्टर के अनुसार सोमवार को नहीं आए पशु



विकासखंड कार्यालय और गोशाला का निरीक्षण करतीं मुख्य विकास अधिकारी।

चिकित्साधिकारी की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई। विकासखंड में बने आवासों के समीप एकत्र गंदगी देख सीडीओ का पारा हाई हो गया। अतिशीघ्र सफाई के निर्देश दिए। आवासों में रह रहे बाहरी लोगों से तत्काल आवास खाली कराने के निर्देश बीडीओ को दिए। परिसर में ट्राई साईकिल पर बैठे कस्बा निवासी दिव्यांग बंधुलाल से समस्या पूछने के बाद शौचालय उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद कार्यालय पहुंची सीडीओ ने उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया।

मौके से अनुपस्थित एडीओ कृषि, एडीओ आईएसबी, एडीओ सहकारिता व जेई लघु सिंचाई को लेकर नाराजगी जताई। बीडीओ द्वारा उक्त कर्मियों के क्षेत्र भ्रमण की जानकारी देने पर उन्होंने

- अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण तलब, व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिए निर्देश

भ्रमण पंजिका तलब की। पंजिका अपडेट न देखकर गायब कर्मियों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। मनरेगा सेल की उपस्थित पंजिका चेक करने के दौरान चार तकनीकी सहायक भी अनुपस्थित पाए गए।

सीडीओ ने एपीओ भूपराम से कर्मियों का स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। उड़ान कक्ष में अव्यवस्थित तरीके से रखे अभिलेख व अन्य सामग्री देख भी नाराजगी जताई। ब्लॉक का निरीक्षण करने के बाद सीडीओ नथुआपुर ग्राम पंचायत के गाँव पांता में स्थित बृहद गोशाला का निरीक्षण करने पहुंची। इस दौरान बीडीओ ओमप्रकाश तथा एडीओ पंचायत अनुराग शर्मा सहित एपीओ भूपराम आदि मौजूद रहे।

## बिजली का खंभा हटवाने को लेकर एसडीएम से शिकायत

**पुवायां, अमृत विचार :** तहसील पुवायां क्षेत्र से हाईटेंशन विद्युत लाइन को लेकर गंभीर शिकायत सामने आई है। गांव बिलसा निवासी शकुंतला पत्नी सुखदेव द्वारा उप जिलाधिकारी पुवायां को प्रार्थना पत्र देकर पशुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई है।

शिकायती पत्र में बताया गया है कि गांव बिलसा में उनके घर से गुजर रही बिजली की लाइन अत्यंत खतरनाक स्थिति में है, जिसमें बरसात में करंट आता है। पत्र के अनुसार लाइन से खतरा अधिक होने के कारण किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है, जिससे जान को खतरा बना हुआ है।

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व में भी इस स्थिति को लेकर आशंका जताई जा चुकी है, लेकिन अभी तक स्थायी समाधान नहीं किया गया। महिला ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित बिजली लाइन को नियमानुसार लगभग 105 फीट की सुरक्षित दूरी पर स्थानांतरित कराकर उसी की जगह में लगवा दिया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।

## गोमती तट पन्ना घाट पर हिंदू सम्मेलन आयोजित



सम्मेलन में प्रतिभाग करते साधु-संत। • अमृत विचार

**संवाददाता, पुवायां**

**अमृत विचार :** गोमती तट स्थित पन्ना घाट पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संत, सामाजिक कार्यकर्ता व समस्त हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि योगेश्वर महंत रहे। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघ चालक रवि व महिला प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ. संजू उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन मोहन ने किया। कार्यक्रम के संरक्षक राजीव सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता संजय त्रिपाठी ने की। व्यवस्था प्रमुख शंभू तथा विभाग प्रचारक प्रमुख नरेंद्र शुक्ला रहे। खंड कार्यवाह के रूप में उमांश मिश्रा की सहभागिता रही। इसके अलावा उदयराज, शोभित, वेद प्रकाश एवं नगर प्रचारक विश्वजीत की सक्रिय भूमिका रही। सम्मेलन में वक्ताओं ने हिंदू समाज की एकता, संगठन और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित और समाजहित के संकल्प के साथ किया गया।

# चीनी मिल में कर्मचारियों और सीसीओ के बीच हुआ विवाद

**संवाददाता, तिलहर**

**अमृत विचार :** दी किसान सहकारी चीनी मिल में मंगलवार दोपहर उस समय विवाद हो गया, जब कैजुअल कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर कार्य छोड़कर हड़ताल पर इकट्ठा होने लगे। कर्मचारियों के एकत्र होने से चीनी मिल बंद होने की कगार पर पहुंच गई, लेकिन प्रधान प्रबंधक शैलेंद्र अस्थाना और मुख्य गन्ना अधिकारी दमिनेश रॉय ने प्लांट में पहुंचकर अन्य कर्मचारियों को कार्य पर लगाकर मिल को बंद होने से बचा लिया।

इसी दौरान कैजुअल कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। अधिकारियों की ओर से कर्मचारियों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं बनी। कर्मचारियों का आरोप है कि प्रधान




प्रदर्शन करते चीनी मिल के कैजुअल कर्मचारी। • अमृत विचार

प्रबंधक से अपनी समस्याओं को लेकर मिलने के दौरान मुख्य गन्ना अधिकारी, सुरक्षा अधिकारी हरेंद्र सिंह और शेयर लिपिक गोविंद सिंह की ओर से गाली गलौज, धक्का-मुक्की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। साथ ही मुख्य गन्ना अधिकारी की ओर से जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। कर्मचारियों ने कहा कि यदि भविष्य में उनके साथ कोई अनहोनी होती है तो उसका उत्तरदायित्व प्रधान प्रबंधक और मुख्य गन्ना अधिकारी का होगा। कर्मचारियों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज चेक कराने की मांग की है। इसके बाद कर्मचारियों ने कोतवाली पहुंचकर

- मारपीट, गाली गलौज और जातिसूचक शब्दों के प्रयोग करने का आरोप, कार्रवाई की मांग

गेट पर प्रदर्शन किया और नाराजगी जताई। दूसरी ओर चीनी मिल प्रबंधन की ओर से भी पुलिस को तहरीर देकर जबरन मिल बंद कराने का प्रयास करने और अभद्रता करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस को दी गई तहरीर पर संजय सिंह, सौरभ, आदर्श, विनोद, नीरज, अनुराग, अखिलेश, जितेंद्र सिंह, मनीष कुमार, चिंटू, कुलदीप, बृजलाल, अजीत कुमार और सुनील सहित अन्य कर्मचारियों के हस्ताक्षर हैं। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने बताया कि विवाद के बाद दोनों पक्षों की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# फरीद अकादमी ने जीता फाइनल मैच

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** जीएफ कालेज मैदान पर मंगलवार को क्रांति कप क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। फरीद अकादमी ने शाहजहांपुर पुलिस को 23 रनों से हराकर मैच जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। फाइनल मैच का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फरीद क्रिकेट अकादमी ने 20 ओवर में एक विकेट होकर 207 रन बनाए। दीपांशु ने 108 रन, अभिनव ने 43 रन तथा आहद ने 40 रन बनाए। दूसरी पारी में पुलिस की टीम 184 रन बनाकर आल आउट हो गई। जिसमें रोहित ने 36 रन और नरेंद्र ने 24 रन बनाए। फरीद क्रिकेट



क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच जीतने पर फरीद अकादमी टीम को ट्रॉफी देते आयोजक।

अकादमी की ओर से प्रतीक राणा और मयंक शर्मा ने दो-दो विकेट लिए। मैच के अंपायर दिनेश शर्मा और रविंद्र सिंह थे। स्कोरिंग रिजवान ने और कमेंट्री पंकज तिवारी ने की। मैन ऑफ द मैच दीपांशु यादव तथा मैन ऑफ द सीरीज अभिनव रहे। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि सीओ सिटी पंकज पंत रहे। छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष गजेंद्र गंगवार, मनोज यादव, फरीद खान, सत्येंद्र मिश्रा, चंदू आदि उपस्थित रहे। अंत में टूर्नामेंट आयोजक मयूर खन्ना ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# महापौर ने किया फाइलेरिया एमडीए कार्यक्रम आरंभ

**संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जलीकोठी में महापौर अर्चना वर्मा ने जनपद में 10 से 28 फरवरी तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन के मासिक औषधि वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन दवा ग्रहण कर किया।

उन्होंने कहा कि फाइलेरिया रोग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आईडीए कार्यक्रम के तहत प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को प्रशिक्षित औषधि एल्बेंडाजोल एवं आइवरमेक्टिन की गोलियों का सेवन कराया जाएगा। ये औषधियां पूर्णतः सुरक्षित हैं। महापौर ने समस्त जनता से अपील की कि वर्ष 2027 तक इस बीमारी को समुदाय से समाप्त करने के लक्ष्य को साकार करने के लिए सभी व्यक्ति इनका सेवन करें।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी,

- 10 से 28 फरवरी तक चलाया जाएगा अभियान

नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी समेत अन्य उपस्थित लोगों ने भी औषधि का सेवन किया। सीएमओ डॉ. विवेक मिश्रा ने बताया कि दवाओं के सेवन से कुछ व्यक्तियों में हल्के प्रतिकूल प्रभाव हो सकते हैं, जो मुख्यतः माइक्रोफाइलेरिया प्रभावित व्यक्तियों या खाली पेट दवा लेने वालों में देखे जाते हैं। ये प्रभाव स्वतः ठीक हो जाते हैं। यदि ऐसा न हो, तो अभियान के लिए गठित आरआरटी टीम तुरंत उपचार प्रदान करेगी। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीपी श्रीवास्तव, नवीन सिंह, एसएमओ डॉ. आकांक्षा यादव, पीसीआई से अनीता सिंह, डीपीएम, डीसीपीएम समेत अन्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## जन-सुनवाई में किया दो समस्याओं का निस्तारण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई की गई। जिसमें साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता पूर्वक संज्ञान लेते हुये संबंधित विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। जन-सुनवाई में छह समस्याओं में से मौके पर दो समस्याओं का निस्तारण किया गया। शेष के निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान अपर नगर आयुक्त अजय कुमार त्रिपाठी, संयुक्त नगर आयुक्त श्रीमती संगीता कुमारी, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# विनोद बने बाथम वैश्य महासभा के अध्यक्ष

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** बाथम वैश्य महासभा की कटियाटोला स्थित संगठन के संरक्षक राजेश गुप्ता के आवास पर हुई महत्वपूर्ण बैठक में आगामी होली मिलन कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान विनोद सर्राफ को बाथम वैश्य महासभा का नया अध्यक्ष चुना गया।

बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह खिरनी बाग स्थित लाला रामचरण लाल धर्मशाला में हर्षोल्लास एवं पारंपरिक तरीके से आयोजित किया जाएगा। इस दौरान मनोज गुप्ता ने अपना कार्यकाल पूर्ण होने की जानकारी देते हुए नए अध्यक्ष के चयन का प्रस्ताव रखा। जिस पर बैठक में उपस्थित कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एवं बाथम वैश्य समाज के सक्रिय सदस्य रजनीश



विनोद गुप्ता सर्राफ का माल्यार्पण कर स्वागत करते अन्य पदाधिकारी व सदस्य।

- संगठन को और अधिक सशक्त एवं संगठित बनाने का संकल्प लिया

गुप्ता 'मुन्ना' ने संगठन के वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य व जीडी गोयनका स्कूल के चेयरमैन विनोद सर्राफ के नाम का प्रस्ताव रखा। जिस पर सर्वसम्मति से मुहर लगाते हुए विनोद सर्राफ को बाथम वैश्य महासभा का नया अध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष विनोद गुप्ता सर्राफ का महामंत्री नवीन गुप्ता, राजीव गुप्ता, पार्षद मनीष गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं संगठन की मातृशक्ति ज्योति गुप्ता, रजनी गुप्ता एवं शशि गुप्ता ने पुष्पगुच्छ भेंट कर नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बधाई दी। इस अवसर पर सभी ने संगठन को और अधिक सशक्त एवं संगठित बनाने का संकल्प लिया। अंत में संगठन के संरक्षक राजेश गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।

## एक दिवसीय शिविर में स्वच्छता और पर्यावरण का दिया संदेश

**संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से सत्र 2025-26 के अंतर्गत प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता उत्पन्न करना रहा। शिविर का आरंभ प्रातः 11:30 बजे एनएसएस कार्यालय के समीप हुआ।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरुण कुमार यादव ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण न केवल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि समाज के सतत विकास के लिए भी अनिवार्य हैं। शिविर के दौरान महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने साफ-सफाई के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के लिए स्लोगन और संदेश प्रस्तुत किए। शिविर की प्रमुख गतिविधियों में कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र अभियान और वृक्षारोपण शामिल रहा। छात्रों ने पर्यावरण को स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है और हरियाली है जीवन का आधार जैसे उदघोषों के माध्यम से संदेश दिया। समापन अवसर पर डॉ. अरुण कुमार यादव ने स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर युवाओं को सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति जागरूक बनाते हैं। इस अवसर पर प्रो. शालीन कुमार सिंह, डॉ. आलोक कुमार सिंह, डॉ. शिशिर शुक्ला, सुजीत कुमार, डॉ. अर्चना गर्ग, डॉ. नीलू कुमार सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# बकाया मानदेय को लेकर आशा कार्यकत्रियों ने किया प्रदर्शन

- फाइलेरिया अभियान के बहिष्कार की चेतावनी, दो घंटे तक की नारेबाजी

**संवाददाता, जैतीपुर**

**अमृत विचार :** क्षेत्र की आशा कार्यकत्रियों ने मंगलवार दोपहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। बकाया मानदेय समेत अन्य समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर करीब 100 से अधिक आशा कार्यकत्रियों ने दो घंटे से अधिक समय तक सीएचसी परिसर में नारेबाजी की।

आशा कार्यकत्रियों ने चेतावनी दी कि यदि बकाया मानदेय का भुगतान और समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो वे फाइलेरिया अभियान कार्यक्रम का बहिष्कार करेंगी। सीएचसी प्रभारी की अनुपस्थिति में कार्यकत्रियों




स्वास्थ्य केंद्र पर बकाया मानदेय की मांग को लेकर प्रदर्शन करतीं आशा कार्यकत्रियां।

की ओर से डॉ. फैज चिश्ती को प्रार्थना पत्र सौंपा गया। इसके बाद सभी आशा कार्यकत्रियां पैदल नारेबाजी करते हुए ब्लॉक मुख्यालय पहुंचीं, जहां खंड विकास अधिकारी मनीष दत्त को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यकत्रियों ने बताया कि उन्हें पिछले छह माह से मानदेय नहीं मिला है, जिससे आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आशा कार्यकत्रियों ने बताया कि वे आयुष्मान कार्ड, पल्स पोलियो, फाइलेरिया अभियान और कुष्ठ रोग जैसी सरकारी योजनाओं में लगातार मेहनत से कार्य कर रही हैं, इसके बावजूद उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान पूनम सिंह, सुनीता देवी, कमलेश रानी देवी, लक्ष्मी देवी, विनीता, रिंकी देवी, चेतना देवी, मिथिलेश, राजकुमारी और रानी मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में आशा कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

### मांगों को लेकर सीएचसी पुवायां पर दिया धरना

**पुवायां, अमृत विचार :** कई माह से लंबित भुगतान को लेकर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां में कार्यरत आशा कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। धरना प्रदर्शन कर स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने सीएचसी प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र भुगतान की मांग की। आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा उनसे विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के अंतर्गत लगातार कार्य कराया जाता है, लेकिन बीते कई माह से उनके द्वारा किए गए कार्यों का भुगतान नहीं किया गया है। भुगतान न मिलने के कारण उन्हें परिवार का भरण-पोषण करने में गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि जब तक उनका बकाया भुगतान उनके खातों में नहीं पहुंच जाता, तब तक वे धरना जारी रखेंगी और कार्य पर वापस नहीं लौटेंगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरने के दौरान नारेबाजी करते हुए मानदेय भी बढ़ाए जाने की मांग की है। धरने में प्रमुख रूप से कौसर परवीन, पूनम शुक्ला, ईश्वरवती, वीना, सरिता, सोना, ममता, पिंकी सिंह, रूपेंद्र कौर, सत्यवती, रेनू, मनोरमा सहित अन्य बड़ी संख्या में आशा बहुएं मौजूद रहीं।

# पॉली हाउस को अपनाने में दिखाई रुचि

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** उद्यान विभाग की ओर से कृषक प्रशिक्षण के दूसरे दिन आठ कृषकों के समूह को अमरीक सिंह के पॉली हाउस का भ्रमण कराया।

कृषकों को कृषि विज्ञान केन्द्र, नियामतपुर के वैज्ञानिक उद्यान विशेषज्ञ डॉ महेश कुमार ने पॉली हाउस के अन्दर यूरोपियन खीरे की खेती दिखाई। बताया कि पॉली हाउस के अन्दर किसान बेमौसमी खीरा, फूल, रंगीन शिमला मिर्च आदि की खेती करके अच्छा लाभ प्राप्त कर सकते है।

कृषकों को बताया कि पॉली हाउस खेती की वह नवीन विधा है, जिसमें किसान कम क्षेत्रफल में खेती करके अधिक मुनाफा प्राप्त कर सकते है। पॉली हाउस एक पारदर्शी प्लास्टिक से बनी संरचना है, जो फसलों को प्रतिकूल मौसम, कीड़ों और बीमारियों से बचाती है। पॉली हाउस



ग्राम बिहारीपुर में अमरीक सिंह के पॉली हाउस का भ्रमण करते किसान।

- आठ कृषकों के समूह को अमरीक के पॉली हाउस का कराया भ्रमण

की स्थापना से तेज धूप, बारिश और हवा से बचाव के साथ-साथ संसाधन की बचत पर भी प्रकाश डाला गया। कृषकों ने पॉली हाउस को अपनाने में काफी अधिक रूचि दिखाई। तत्पश्चात कृषकों ने प्रगतिशील कृषक अमरीश कुमार एवं सत्य प्रकाश, ग्राम रसेवन, विकास खण्ड जैतीपुर के जरिए लो-टनल ड्रिप इरीगेशन के साथ की जा रही लौकी, कद्दू, खीरे की खेती को देखा। कृषकों ने खेती की इस पद्धति को काफी सराहा। अनिल कुमार ने बताया कि पॉली हाउस की स्थापना पर 50 प्रतिशत अनुदान देय है। कृषक 500 से 4000 वर्ग मीटर तक के पॉली हाउस की स्थापना कर सकते हैं। भ्रमण के दौरान राकेश कुमार व पूरन लाल यादव आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### होली को शांति और भाईचारे से मनाने की अपील

कलान, अमृत विचार : आगामी होली पर्व को लेकर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। एसपी ग्रामीण दीक्षा भबरे ने कहा कि त्योहार शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था के साथ मनाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि हुड़दंग, शराब पीकर उत्पात, जबरन रंग डालने और सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। थाना प्रभारी शिवदीन वर्मा ने अनावश्यक बाहर न निकलने, अफवाहों से बचने और बच्चों को दोपहिया वाहन न चलाने की अपील की।

### किशोरी से की अश्लील हरकत, तीन पर रिपोर्ट

तिलहर, अमृत विचार : दावत खाकर घर लौट रही किशोरी को अंधेरी गली में खींचकर अश्लील हरकत करने, परिजनों के पहुंचने पर मारपीट और जातिसूचक गालियां देने के मामले में कोतवाली पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित पिता के अनुसार 30 जनवरी की रात करीब साढ़े 9 बजे बेटी गांव सरोवर नगर से लौट रही थी। इस दौरान सुभाष, मनोज और अनूप पुत्र नन्नकाई लाल ने रास्ता रोक लिया। बेटी के शोर मचाने पर चाचा और ताऊ पहुंचे तो आरोपी तमंचा और लाठी लेकर धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने छेड़खानी, मारपीट और एससीएसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

# खाई में पलटी बस, 15 से अधिक यात्री चोटिल

## चालक को झपकी आने पर खुटार-पूरनपुर रोड पर हुआ हादसा

संवाददाता, खुटार



खाई से बस को निकाली क्रेन। ● अमृत विचार

- बस में दबे यात्रियों को बमुश्किल निकाला बाहर, चालक फरार
- क्षमता से ज्यादा बस में सवार थे 120 यात्री, परिचालक पर रिपोर्ट

अमृत विचार : पंजाब के जालंधर से बहराइच जा रही यात्रियों से भरी प्राइवेट डबल डेकर बस खुटार-पूरनपुर रोड नवदिया मंकंठ मोड़ के समीप खाई में पलट गई। हादसे के बाद चालक व परिचालक फरार हो गए। चीख पुकार सुनकर लोग दौड़ कर पहुंच गए और बस के नीचे, अंदर फंसे यात्रियों को बचाया। घायलों को एंबुलेंस से खुटार सीएचसी भेजा गया। यात्रियों के अनुसार, चालक तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था और अचानक उसे नींद की झपकी आ गई और हादसा हो गया। बहराइच के अशोक मिश्रा की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। बस को कब्जे में लेकर थाने खड़ा करा लिया गया है।

हादसा मंगलवार सुबह छह बजे हुआ। सोमवार रात को विजय बस सर्विस के नाम की एक डबल डेकर बस यात्रियों को लेकर पंजाब से यूपी के जिला बहराइच को निकली थी। बस में क्षमता से अधिक यात्री सवार थे। मंगलवार सुबह छह बजे खुटार-पूरनपुर रोड पर नवदिया मनकंठ मोड़ के पास चालक की आंख लग गई और बस अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खाई में जाकर पलट गई। बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। शोर सुनकर पड़ोस में रहने वाले लोग मौके पर पहुंच गए और यूपी 112 डायल पुलिस, थाने की पुलिस को सूचना देने के साथ ही फायर ब्रिगेड व 108 एंबुलेंस कर्मी घटनास्थल पर पहुंच गए।

यहां बस में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में जनपद बहराइच के खैरी घाट लखोना निवासी अवधेश मिश्रा (25), रामपुरवा निवासी बबलू (45), संजू पत्नी दुखीराम (35), मनिहारान पुरवा निवासी मनोज (30), महाराजगंज हल्दी निवासी श्यामू (17), लखीमपुर खीरी जनपद के थाना ईसानगर निवासी शिवलोक मिश्र (25), कटौली निवासी ओमप्रकाश (16), बोधीकलां थाना मझिगई निवासी मेलाराम (22), लखपेड़ागंज निवासी पप्पू (35), बहराइच के गांव मड़िया मुनुपूर्वा निवासी रेखा देवी (35), हिमांशु (16) समेत करीब पंद्रह यात्री चोटिल हो गए और अन्य यात्रियों के शरीर में अंदरूनी चोटें आई है। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर गौरव सक्सेना ने बताया कि छह लोगों को घायल अवस्था में अस्पताल लाया गया था, जो मामूली घायल थे। उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। उधर, कुछ यात्रियों ने निजी अस्पताल में पहुंच कर अपना इलाज कराया।

महिलाएं, बच्चों और पुरूष को मिलाकर 120 के करीब यात्रियों की संख्या की आशंका बताई गई। खुटार थानाध्यक्ष श्यामवीर सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। बस को को उठवाकर कब्जे में लिया गया है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



घटना के बाद अपना सामान उठाते यात्री। ● अमृत विचार

### हादसे के बाद हाइवे पर लगा जाम

बस खाई में पलट जाने के बाद सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी जाम लग गई। इससे आवागमन बाधित हो गया। पुलिस ने क्रेन और जेसीबी मशीन से पलटी बस को सीधा कराया। बाद में एक-एक करके वाहनों को पास कराया। करीब चार घंटे पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बाद में आवागमन सुचारू रूप से हो सका।

### यात्रियों को उठानी पड़ी परेशानी

हादसे के बाद चोटिल यात्रियों ने परिजनों को सूचना दी। साथ ही अधिक सामान होने के चलते यात्रियों को वाहन के लिए परेशान होना पड़ा। लेकिन पुलिस-प्रशासन की ओर से यात्रियों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। बड़ी मुश्किल से यात्रियों को वाहन करके घर लौट सके। महिलाओं को बच्चों को लेकर परेशानी उठानी पड़ी।

# दुर्घटनाओं में किसान समेत तीन लोगों की मौत

- रोजा, कांट और बंडा क्षेत्र में हुए सड़क हादसे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/रोजा

अमृत विचार : जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए और घायलों को मेडिकल कालेज में लाया गया। जहां तीनों की अलग-अलग समय मौत हो गई। कांट, बंडा और रोजा क्षेत्र में हादसा हुआ था।

थाना क्षेत्र के गांव सिसौआ निवासी 30 वर्षीय गुड्डू दो दिन पूर्व अपनी ससुराल गुर्री गए थे। वह शाम सात बजे अपनी ससुराल से अपने गांव गुर्री वापस जा रहे थे। सीतापुर हाईवे पर गुर्री अड्डे के निकट सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने उनको टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। चालक वाहन लेकर भाग गया। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को मेडिकल कालेज भेज दिया। इधर परिवार वाले मेडिकल कालेज पहुंच गए। डाक्टर ने घायल को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के भाई अफजल ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### घायल ने अस्पताल में तोड़ा दम

कांट : थाना क्षेत्र के गांव जमुनिया निवासी 44 वर्षीय आनंद स्वरूप सोमवार की रात साढ़े 9 बजे अपने घर से पैदल खेत पर जा रहे थे। जमुनिया दौलतपुर तिराहे पर सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने उनको टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। गांव के प्रधान मनोज कुमार ने कांट थाना पर सूचना दी। घायल आनंद स्वरूप को एंबुलेस से जिला अस्पताल भेज दिया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। कांट प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### नवापुर गांव के पास वाहन ने मारी टक्कर

बंडा : थाना क्षेत्र के गांव कढ़ेर चौरा निवासी 26 वर्षीय अरुण कुमार रविवार की देर रात मौसी की शादी में बाइक से लौट रहे थे। नवापुर गांव के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। चालक वाहन लेकर भाग गया। सूचना मिलने पर परिवार वाले मौके पर पहुंचे और घायल को सीएचसी पर लेकर आए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अरुण खेतीबाड़ी करते थे।

# गोरक्षा दल ने गोवंशों को कराया रेस्क्यू

- झुलसी अवस्था में सड़क किनारे घूम रहे थे दर्जनों गोवंश
- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

संवाददाता, पुवायां



गोवंशीय पशु को ले जाते गोरक्षा दल के सदस्य। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नगर से सटे गांव कुंवरपुर के पास कई दिनों से झुलसी अवस्था में घूम रहे गोवंश का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। गोवंश की दुर्दशा को देखते हुए गोरक्षा दल के सदस्यों ने रेस्क्यू कराया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

शाहजहांपुर रोड हाइवे किनारे गांव कुंवरपुर के पास दो दिन पहले गांव सुनारा खुर्द निवासी आदेश शर्मा ने कई गोवंशों को झुलसी अवस्था में देखा था। मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की गई थी। इसके बाद उप जिलाधिकारी चित्रा निर्वाल ने खंड विकास अधिकारी को गोवंशों के उपचार के निर्देश दिए थे। इस घटना के तीसरे दिन एक बार फिर मामला उस समय गर्म हो गया जब गोरक्षा दल के लोग मौके पर पहुंचे। गोरक्षा दल के सदस्यों ने गोवंशों का रेस्क्यू करते हुए चेतावनी दी कि यदि पुलिस और प्रशासन द्वारा दोषियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो वे सड़क जाम करने को मजबूर होंगे। पुलिस के अनुसार इस मामले में अज्ञात युवक के खिलाफ गन्ने का गर्म रस डालकर गोवंशों को जलाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इस दौरान गोरक्षा दल से अंशुल यादव, अमन, निहाल, करन, कृष्णा और बदायूं से रोहित सैनी, निखिल, प्रदीप व अमन रहे। हालांकि इस कार्रवाई को लेकर कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं। यदि पुलिस के अनुसार गोवंशों को गन्ने के गर्म रस से जलाया गया है, तो यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि यह कृत्य किसने किया।

## ट्रक में क्रूरता पूर्वक भरी 29 भैंसें बरामद

तिलहर, अमृत विचार : क्रूरता पूर्वक 29 भैंसों को ट्रक में भरकर ले जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष विपिन त्रिपाठी की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार 10 फरवरी को संगठन की तिलहर टीम से सूचना मिलने पर वह हाईवे स्थित सरऊ पुलिया के पास पहुंचे जहां ट्रक पकड़ा गया। ट्रक में भरी भैंसों की हालत बेहद दयनीय थी और पशु परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज वाहन चालक के पास मौजूद नहीं मिला। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर कार्रवाई की। इस मामले में गुलफाम गुलाठी निवासी मोहल्ला रसूलपुर थाना स्वार जिला रामपुर और दानिश पुत्र अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सिल्हुआ में तेंदुआ ने गोवंश को बनाया निवाला

संवाददाता, खुटार



सूचना पर पहुंचे ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित। ● अमृत विचार

अमृत विचार : क्षेत्र के गांव सिल्हुआ किनारे खाली पड़ी बंजर भूमि के पास रवि दीक्षित का खेत है। मंगलवार सुबह रवि के खेत में खड़ी गेहूं की फसल में गांव के गुड्डू बाजपेई पानी लगाने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने देखा कि एक गोवंश का आधा खाया शव पड़ा था और उसके पीछे के हिस्से को कोई जंगली जानवर खा चुका था।

इस पर गुड्डू ने पास जाकर देखा तो उन्हें तेंदुआ के पैरों के निशान दिखे। गुड्डू ने मामले की जानकारी गांव में रहने वाले अन्य लोगों को दी। जानकारी होते ही ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित, बाबू दीक्षित, मुनीश राठौर, रवि दीक्षित, रामप्रवेश, दाताराम सक्सेना आदि तमाम लोग मौके पर पहुंच गए और उन्होंने पास में खड़े गन्ने के खेत में जाकर देखा। जहां पर तेंदुआ के पैरों के निशान बने हुए थे। इसके बाद ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित ने तुरंत ही मामले की जानकारी डीएफओ को दी। जिस पर उन्होंने तत्काल वन क्षेत्र अधिकारी मनोज श्रीवास्तव को मौके पर टीम भेजने के निर्देश दिए। दोपहर बाद 4:30 बजे के करीब वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। इसके बाद वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को सतर्क रहने और खेतों की और अकेले ना जाने की अपील की। इसके साथ ही गोवंश के शव को दफन कर दिया।

# दो कारों की भिड़ंत में नौ घायल, सीएचसी में भर्ती

संवाददाता, खुटार

अमृत विचार : क्षेत्र के गांव हरनाई के रहने वाले आयुष गुप्ता कार से साथी अनुपम, अरविंद कुमार और ओम गुप्ता के साथ खुटार जा रहे थे। रात करीब 8 बजे जब वह खुटार मैलानी रोड पर बाबा चौराहा से कुछ आगे पहुंचे तभी खुटार की ओर से जा रही एक कार से उनकी कार टकरा गई। इससे कार में सवार अरविंद कुमार, ओम गुप्ता पुत्र अकुंश, आयुष गुप्ता पुत्र अनुज गुप्ता व अनुपम पुत्र सुनील शर्मा निवासी हरनाई घायल हो गए। इसके साथ ही दूसरी कार में सवार थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव सोंधा पजावा निवासी भूपेंद्र कुमार पुत्र डालचंद्र, हथोड़ा शाहजहांपुर निवासी अहम पुत्र विमल, करन पुत्र अजय निवासी नंदापुर थाना मोहम्मदी लखीमपुर, हथोड़ा शाहजहांपुर निवासी विमल, सलनहा गांव निवासी अवनीश कुमार कार चालक आदि घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पहुंचाया। एक घंटे तक सभी घायल अस्पताल में तड़पते पड़े रहे। रात्रि ड्यूटी में तैनात डॉक्टर को कई बार फोन से सूचना दी गई, लेकिन वह अस्पताल नहीं पहुंचे। इससे घायलों के परिजनों में डॉक्टर के प्रति काफी रोष व्याप्त हुआ। परिजनों का कहना था कि डॉक्टर की शिकायत उच्च अधिकारियों से भी करेंगे।

# शिकायतों के निस्तारण में जिला प्रदेश में आया प्रथम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आईजीआरएस रैंकिंग : शिकायतों के निस्तारण में 125 अंक में पूरे अंक मिले

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में जिले ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में पहला स्थान पर प्राप्त किया है। जिले के 23 थानों ने शत-प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण किया है। शासन से समीक्षा के बाद रैंकिंग जारी की गई है।

आईजीआरएस, जनसुवाई-समाधान पोर्टल राज्य सरकार की ओर से आमजन की समस्याओं के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी के निस्तारण के लिए विकसित किया गया। मुख्यमंत्री स्वयं हर महीने सभी जिलों की समीक्षा कर जनपदवार रैंकिंग जारी करते है, जिससे जनसुनवाई को और प्रभावी बनाया जा सकता है। एसपी राजेश द्विवेदी के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी एएसपी के निर्देशन में आईजीआरएस प्रणाली को अत्यधिक सक्रिय बनाया गया है। माह जनवरी 26 में आईजीआरएस पोर्टल पर कुल 2398 शिकायतें प्राप्त हुई। टीम ने अथक परिश्रम करके सभी शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण किया है। प्रदेश में जिले को 125 में 125 अंग प्राप्त हुए है। एसपी राजेश द्विवेदी ने कहा कि जनसुवाई व्यवस्था हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। लगातार दूसरी बार प्रदेश स्तर पर जिले ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी पुलिसिंग को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

# लाट साहब जुलूस मार्ग का किया निरीक्षण

- जिला अधिकारी और एसपी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा
- बिजली के लटके तार, गड्ढे और अवरोध हटाने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



लाट साहब जुलूस मार्ग का पैदल निरीक्षण करते जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक, साथ में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी।

अमृत विचार : होली पर्व के दौरान निकाले जाने वाले लाट साहब के जुलूस को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की ओर से पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के साथ नगर क्षेत्र में जुलूस मार्ग का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शहर कोतवाली से चार खंबा चौराहा होते हुए केरूगंज चौराहा तक जुलूस मार्ग का पैदल मार्च कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, नगर मजिस्ट्रेट पर्वेंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक नगर एवं ग्रामीण, संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारी, लाट साहब जुलूस के आयोजक और क्षेत्र के नागरिक मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने जुलूस मार्ग पर विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए ढीले और लटके तारों को तत्काल ठीक कराने, ट्रांसफार्मरों को सुरक्षित रूप से ढकने, मार्ग में अवरोध उत्पन्न कर रही अस्थायी और स्थायी बाधाओं को हटाने तथा सड़क पर मौजूद गड्ढों को भरने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त बैरिकेडिंग, वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और जुलूस मार्ग पर समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय नागरिकों और जुलूस आयोजकों से संवाद कर शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी त्योहारों को सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ समय से व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।




सीकेवाईसी आईडी: केवाईसी संबंधी आपकी सभी ज़रूरतों को पूरा करने वाली एकमात्र चाबी

सीकेवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री द्वारा जारी की जाने वाली 14-डिजिट की विशिष्ट सीकेवाईसी आईडी

यह कैसे काम करता है?

- केवाईसी जानकारी अपने बैंक में जमा करें।
- बैंक केवाईसी जानकारी केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री पर अपलोड करता है।
- इसे सभी बैंकों और वित्तीय संस्थाओं द्वारा इस्तेमाल किया जा सकता है।

अपनी सीकेवाईसी आईडी को जानें।

मिस्ड कॉल: 7799022129 या

ऑनलाइन: www.ckycindia.in

प्रमुख फायदे

- विभिन्न बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं में आसानी से खाता खोलें।
- केवाईसी अपडेट करना हुआ आसान: एक बैंक में अपडेट की गई केवाईसी आपके अन्य सभी बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं में अपडेट हो जाती है सीकेवाईसी के ज़रिए।

आसान। सुरक्षित। मानकीकृत।

क्यूआर कोड स्कैन करें।

अधिक जानकारी के लिए देखें https://rbikehtahai.rbi.org.in अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर भेजें।

आधिकारिक व्हॉट्सऐप नं. 99990 41935 / 99309 91935




जनहित में जारी

भारतीय रिज़र्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA

www.rbi.org.in

## न्यूज ब्रीफ

### मकान से नगदी समेत लाखों के जेवर चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बंडा थाना क्षेत्र के मोहल्ला मुरादपुर निवासी गुलजार अली सोमवार की रात में परिवार में साथ मकान में सो रहे थे। चोर दीवार फांदकर उसके मकान में घुस आए। चोरों ने बक्से का ताला तोड़ दिया। चोर बक्से में रखे में दो लाख रुपये और जेवर चोरी करके ले गए। उनको मंगलवार की सुबह चोरी की जानकारी हुई। पुलिस ने कैमरे चेक किए तो एक युवक दिखायी दे रहा है। युवक सुबह चार बजे हाथ में चप्पले और बैग पकड़कर जा रहा है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटना का शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

### कांग्रेस की मनरेगा बचाओ पदयात्रा 13 को

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांग्रेस की मनरेगा बचाओ पदयात्रा 13 फरवरी को अपराह्न 02 :30 बजे कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल से प्रारंभ होगी। यह जानकारी महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खां ने देते हए बताया कि पदयात्रा स्टेट बैंक रोड, सदर बाजार, बहादुरगंज, मशीनरी मार्केट, घंटाघर, आंख वाला अस्पताल, कच्चा कटरा, छोटा चौक, बड़ा चौक, चार खंभा, अब्दुल्लागंज, राजघाट गांधी पार्क में समापन होगा। उन्होंने जिला/महानगर कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों, समस्त फ्रंटल विभाग, प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों से पदयात्रा को सफल बनाने की अपील की है।

### होली को लेकर पीस कमेटी की बैठक

**परौर, अमृत विचार :** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से थाना परौर परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भवरे की ओर से की गई, जबकि नवागत थानाध्यक्ष रामेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे। बैठक में थाना परौर के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी और क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक शामिल हुए। बैठक के दौरान उपस्थित लोगों से होली पर्व को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की गई। नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध या असामाजिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया गया। पुलिस अधिकारियों की ओर से डीजे की निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन, जुलूस मार्गों की मर्यादा बनाए रखने, रंग-गुलाल में संयम बरतने, जबरन रंग लगाने जैसी घटनाओं से परहेज करने और संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता रखने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान ईमाम, फुरकान खान, राकेश कुमार, राजेश कुमार, सत्यवीर सिंह, शमशाद, रहीम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बसंत उत्सव 2026 से गूंजेगी आध्यात्मिक चेतना

## 12 फरवरी से 2 मार्च तक पांच चरणों में किया जाएगा आयोजन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



शहर के होटल में प्रेस वार्ता में बसंत उत्सव 2026की जानकारी देते माधोगोपाल अग्रवाल।

**अमृत विचार :** श्री रामचन्द्र मिशन आश्रम की 50 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा के पूर्ण होने पर मिशन के अध्यक्ष कमलेश डी पटेल के मार्गदर्शन में स्वर्ण जयंती समारोह बसंत उत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शहर के एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में शहर के प्रमुख उद्योगपति और श्री रामचन्द्र मिशन के प्रशिक्षक माधोगोपाल अग्रवाल ने मीडिया से बातचीत के दौरान यह जानकारी दी। बताया कि यह स्थापना मात्र एक संस्था का जन्म नहीं था, बल्कि मानव हृदय को आत्मबोध की ओर ले जाने वाला एक आध्यात्मिक आंदोलन था।

जिसने निरंतर विस्तार पाया और आज विश्व के 164 देशों में श्री रामचन्द्र मिशन के केंद्र हैं। श्री रामचन्द्र मिशन के अध्यक्ष और पूज्य गुरुदेव कमलेश डी पटेल के सानिध्य और मार्गदर्शन में स्वर्ण जयंती समारोह बसंत उत्सव 2026 का आयोजन श्री रामचन्द्र मिशन आश्रम में 12 फरवरी से 2 मार्च तक पांच चरणों में किया जाएगा। मिशन के उत्तर प्रदेश प्रभारी अनुपम अग्रवाल ने बताया कि पहला चरण 12 फरवरी से 14 फरवरी, दूसरा चरण 16 फरवरी से 18 फरवरी, तीसरा चरण 20 फरवरी से 22 फरवरी, चौथा चरण 24 फरवरी से 26 फरवरी और पांचवां चरण 28 फरवरी से 2 मार्च तक चलेगा। वार्ता के दौरान मिशन के संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल, जोन प्रभारी सौमिंद्र त्यागी, मीडिया प्रभारी सुयश सिन्हा मौजूद रहे।

### 30 हजार लोगों के यहां पहुंचने की संभावना

20 दिनों तक चलने वाले इस आध्यात्मिक महाकुंभ में लगभग 25 से 30 हजार लोगों के यहां पहुंचने की संभावना है। बाहर से आने वाले अभ्यासियों के ठहरने की व्यवस्था आश्रम परिसर और विभिन्न होटलों और गेस्ट हाउस में की गई है। सभी अभ्यासियों के भोजन की व्यवस्था आश्रम परिसर में रहेगी। उन्होंने बताया कि बाहर से आने वाले अभ्यासियों के लिए रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन से आश्रम लाने और वापस पहुंचाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई है। 24 घंटे मिशन के स्वयंसेवक रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन पर मौजूद रहेंगे। साथ ही लखनऊ हवाई अड्डा, दिल्ली हवाई अड्डा, लखनऊ रेलवे स्टेशन पर भी किसी अभ्यासी को असुविधा न हो, इसके लिए मिशन के स्वयंसेवक मौजूद रहेंगे।

### लोडर ई-रिक्शा में डीसीएम ने मारी टक्कर

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** हरदोई बाईपास से मकान निर्माण के लिए बजरी लेकर लौट रहे लोडर ई-रिक्शा में पीछे से आ रही डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि चालक बाल-बाल बच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीछा कर डीसीएम चालक को पकड़ लिया।

लखनऊ-पलिया नेशनल हाईवे मार्ग पर गांव देवकली निवासी समन लाल अपने लोडर ई-रिक्शा में बाईपास से बजरी लेकर वापस लौट रहे थे। रास्ते में गांव जलालपुर के पास पीछे से आई डीसीएम ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी, जिससे रिक्शा क्षतिग्रस्त होकर सड़क से दूर जा गिरा। हादसे में चालक समन लाल सुरक्षित बच गया। टक्कर के बाद डीसीएम चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना ग्रामीणों की ओर से डायल 112 पर दी गई। सूचना मिलते ही पीआरवी वाहन ने पीछा शुरू किया। डीसीएम चालक निर्माणधीन बाईपास रोड की ओर भागने लगा, जिसे थाना पुलिस ने रौरा गांव जाने वाले संपर्क मार्ग पर बने ओवरब्रिज के पास रोककर चालक सहित कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि पीड़ित ई-रिक्शा चालक की तहरीर मिलने पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी।

# तीन परीक्षा केंद्रों पर 365 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **मदरसा बोर्ड : पहली पाली में 59.88 और दूसरी पाली में 82.49 प्रतिशत छात्र रहे उपस्थित**

**अमृत विचार :** मंगलवार को मदरसा बोर्ड की परीक्षा में दूसरे दिन तीनों केंद्रों पर कुल 365 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बताते हैं कि परीक्षाकेंद्र अत्याधिक दूर बना देने के कारण परीक्षार्थी केंद्रों पर परीक्षा देने नहीं पहुंचे। इस बार छात्रों के परीक्षा केंद्र 80 से 90 किमी दूर बना दिए गए। जिससे छात्रों का परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना मुश्किल हो गया। सचल दल प्रभारी केएम शर्मा ने टीम के साथ दोनों पालियों में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

दूसरे दिन प्रथम पाली में मुंशी / मौलवी (सेकेण्डरी) के कुल 815 नामांकित छात्रों में से 327 ने परीक्षा छोड़ दी। जबकि 488 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं, द्वितीय पाली में आलिम (सीनियर सेकेण्डरी) में कुल पंजीकृत 217 परीक्षार्थियों में से 179 ने परीक्षा दी। जबकि 38 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

डीआईओएस कार्यालय के वक्फ निरीक्षक / सचल दल प्रभारी केएम शर्मा ने सुबह की पहली पाली में तिलहर के आरबीएम इंटर कालेज में और दूसरी पाली में शहर के नेशनल गर्ल्स इंटर कालेज अली जई और एजेड खान इंटर कालेज जलालनगर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा पूरी तरह से सीसीटीवी कैमरों की सख्त निगरानी में हो रही है। छात्रों की कम संख्या होने के बारे में उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र काफी दूर बना दिए, जाने के कारण छात्र परीक्षा देने नहीं पहुंच रहे हैं। एजेड खान इंटर कालेज के प्रधानाचार्य केंद्र व्यवस्थापक अहसन जलील ने बताया कि मदरसा परीक्षा बोर्ड के नियमों के अनुसार कराई जा रही है। उनके केंद्र पर पहली पाली में 167 ने परीक्षा दी। जबकि 115 छात्र अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 85 छात्रों ने परीक्षा दी और 9 छात्र अनुपस्थित रहे। सचल दल में जिला अल्पसंख्यक कार्यालय के इलियास खां, मान्यता प्राप्त मदरसे की करीमा नाज और रफत नाज शामिल रहीं। डीएमओ रोहित कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को पहली पाली में 59.88 प्रतिशत छात्र उपस्थित रहे। जबकि 40.12 प्रतिशत छात्र अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 82.49 प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति और 17.51 प्रतिशत की गैर हाजिरी रही।

### अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना परिसर में छोटे लाट साहब के जुलूस को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। एएसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा ने कहा कि छोटे लाट साहब के जुलूस के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाएगी तथा किसी भी प्रकार की अफवाह, आपत्तिजनक नारेबाजी या अव्यवस्था को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी आयोजकों एवं समिति सदस्यों से प्रशासन व पुलिस का पूर्ण सहयोग करने तथा किसी भी समस्या या सूचना को तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया।

प्रशासनिक अधिकारियों ने भी सभी से कानून-व्यवस्था बनाए रखने, सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं से बचने व पर्व को आपसी प्रेम, सौहार्द और शांति के साथ मनाने की अपील की गई। इस दौरान छोटे लाट साहब के निर्धारित मार्ग, जुलूस के समय, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, बिजली सुरक्षा व्यवस्था, ध्वनिविस्तारक के यंत्रों के नियमन तथा संवेदन शील स्थानों पर चर्चा की गयी। पीस कमेटी की बैठक में सीओ सिटी, सीओ सदर, थाना प्रभारी संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

# डीएम ने एआई के जिम्मेदार उपयोग पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **कलेक्ट्रेट में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला का किया आयोजन**
- **साइबर ठगी होने पर 1930 हेल्पलाइन व पोर्टल पर शिकायत की सलाह**



कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह व अन्य।

**अमृत विचार :** सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ज्वाय शुक्ला ने पीपीटी के माध्यम से इंटरनेट से जुड़े सुरक्षा पहलुओं तथा सेफ इंटरनेट सर्फिंग के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने इंटरनेट और एआई के सुरक्षित व जिम्मेदार उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि इंटरनेट में फ्री के यूज से बचे। अनजाने फालतू लिंक का उपयोग न करें। कोई भी मैसेज फॉरवर्ड करने से पहले अच्छे से जांच ले। उन्होंने कहा कि इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक रहे। इसलिए किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने या निजी जानकारी साझा करने से पहले अत्यधिक सावधानी बरते पब्लिक वाईफाई का उपयोग करके लेनदेन का कार्य न करें। साथ ही बैंकिंग से संबंधित जानकारी के लिए लोगों को सीधे अपने नजदीकी बैंक शाखा से संपर्क करने की सलाह दी गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी स्थिति में अपना ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) किसी के साथ साझा न करें। केवाईसी अपडेट के नाम पर आने वाले फर्जी कॉल से भी सतर्क रहें। इसके अतिरिक्त, लॉटरी, इनाम या मुफ्त उपहार के लालच में न आएं। लालच करने से अक्सर साइबर ठगी के शिकार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाता है, तो उसे घबराना नहीं चाहिए, बल्कि तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करना चाहिए या पोर्टल पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। उन्होंने कार्यशाला में मजबूत पासवर्ड बनाने, विभिन्न ऐप्स के लिए अलग-अलग पासवर्ड का उपयोग करने और सोशल मीडिया पर निजी जानकारी सोच-समझकर साझा करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय केवल जागरूकता ही है। कार्यक्रम का संचालन जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ज्वाय शुक्ला ने किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रजनीश कुमार मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) राशिद अली खान, कलेक्ट्रेट के कर्मचारी, अधिकारी, सीएससी के संचालक व एनआईसी के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जांच कमेटी ने डॉक्टर समेत 11 के लिए बयान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अंकित की मौत के बाद ट्रामा सेंटर में तोड़फोड़ के मामले मंडिकल कालेज की जांच कमेटी ने डाक्टर समेत 11 लोगों के बयान लिए है। सभी-सभी के अलग-अलग बयान हुए। अभी करीब सात लोगों के बयान और होना बाकी है। जांच कमेटी अपनी रिपोर्ट शीघ्र सीएमएस को देगी।

निगोही थाना क्षेत्र के गांव ढकिया तिवारी निवासी अंकित सिंह रविवार को दिन में 11 बजे कचहरी रेलवे क्रासिंग के निकट डाउन लाइन की वंदे भारत की चपैट में आ गया था। सदर बाजार पुलिस ने उसे मेडिकल कालेज भेज दिया था। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित करके दिन में 12 बजे मोर्चरी में रखवा दिया था। परिवार वाले मेडिकल कालेज के ट्रामा सेंटर में पहुंचे और डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ट्रामा सेंटर में तोड़फोड़ की थी। सीएमएस डा सरोज कुमार ने डा नेपाल सिंह की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की। कमेटी में डा सलीम, डा संजीव और ललित मोहन है। जांच कमेटी ने मंगलवार की दोपहर बाद घटना वाले ट्रामा सेंटर में डियूटी पर सुबह और दोपहर के समय डाक्टर, स्टाफ और सिक्योरिटी गार्डों के अलग-अलग बयान लिए। टीम ने आज 11 लोगों के बयान लिए है। जबकि सात लोगों के और बयान लिए जाएगे। सभी से घटना क्रम के बारे में जानकारी की गयी। जांच कमेटी अपनी रिपोर्ट शीघ्र बनाकर सीएमएस को भेज देगी।

### घटना में कई सवालिया निशान उठ रहे

डाक्टर ने अंकित को मृत घोषित करके शव दिन में 12 अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया था। मोर्चरी की याबी अस्पताल चौकी को दे दी गई थी। मृतक का परिवार दिन में ढाई बजे मेडिकल कालेज पहुंचा। मोर्चरी की ताला खुलवाकर परिवार वालों को उसका चेहरा दिखाया। परिवार वाले उसे जिंदा बताकर ट्रामा सेंटर में ले गए। जहां उत्तेजित परिवार और अन्य लोगों ने तोड़फोड की। दो घंटे बाद उसका शव उठाकर ट्रामा सेंटर ले जा रहे थे तो पुलिस को मोर्चरी में ही रोकना चाहिए था। पंचनामा के समय ही परिवार वालों को चेहरा दिखाया जाता है। अब तो अस्पताल की मोर्चरी में पंचनामा से पहले चेहरा दिखा दिया जाता है। इस पर कई सवालिया निशान उठ रहे है कि कि आखिरी कौन दोषी है।

- **सात के बयान है बाकी, जांच रिपोर्ट शीघ्र भेजी जाएगी**

### सालाना उर्स आज, होगा कुल शरीफ

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हजरत शहीद उस्मान दादा मियां रहमतुल्लाह अलैह का एक दिवसीय सालाना उर्स बुधवार को मनाया जाएगा। यह जानकारी उर्स कमेटी के शाहिद खां ने देते हुए बताया कि बुधवार को शाम 5 बजे मीलाद शरीफ होगी। शाम सात बजे कुल शरीफ होगा। इसके बाद जायरीन में लंगर बांटा जाएगा।















# इंटर कॉलेज में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

संवाददाता, जैतीपुर

- **मोबाइल के विवेकपूर्ण उपयोग के बारे में बताया**

**अमृत विचार :** कस्बे में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मंगलवार को लटूरी लाल इंटर कॉलेज में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों, कर्तव्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीष कुमार सिंह, तहसीलदार दीपेंद्र कुमार, पैनल अधिवक्ता राहुल देव सागर, सीमा वर्मा, जितेंद्र सिंह और उप निरीक्षक सूरजपाल पचौरी ने कानून से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन बीमा, हेलमेट के प्रयोग और मोबाइल के विवेकपूर्ण उपयोग के बारे में बताया गया। ग्रामीणों को भी उनके अधिकारों की जानकारी देते हुए आपसी विवादों को बातचीत से सुलझाने और अनावश्यक एफआईआर से बचने की सलाह दी गई। वक्ताओं ने मेड काटने जैसे छोटे विवादों को समझदारी से निपटाने पर जोर दिया। इस दौरान मदनपाल सिंह, मुनीश्वर दयाल गुप्ता, प्रमोद तिवारी, शिवशरण वर्मा, शिशु पाल सिंह, राम बेटा मौर्य, मिलन कुमार, सुरजीत सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# खिलाड़ियों ने दिखाए दांव पेंच, जीत के लिए किया संघर्ष

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



वार्षिक खेलकूद के दूसरे दिन खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते कैप्टन डॉ. जेपी सिंह।

**अमृत विचार :** सीतापुर मार्ग निकट गुर्री गांव स्थित संस्था इंटीग्रल विश्वविद्यालय केंद्र में वार्षिक खेलकूद के दूसरे दिन क्रिकेट, वॉलीबॉल मैच, बैडमिंटन, टेबल टेनिस आदि प्रतियोगिताएं हुईं। जिनमें खिलाड़ियों ने अपनी शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मंगलवार को दूसरे दिन खेले गए मैचों की श्रृंखला में डिप्लोमा सिविल और डिप्लोमा मैकेनिकल के बीच खेले गए क्रिकेट मुकाबले में डिप्लोमा सिविल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में मैकेनिकल की टीम को 82 रन का लक्ष्य दिया। प्रतिद्वंधी डिप्लोमा मैकेनिकल की टीम 9 विकेट पर केवल 68 रन बनाकर ढेर हो गई। एक अन्य मैच में डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल की टीम ने डिप्लोमा सिविल की टीम को 10 ओवर में 106 रनों का लक्ष्य दिया। प्रतिद्वंदी डिप्लोमा सिविल की टीम ने कप्तान अमान सिद्दीकी की बल्लेबाजी के चलते पांच गेंदें शेष रहते लक्ष्य हासिल कर फाइनल में जगह बनाई।

वॉलीबॉल मैच में डिप्लोमा मैकेनिकल की टीम ने डिप्लोमा सिविल की टीम को 2-1 से हराया। बैडमिंटन डबल्स में डिप्लोमा सिविल द्वितीय वर्ष के खिलाड़ी विपिन और प्रिंस वर्मा ने फाइनल में जगह बनाई। टेबल टेनिस में डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल की टीम ने डिप्लोमा सिविल को हराया। बैडमिंटन बालिका वर्ग एकल में डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल तृतीय वर्ष की आस्था विजेता एवं डिप्लोमा सिविल प्रथम वर्ष की दुर्रे नजफ उपविजेता रही। क्रिकेट की कमेंट्री डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल तृतीय वर्ष के छात्र सक्षम मिश्रा ने की। बुधवार को लीग मैचों में जीतने वाली टीमों के बीच फाइनल मैच खेले जाएंगे। जिसमें विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। इससे पहले संस्था प्रधान आसिम ज़फ़र खान ने मुख्य अतिथि रेलवे इंटर कॉलेज] रोजा के प्रधानाचार्य कैप्टन डॉ. जेपी सिंह एवं विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र कुमार गौतम का बैज लगाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। संचालन मोहम्मद रमज़ान ने और आभार संस्था प्रधान आसिम ज़फ़र खान ने व्यक्त किया।

आयोजन में डॉ. मोहम्मद नसीम, डॉ. मोहम्मद गयासुद्दीन, स्पोर्ट्स हेड इरफान खान, फुरकान अहमद सिद्दीकी, खान, मोहम्मद फ़राज़ खान, रेहान अली खान, मो. अशहर, आरिश खां, मोनिस खां, इमरान हुसैन, फिरदौस खान, इमामुद्दीन, फिरोज खान, मोहम्मद फरीद आदि का सहयोग रहा।

# जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट को दिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मंगलवार को अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यशाला में केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण देते जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

- **126 परीक्षा केंद्रों पर 10वीं के 42,785 व 12वीं के 36,724 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा**

**अमृत विचार :** मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को स्वच्छ वातावरण में नकलविहीन, शुचितापूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से जोनल, सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यशाला में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को नकलविहीन, शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं अच्छे माहौल में संपन्न कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी, विद्युत, पेयजल, शौचालयों की साफ-सफाई एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। परीक्षार्थियों के साथ सौहार्दपूर्ण एवं शालीन व्यवहार किया जाए। प्रशिक्षण के दौरान संयुक्त रूप से समस्त अधिकारियों को परीक्षा की शुचिता एवं गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि जनपद के कुल 126 परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल के 42,785 व इंटरमीडिएट के 36,724 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। प्रथम पाली प्रातः 8:30 बजे से 11:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 बजे से 05:15 बजे तक आयोजित होगी। जनपद को कुल पांच जोन व 21 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक केंद्र व्यवस्थापक, एक वाह्य केंद्र व्यवस्थापक एवं एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जो परीक्षा प्रारंभ होने से एक घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार ने कहा कि प्रश्नपत्रों की प्राप्ति के समय केंद्र व्यवस्थापक अथवा अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक तथा स्टैटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति अनिवार्य होगी। प्रश्नपत्रों को उनके समक्ष स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा जाएगा। इसमें चार डबल लॉक अलमारियां होंगी। प्रशिक्षण में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक नगर, राज्य स्तरीय पर्यवेक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी, राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

### झोपड़ी में लटका मिला किशोरी का शव

**कलान/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलान थाना क्षेत्र के गांव रोहननगला निवासी संगेश ने बताया कि उसका परिवार रविवार को रिश्तारी में फर्रुखाबाद गए हुए थे। उसकी 16 वर्षीय बहन झुन्ना घर पर अकेले थी। परिवार वाले दूसरे दिन सुबह लौटकर आए तो देखा कि झुन्ना घर पर नहीं है। परिवार वालों घर के बाहर पड़ी झोपड़ी में जाकर देखा तो उसका शव दुपट्टे से लटका हुआ था। परिवार वालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को नीचे उतारा और जानकारी की। उसका कहना है कि उसकी बहन किसी से मोबाइल पर बात होती थी। पुलिस ने मोबाइल कब्जे में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

अमृत विचार



न्यूज ब्रीफ

### घर के ऊपर से हाईटेंशन लाइन हटवाने की मांग


**उसावां, अमृत विचार :** नगर पंचायत उसावां के वार्ड दो की रहने वाले प्रेमवती पत्नी प्रेमपाल ने शिकायत करके बताया कि उनके घर की छत के ऊपर से कई साल से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। जिसकी वजह से अक्सर पूरे घर में करंट आ जाता है। कोई भी चीज छुओ तो करंट का झटका लगता है। जिस ट्यूबवेल के लिए यह लाइन डाली गई थी वह भी कई साल से बंद है लेकिन लाइन में करंट बंद नहीं किया गया है। बताया कि कुछ दिन पहले उनकी पुत्रवधू को करंट लग गया था। उसकी तबीयत अभी भी खराब है। छोटे बच्चे खेत पर खेलने जाते हैं तो करंट का डर बना रहता है। भविष्य में बड़े हादसा होने की आशंका बनी रहती है।

### 24 को होगी जिला पंचायत बोर्ड बैठक

**बदायूं, अमृत विचार :** अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि जिला पंचायत, की बोर्ड बैठक 24 फरवरी को जिला पंचायत कार्यालय सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव की अध्यक्षता में आहूत की गयी है। उन्होंने सभी संबंधित सदस्यों से निर्धारित तिथि, समय व पर बैठक में स्वयं प्रतिभाग करें। कहा कि जिला पंचायत की बैठक में किसी भी निर्वाचित सदस्य एवं पदेन सदस्य का प्रतिनिधि किसी भी दशा में भाग लेने के लिये मान्य नहीं है।

### 11 से शाम 6 बजे तक आज बंद रहेगी सप्लाई

**बिसौली, अमृत विचार :** 33-11 केवी विद्युत उपकेंद्र बिसौली ग्रामीण पर स्थापित पुरानी वीसीबी बदलने का कार्य विभाग द्वारा किया जाएगा



इसलिए 11 फरवरी को उक्त उपकेंद्र से पोषित समस्त 11 केबी फीडर नागपुर कृषि, पलिया टाउन व कृषि, बसई टाउन व कृषि, पिंदारा टाउन व कृषि, और मिठामई कृषि की विद्युत आपूर्ति सुबह 11 बजे से सायं 6 बजे तक शटडाउन के कारण पूर्णत: बंद रहेगी। उक्त जानकारी संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा दी गयी है।

# पैसेंजर ट्रेन में बढ़ाए गए कोच

## काशीपुर-कासगंज पैसेंजर ट्रेन में जोड़े चार डिब्बे, साप्ताहिक सुपरफास्ट की स्थिति पूर्ववत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** रामनगर काशीपुर कासगंज के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए गए हैं। जिससे यात्रियों को सुविधाजनक यात्रा मिल सके। साप्ताहिक ट्रेनों के संचालन में कोई बदलाव नहीं किया गया है उनमें कोच नहीं लगाए गए हैं।

रामनगर से कासगंज, काशीपुर से कासगंज मथुरा के बीच आधा दर्जन पैसेंजर ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। उक्त सभी ट्रेनों में 12 -12 कोच होते थे जिससे ट्रेन में यात्रियों की भारी भीड़ होती थी। भीड़ के कारण अनेकों यात्री ट्रेन में घुस भी नहीं पाते थे। सर्द मौसम में स्थिति कुछ सामान्य रही जबकि गर्मियों में यात्रियों को ट्रेन में घुस पाना मुश्किल होता था। यात्रियों की सुविधा को इज्जत नगर रेलवे प्रशासन ने पैसेंजर ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया। जिसके बाद फरवरी में कुछ ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगा दिए गए। जबकि कुछ ट्रेनों में आज कोच जोड़ दिए गए। अब सभी ट्रेनों में 16 कोच होंगे। जिन ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए गए हैं उनमें 55311, 55312, 5327, 55328, 55329, और 55330 हैं। उक्त सभी ट्रेनें रामनगर काशीपुर कासगंज और मथुरा के बीच चलने वाली हैं। उक्त ट्रेनों के समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

रेलवे प्रशासन के अनुसार साप्ताहिक ट्रेन 15055, 15056, 15062, 15061, हैं। यह सभी सुपरफास्ट ट्रेनें हैं जो साप्ताहिक हैं। उक्त ट्रेनों में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। सभी ट्रेने पूर्ववत ही चलेंगी। उक्त जानकारी देते हुए स्टेशन मास्टर विशम्भर दयाल ने बताया कि अब ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लग जाने से यात्रियों को सुविधा होगी। यात्रियों को भीड़ में घुसने की जरूरत नहीं होगी। बताया कि गर्मियों में ट्रेनों में भारी संख्या में लोग यात्रा करते हैं जिससे रेलवे प्रशासन को कुछ ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने पड़ते हैं।



बदायूं रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म नम्बर दो। ● अमृत विचार

### कनेक्टिंग साइड बढ़ने से हुई सुविधा

प्लेटफार्म एक पर कनेक्टिंग साइड बढ़ा दी गयी है जिससे पुल पर आने जाने के लिए अब बारिश या धूप में यात्रियों को दिक्कत नहीं होगी। प्लेटफार्म एक से प्लेटफार्म दो को जाने के लिए बनाए गए पुल के दोनों सिरों पर टीन शेड डाली गयी है जिससे यात्रियों को सुविधा होगी। कनेक्टिंग साइड बढ़ जाने से प्लेटफार्म एक पर यात्रियों को बैठने को कई तरह की सुविधाएं बढ़ गई हैं। उधर प्लेटफार्म दो पर भी टीन शेड बढ़ा दिया गया है। जिसे अब उधर भी यात्रियों के बैठने की सुविधा मिलेगी।

### मुख्य गेट का शुरू हुआ निर्माण

रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके लिए गेट के बाहर पिलर लगाने को खुदाई शुरू कर दी गयी है। पिलर और और दीवार बनाने को जमीन के अंदर लोहे के जाल का फर्श बनाया जा रहा है उस पर पिलर बना कर मुख्य गेट को ऊंचा बनाया जाएगा जिससे गेट पूरी बिल्डिंग से ऊंचा दिखाई दे। मुख्य गेट का स्वरूप भी बदल जाएगा। रेलवे प्रशासन द्वारा निरीक्षण करने के बाद मुख्य गेट का निर्माण शुरू किया गया है।

## दूसरे दिन भी न्यायिक कार्यों से विरत रहे अधिवक्ता

**बिल्सी, अमृत विचार:** एसडीएम प्रशासन द्वारा अधिवक्ताओं के साथ किए गए कथित दुर्व्यवहार के विरोध में दूसरे दिन भी सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। बार के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि एसडीएम द्वारा 3 फरवरी तथा इससे पूर्व भी अधिवक्ताओं के साथ किए गए कथित दुर्व्यवहार को लेकर हुई बैठक में कड़ी निंदा की गई। साथ ही अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि एसडीएम प्रशासन के विरुद्ध तथा तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के संबंध में शासन और उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। विरोध स्वरूप बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने दो दिन एसडीएम प्रशासन के न्यायालय में न्यायिक कार्यों से विरत रहने का निर्णय भी लिया गया। उसी क्रम में दूसरे दिन भी सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे। जिससे न्यायालय का कार्य प्रभावित रहा। बार एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# प्रदेश में पहले नंबर पर रहा बदायूं जनपद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त मामलों के त्वरित व गुणवत्तापरक निस्तारण के संबंध में शासन से जनवरी महीने का मूल्यांकन किया गया। प्रदेश के 75 जिलों में बदायूं को पहला स्थान प्राप्त हुआ है। जिले को शत प्रतिशत अंक मिले। साथ ही जिले के 22 में से 20 थानों को भी प्रदेश में पहला स्थान मिला। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने टीम को बधाई दी। आगे भी बेहतर करने को प्रेरित किया।

मामलों की मार्किंग व अग्रसरण में 10 में से 10 अंक मिले। जनवरी महीने में कोई भी मामला डिफाल्टर की श्रेणी में न आने पर 20 में से 20 अंक हासिल हुए। संतुष्ट फीडबैक के आधार पर 30 में से पूरे अंक मिले। उच्चाधिकारियों द्वारा किए गए श्रेणीकरण में 20 में से 20 अंक, मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से किए गए श्रेणीकरण में 10 में से 10, रैंडम श्रेणीकरण में भी 10 में से 10 अंक अर्जित हुए। उच्चाधिकारियों की ओर से की गई कार्रवाई में 10 में 10, जनता दर्शन में फीडिंग में भी 10 में से 10, प्रोफाइल अपडेशन में 5 में से 5 अंक, अधिकारी द्वारा फील्ड विजिट रिपोर्ट में भी 10 में 10 अंक मिले। इस तरह मूल्यांकन में बदायूं जिले को 135 में से 135 अंक हासिल हुए। एसएसपी ने जनसुनवाई के नोडल अधिकारी एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी, प्रभारी अशोक कुमार कंबोज समेत पूरी यूनिट की प्रशंसा की और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसएसपी।

● जनवरी महीने के मूल्यांकन में जिले को मिले 135 में से 135 अंक

# स्कूल के बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल की दवा



खाने से पहले टेबलेट दिखाते बाबा इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार

**बदायूं, अमृत विचार :** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर बिल्सी के बाबा इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा पीजी से 12वीं तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई।

स्कूल डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय व साधना वार्ष्णेय ने कहा कि कृमि संक्रमण एक आम समस्या है, जो बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को प्रभावित करती है। यह संक्रमण मुख्य रूप से मिट्टी में पाए जाने वाले कृमियों के कारण होता है। जो बच्चों के पेट में पहुंचकर उनके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य बच्चों में कृमि संक्रमण को रोकना है और उन्हें स्वस्थ और पोषित रखना है। प्रधानाचार्य रूपा माहेश्वरी ने कहा कि इस दिन का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार करना और उन्हें एक स्वस्थ और समृद्ध जीवन जीने में मदद करना है। बच्चों का स्वास्थ्य हमारे समाज के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। स्वस्थ बच्चे ही समाज को स्वस्थ और समृद्ध बना सकते हैं। स्कूल प्रशासक अमित माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

## शिव मंदिर पर हुआ भंडारा, उमड़े श्रद्धालु

**बिल्सी, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव उलैया स्थित शिव शक्ति मंदिर पर मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया। सामूहिक सहयोग से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई थी। भक्ति गीतों और धार्मिक वातावरण ने पूरे आयोजन को भक्तिमय बना दिया। समिति के सदस्यों एवं ग्राम वासियों ने मिलकर व्यवस्थाएं संभाली और सभी आगंतुकों का आदर-सत्कार किया। श्रद्धालुओं का कहना है कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता, सद्भाव और सहयोग की भावना मजबूत होती है। इस मौके पर दिनेश सिंह, राजू सिंह, मुकेश चौहान, ज्ञानेंद्र सिंह, बृजेश शास्त्री, महेंद्र राठौर, त्रिभुवन चौहान, विजय सोलंकी, ऋषि पाल सिंह, सचिन ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को दी एल्बेंडाजोल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आरम्भ डॉ. रामेश्वर मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य, एचपी इंटरनेशनल स्कूल द्वारा एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाकर किया गया।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रामेश्वर मिश्रा ने बताया कि कृमि संक्रमण से बच्चों, किशोर व किशोरियों में कुपोषण एवं खून में कमी होती है, जिसके कारण हमेशा थकावट रहती है। सम्पूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास नहीं हो पाता। यह दवा वर्ष में 2 बार 1-19 वर्ष की आयु के सभी बच्चों किशोर किशोरियों को खानी चाहिए। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. मोहम्मद असलम द्वारा बताया गया कि कृमि संक्रमण की रोकथाम आसान है। खुले में शौच न करें, हमेशा शौचालय का प्रयोग करें। आस-पास सफाई रखें। साफ पानी से फल व सब्जियां धोएं। हमेशा साफ पानी पिएं, खाने को ढक कर रखें। नाखून साफ और छोटे रखें। जूते चप्पल पहनें। हाथ साबुन से धोएं, विशेषकर खाने से पहले और शौच के बाद।

उन्होंने बताया कि सभी बच्चों एवं किशोर किशोरियों के लिए कृमि नियंत्रण की गोली (चबाने वाली) सभी सरकारी व सहायता प्राप्त प्राइवेट विद्यालयों, मदरसों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध है। स्कूल न जाने वाले बच्चों को भी यह गोली नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्र में खिलवायी जायेगी। जो बच्चे छूट जायें उन्हें 13 फरवरी को मापअप दिवस पर गोली जरूर खिलवाएं।

इस अवसर पर समय स्कूल की अध्यापक अध्यापिकाएं, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी, डीसीपीएम, अर्बन कोऑर्डिनेटर, आर.के.एस.के. कोऑर्डिनेटर आदि उपस्थित रहे।





राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जानकारी देते सीएमओ डा. रामेश्वर मिश्रा।

● कृमि संक्रमण से बच्चों, किशोर व किशोरियों में कुपोषण एवं खून की कमी होती है

## सेफर इंटरनेट डे कार्यशाला का आयोजन

**बदायूं, अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में सेफर इंटरनेट डे पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें एन.आई.सी. के अधिकारियों ने कर्मचारियों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक किया। कार्यशाला में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा की गई। बताया कि एआई शिक्षा और कार्यक्षमता बढ़ाने में सहायक है, वहीं इसके जरिए फैल रहे डीपफेक वीडियो और डेटा प्राइवेसी जैसे खतरे भी हैं। इनसे सावधान रहने की आवश्यकता है। अधिकारियों ने वित्तीय सुरक्षा पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करते समय हमेशा बैंक की आधिकारिक वेबसाइट और सुरक्षित नेटवर्क का ही प्रयोग करें, सार्वजनिक वाई-फाई से वित्तीय लेनदेन करने से बचें और अपने पासवर्ड व पिन को समय-समय पर बदलते रहें। कार्यशाला में नेटवर्क इंजीनियर एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# सहालग के चलते बसों में यात्रियों को दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** सहालग शुरू हो गए हैं। बीस दिन बाद होली का त्यौहार भी मनाया जाएगा। सहालग और त्योहार के आगमन को लेकर रोडवेज बसों में यात्रियों की संख्या बढ़ गई है। हालात ऐसे बन गए हैं कि बसों में यात्रियों को पैर रखने तक जगह नहीं मिल रही है। पर्याप्त मात्रा में बसों का संचालन होने के बाद भी यात्रियों को यात्रा के दौरान असुविधा हो रही है।

4 फरवरी से सहालग शुरू हो गए हैं। सहालग के दौरान शादी समारोह में शामिल होने के लिए लोगों का आवागमन हो रहा है। वहीं होली त्योहार नजदीक होने की वजह से दूसरे जनपदों में रहकर नौकरी करने वाले लोगों की भी घर वापसी होने लगी है। अधिक संख्या में लोगों के यात्रा करने की वजह से रोडवेज बसों में भीड़ लगातार बढ़ रही है। जिसकी वजह से रोडवेज परिवहन निगम की व्यवस्था पर अधिक दबाव बढ़ गया है। यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से, डिपो में यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ ही अतिरिक्त बसों का संचालन शुरू कर दिया गया है। इसके बाद भी यात्रियों को बसों के लिए भागदौड़ करनी पड़ रही है। मंगलवार को रोडवेज बस स्टैंड पर सुबह से ही यात्रियों की भारी भीड़ देखी गई। बरेली, मुरादाबाद, कासगंज, आगरा, एटा और दिल्ली, शाहजहांपुर की ओर जाने वाली सवारियों की संख्या अधिक रही। यात्री अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए बसों का इंतजार करते दिखाई दिए। जैसे बस आई उसमें सीट पाने के लिए होड़ सी मच गई। ऐसी स्थिति कमोवेश प्रतिदिन बन रही है। यात्रियों की संख्या बढ़ने से रोडवेज निगम की आय भी बढ़ गई है। सर्दियों में जहां रोडवेज परिवहन निगम को 5 से 6 लाख रुपए का घाटा हो रहा था। वहीं अब लाभ होने लगा है। एआरएम ने बताया कि यात्रियों की संख्या बढ़ने से रोडवेज परिवहन निगम को रोजाना 30 से 32 लाख तक की आय हो रही है।



रोडवेज बस के पास लगी यात्रियों की भीड़। ● अमृत विचार

● पैर रखने तक को नहीं मिल पा रही जगह

> सहालग में लोगों का आवागमन अधिक हो रहा है। यात्रियों की संख्या पहले से अधिक हो गई है। ऐसा होने से लोड फैक्टर भी बढ़ गया है। आय भी बढ़ गई है। रोजाना करीब 30 से 32 लाख रुपए राजस्व एकत्रित हो रहा है। यह स्थिति राजस्व के लिहाज से सकारात्मक है। सभी प्रमुख रूटों पर बसों की पर्याप्त तैनाती की गई है। इसके अलावा, कुछ व्यस्त रूटों पर बसों के फेरों की संख्या भी बढ़ाई गई है।
>
> **राजेश पाठक**, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, रोडवेज निगम।

## दूध देना बंद किया तो गाय पर ढाया अत्याचार

**बिसौली, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव पेपल में सोनू पुत्र नूर मोहम्मद गाय का काफी समय से पालन पोषण कर रहा था। गाय दूध देती रही। कुछ समय से गाय ने दूध देना बंद कर दिया। दूध न देने पर गोपाल ने उस पर क्रूरता दिखाते हुए उसकी एक आंख में लोहे की सरिया घोंप दी, गांव वालों का मानना है कि ये कुकृत्य सोनू ने किया है। चार दिन से ये गाय अपने घाव के साथ खुली घूम रही थी। जिस पर एक ग्रामीण की नजर पड़ी तो मामला सामने आया। ग्रामीण ने तत्काल 112 पुलिस को सूचना दी। क्षेत्र के बजरंग दाल के कार्यकर्ता भी पहुंच गए। पुलिस ने गोपालक सोनू को गाय सौंपते हुए सख्त हिदायत दी कि भविष्य में वो ही देखभाल और उपचार करेगा अन्यथा की स्थिति में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सब्जियों की नर्सरी तैयार कर रहे किसान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** फरवरी में किसान सब्जियों की नर्सरी तैयार में लग गए हैं। यह माह सब्जियों की नर्सरी तैयार के लिए अनुकूल माना है। दिन में धूप खिल रही है। मौसम में सर्दी की कमी आई है। सुबह शाम ही ठंड का वातावरण बन रहा है। मौसम अनुकूल होने पर कृषि विभाग के अधिकारी किसानों को नर्सरी तैयार करनी सलाह दे रहे हैं।

फरवरी के प्रथम सप्ताह मौसम काफी खराब रहा था। बारिश के साथ कोहरा हो रहा था। यह सब पश्चिम विक्षोभ की वजह से था। पश्चिम विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने के बाद मौसम में बदलाव आ गया है। कई दिनों से चल रही ठंडी पछुआ हवाएं भी थम गई हैं। दिन में चटक धूप खिल रही है। इस वजह से तापमान ऊपर चढ़ने लगा है।

न्यूनतम तापमान जहां 13 डिग्री ऊपर आ गया है। वहीं अधिकतम तापमान भी 26 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है। मौसम में परिवर्तन होने के साथ ही जायद की फसल के लिए समय शुरू हो गया है। किसान खेतों में सब्जियों की खेती के लिए नर्सरी तैयार करने में लग गए हैं। सब्जियां नकदी फसलों में आती हैं।

इनका ठीक से प्रबंधन कर उगाया जाए तो अच्छी पैदावार होती है और बाजारों में कीमत भी ऊंची मिलती है। जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार रावत ने बताया कि फरवरी माह में बैंगन, टमाटर, मिर्च एवं शिमला मिर्च की पौध तैयार करने को नर्सरी डाली जा सकती है। लौकी, तोरई, करेला की फसलों के लिए बुवाई भी की जा सकती है। इसके लिए भी यह समय अच्छा है। सलाद के लिए खीरा और ककड़ी की भी सीधी बुवाई की जा सकती है।

इनकी पैदावार भी अधिक होती है और सलाद के लिए अच्छी बिक्री होने से आमदनी बढ़ती है। फसलों के लिए जिले के खेतों की मिट्टी बलुई और दोमट दोनों प्रकार की है। जो कि सब्जियों की फसल के लिए उपयुक्त है। कृषि अधिकारी ने बताया कि समय पर की गई फसलों की बुवाई से किसानों को अधिक लाभ होगा।

● कृषि विभाग किसानों को नर्सरी तैयार करने की दे रहा सलाह

● फरवरी में बैंगन, टमाटर, मिर्च की पौध डाली जा सकती है

# 58.17 लाख रुपये के कार्यों का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद की ओर से मंगलवार को चेयरमैन फात्मा रजा ने विभिन्न वार्डों में सीसी रोड, इंटरलॉकिंग सड़क, नाली निर्माण और एमआरएफ सेंटर के निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। इन योजनाओं में 58 लाख 17 हजार 139 रुपये की लागत आएगी।

चेयरमैन ने वार्ड के लोगों की समस्याएं भी सुनी। जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। चेयरमैन ने कहा कि नगर पालिका का लक्ष्य शहर के हर वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना है। सड़क, नाली और स्वच्छता से जुड़े कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं जिससे लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। बताया कि वार्ड 17 के ऊपर पारा में गुलाब वाली गली, लालपुल मेन रोड पर मुन्ना गद्दी के मकान से सोहिल के मकान तक इंटरलॉकिंग सड़क, नाली निर्माण कार्य की लागत 5 लाख 71 हजार 631 रुपये है। वार्ड 9 के जालंधरी सराय में हामिद मेमोरी लाइब्रेरी से पप्पू महाजन के मकान तक सीसी सड़क, नाली निर्माण की लागत 3 लाख 80 हजार 373 रुपये और वार्ड 13 के नाहर खां सराय में ओवर जलाशय के पास एमआरएफ सेंटर की लागत 38 लाख 7 हजार 135 रुपये है। इसके अलावा वार्ड 7 में रंगीन मस्जिद से नूरुद्दीन होते हुए अख्तर के होटल तक सीसी रोड व नाली निर्माण में 10 लाख 58 हजार रुपये की लागत आई। चेयरमैन ने अधिकारियों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। सभासद जया साहू, अख्तरी बेगम, पूर्व सभासद हबीब खां, अली अल्वी, श्याम बाबू साहू, मुजफ्फर, यूनिस अल्वी, अनीस सिददीकी, रिजवान उर्फ बल्लू, फहीम, डॉ. नन्नू, अवर अभियन्ता सिविल सूर्य प्रताप, मुख्य सफाई व खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यब आदि मौजूद रहे।



उद्घाटन के दौरान फीता काटती नगर पालिका परिषद, बदायूं की चेयरमैन फात्मा रजा।

● चेयरमैन ने वार्डों में सुनी जनसमस्याएं, जल्द निस्तारित का दिया आश्वासन

व्यवस्था

आज पेश होगा बजट, सदर विधायक ने मुख्यमंत्री को सौंपे दो पत्र

# जेल की जमीन पर पार्क और डिपो शहर से बाहर करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राज्य सरकार बुधवार को प्रदेश का बजट पेश करेगी। जिस पर सभी की नजरें लगी हुई हैं। सत्ता पक्ष के विधायकों ने भी अपने जिले में विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र दिए हैं। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने भी मंगलवार को दो पत्र देकर शहर के बीच परिवहन निगम को बाहर शिफ्ट करने और जिला जेल के पास खाली पड़ी जमीन पर पार्क बनवाने की मांग की।

पत्र में सदर विधायक ने कहा कि जिला जेल से लगभग 50 मीटर दूर सड़क के दूसरी ओर जेल की खाली जमीन पड़ी है। जो जेल परिसर से अलग है। वह किसी प्रयोज्य में नहीं है। जेल शिफ्टिंग शहर के बाहर ज्यादातर जमीन खरीदी भी गई है। बाकी जमीन खरीदने की प्रक्रिया चल रही है। शहर में पार्क की कमी है। लोगों के स्वास्थ्य और सौंदर्यीकरण के लिए पार्क उपयोगी है। इस संबंध में डीएम ने आख्या प्राप्त कर जमीन हस्तांतरित के लिए 30 अक्टूबर 2025 को प्रमुख सचिव गृह को भेजी थी। विधायक ने जमीन नगर पालिका के स्वामित्व में हस्तांतरित करने की मांग की। इसके अलावा शहर के बीच डिपो और प्राइवेट बस स्टैंड को बाहर स्थानांतरित करने की मांग की।

कहा कि शहर की आबादी 2 लाख 31 हजार है। जो घनी है। अन्य जिलों के लोग भी यहां आते हैं। अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। चंद दूरी तय करने के लिए काफी परेशानी होती है। कहा कि मुख्यालय में महाराणा प्रताप चौक नगर का केंद्र है। आसपास लगभग सभी सरकारी कार्यालय हैं। एम्बुलेंस, फायर सर्विस अक्सर जाम में फंस जाते हैं। इस संबंध में भी डीएम की ओर से परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र भेजा जा चुका है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को समस्या से अवगत कराते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता।

> दोनों ही समस्याएं काफी महत्वपूर्ण हैं। इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र दिया गया है। उम्मीद है कि दोनों पर ही कार्रवाई होगी। तब जनता को जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी। पार्क बन जाने के बाद लोगों को और भी ज्यादा सुविधा मिल सकेगी। शहर के विकास को वह हमेशा ही प्रयासरत रहे हैं।
>
> **-महेश चंद्र गुप्ता**, सदर विधायक

### कुत्ते और बंदरों की समस्या से छुटकारे के लिए हो व्यवस्था



प्रदेश सरकार लगभग सभी क्षेत्रों में अच्छा काम कर रही है। बेहतर कानून व्यवस्था से व्यापारियों को भय मुक्त वातावरण दिया है लेकिन कुत्तों, बंदरों और छुट्टा गोवंशों के आतंक से छुटकारे के लिए प्रभावी समाधान जरूरी है। इनके लिए बजट में प्रावधान हो। साथ ही एंटी रेबीज टीकाकरण और छुट्टा गौवंश द्वारा घायल किए गए लोगों के लिए अलग से बजट जारी हो।

**-केबी गुप्ता**, जिलाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल।

### बजट में धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार का हो प्रावधान



धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार और पुनर्निर्माण के लिए बजट में प्रावधान के साथ भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए भी कार्यक्रम लाने चाहिए। जिसके लिए प्रावधान बजट में होना चाहिए। इस बार के बजट पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

**-डॉ. प्रतिभा गुप्ता**, जिला संयोजक (मात्र शक्ति), विश्व हिंदू परिषद।

## न्यूज ब्रीफ

### ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जाएंगे अजय



**बदायूं, अमृत विचार :** जिला ताइक्वांडो संघ, बदायूं के अध्यक्ष राजन मेंहदीरत्ता ने बताया कि एपीएस इंटरनेशनल स्कूल के कोच अजय पाल सिंह नेपाल के काठमांडू में आयोजित चतुर्थ माउंट एवरेस्ट क्योरुगी और द्वितीय पूमसे (जी-1) ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भारत की ओर से प्रतिभाग करेंगे। यह प्रतियोगिता त्रिपुरेश्वर दशरथ रंगशाला इंडोर हॉल में 18 से 20 फरवरी तक चलेगी।

### खेलते समय कहासुनी पर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव करौलिया निवासी महावीर पुत्र नन्हे ने एसएसपी स शिकायत करके बताया कि उनका 10 साल का बेटा इंद्रजीत और पड़ोस में रहने वाला मुकुंदी मंदिर के पास खेल रहे थे। इसी दौरान दोनों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। मुकुंदी ने इंद्रजीत को डंडा मार दिया। उसकी आंख पर चोट आईं। शिकायत करने उसके घर गए तो परिजनों ने गाली-गलौज किया। शिकायत के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। एसएसपी के निर्देश पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### घर में मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना उघैती क्षेत्र के गांव सराय सांवल के रहने वाले 75 वर्षीय अमजदी पत्नी इब्राहिम के छह बेटों में शाहिद, जाहिद, रहीश और अहमद अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहते हैं जबकि दो अन्य बेटे अकील व शफी गांव में रहकर मजदूरी करते हैं। सोमवार रात अमजदी घर पर अकेली थीं। मंगलवार सुबह वह दूध लेने के लिए घर से नहीं निकलीं तो पड़ोसियों ने घर में देखा तो उनका शव चारपाई पर मिला। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जहां मृतक के परिजनों ने लूट के बाद हत्या का आरोप लगाया वहीं पुलिस हार्ट अटैक की वजह से मौत होने की बात कह रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 42वीं जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएं आरंभ

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने गुब्बारे उड़ाकर कराया शुरू, पहले दिन कई प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



सलामी लेते भाजपा जिलाध्यक्ष और बेसिक शिक्षा अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग की 42वीं जनपदीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता हाफिज सिद्दीक इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान पर मंगलवार को शुरू हुई। जिसमें मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी राजीव गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष शारदेंदु पाठक रहे। मुख्य अतिथि के द्वारा गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता का आरंभ कराया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके बाद प्रतियोगिताएं शुरू हुई। जिसमें विजेता रहे बच्चों को मैडल देकर सम्मानित किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह सुसज्जित खेल मैदान छात्र-छात्राओं में खेल की भावनाओं को प्रोत्साहित करने का एक सुंदर माध्यम है। खेल से नेतृत्व क्षमता आत्मविश्वास एवं टीम में काम करने की भावना जागृत होती है। बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रचार मंत्री संजीव शर्मा ने तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में आयोजित होने वाले खेलों की व्यवस्थाओं से सभी का अवगत कराया।

प्रतियोगिता के प्रथम दिन प्राथमिक स्तर 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में ब्लॉक कादरचौक प्रशांत प्रथम, करण जगत द्वितीय, अमरजीत कादरचौक तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में करिश्मा कादरचौक प्रथम, सगोपी कादरचौक द्वितीय एवं शिवानी उसावा तृतीय स्थान पर रही। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में कादरचौक के प्रशांत प्रथम, दहगवां के सत्येंद्र द्वितीय, जगत के करण तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में कादर चौक की सगोपी प्रथम, करिश्मा द्वितीय एवं सहसवान की खुशबू तृतीय रही।

● **विजेताओं को किया गया पुरस्कृत**

उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में कौशल म्याऊं प्रथम, प्रदीप जगत द्वितीय, सुधांशु इस्लामनगर स्थान पर रहे। बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में रचना उझानी प्रथम, शालिनी कादरचौक द्वितीय, अनुष्का सालारपुर तृतीय रहे। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग 400 मीटर दौड़ में अंकित प्रताप प्रथम, सत्येंद्र दहगवां द्वितीय, बिजनेस दहगवां तीसरे स्थान पर रहे। प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग 400 मी0 दौड़ में संध्या उसावा प्रथम, अंशिका म्याऊं द्वितीय एवं लक्ष्मी उझानी तृतीय स्थान पर रहे।

उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग 400 मीटर दौड़ में आकाश उझानी प्रथम, अरबाज समरेर द्वितीय, तपन शर्मा सहसवान तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ उच्च प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में दीक्षा सलारपुर प्रथम, नीतू उझानी द्वितीय व सौम्या उसावां तृतीय रही। इससे पूर्व बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। साथ ही मार्च पास्ट निकाला। इस मौके पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला संयोजक दुष्यंत रघुवंशी, बीईओ दिलीप कुमार, उदयवीर सिंह यादव, सुशील चौधरी, प्रेमानंद शर्मा, सोनी गुप्ता, रामदास यादव, व्यायाम शिक्षिका ज्योति सक्सेना, जिला स्काउट मास्टर सुदेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।



फीता काटकर मैच का उदघाटन करते मधु चंद्रा। ● अमृत विचार

# चिचैटा क्रिकेट क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट हुआ शरू

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** बिसौली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिचैटा में खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से ''चिचैटा क्रिकेट क्लब'' का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्षा मधु चंद्रा एवं निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्षा (बिल्सी) सुषमा मौर्य ने संयुक्त रूप से फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।

मंगलवार को प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच चंदोई और बालपुर की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए चंदोई की टीम ने जीत दर्ज की। मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी साजिद को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। मैच के समापन पर मुख्य अतिथि मधु चंद्रा और सुषमा मौर्य ने विजयी टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार दिए गए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेल प्रेमी मौजूद रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# सिविल बार एसोसिएशन की चुनावी सरगर्मी तेज



नामांकन पत्र दाखिल करते बार चुनाव के लिए प्रत्याशी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार:** सिविल बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव 2026 के लिए चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। नामांकन प्रक्रिया के बाद स्थिति स्पष्ट होते ही उपाध्यक्ष सहित तीन पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ है।

एसोसिएशन के चुनाव में लेखराज सिंह एडवोकेट को निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना है। साथ ही पूनम यादव एडवोकेट को कोषाध्यक्ष और राम लखन यादव एडवोकेट को सह-सचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। इन तीनों पदों पर अन्य किसी प्रत्याशी के मैदान में न होने के कारण इनका चयन सर्वसम्मति से हुआ। उपाध्यक्ष चुने जाने पर लेखराज सिंह एडवोकेट ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वह पूर्व में भी इस पद पर रह चुके हैं और सदैव अधिवक्ता साथियों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहे हैं। अब अध्यक्ष और सचिव जैसे मुख्य पदों के लिए चुनाव आगामी 12 फरवरी को होगा।

# स्कूल में बच्चों को दी कुष्ठ की जानकारी

**बदायूं, अमृत विचार :** मंगलवार को स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान के क्रम में एक कुष्ठ गोष्ठी वनस्थली इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. सुधीर कुमार गुप्ता ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को प्रचार सामग्री वितरण कर कुष्ठ रोग के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि कुष्ठ रोग अन्य सामान्य रोगों की तरह ही है जो एमडीटी खाने से पूर्णतया ठीक हो जाता है। कुष्ठ रोग में दाग धब्बों में सुन्नपन, खुजली न होना आदि लक्षण मिलते हैं। कुष्ठ रोग केवल दाग धब्बों का ही रोग नहीं है। इसमें तंत्रिकाएं भी प्रभावित होती है जिससे विकलांगता आ जाती है। यदि कुष्ठ रोगी को समय से इलाज मिल जाए तो व्यक्ति विकलांगता से बच जाता है। हाथ मिलाने से कुष्ठ नहीं होता कुष्ठ रोगी से कोई भेदभाव न करें। उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास करें। गोष्ठी में एनएमए मानवीर सिंह, पीएमडब्ल्यू मनोज कुमार ने प्रतिभाग किया।

# जज कॉलोनी गेट पर बनाया जा रहा चैंबर हटाया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



अस्पताल गेट के पास बना वकील का चैंबर। ● अमृत विचार

● **वकीलों ने जगह घेर कर शुरू किया था अवैध निर्माण, एसएसपी के आदेश पर हटाया**

**अमृत विचार :** परशुराम चौक से कलेक्ट्रेट चौराहे के बीच जज कॉलोनी गेट पर वकीलों ने अवैध रूप से बनाए चैम्बर को एसएसपी के आदेश पर हटा दिया गया। उसके बाद वकीलों ने जिला अस्पताल गेट के निकट लोहे का चैम्बर बना लिया। जो अस्पताल के बिजली घर से सटा हुआ है। बिजली घर के निकट लोहे का चैम्बर बनने से खतरा और बढ़ गया है।

कलेक्ट्रेट रोड पर पिछले एक साल से वकीलों ने अपने लोहे के चैम्बर बनाने शुरू किए थे। रोड किनारे चैम्बर बनने से सड़क और संकरी हो गयी जिससे हादसों का भय बना रहता है। यदि किसी को कोई खाली जगह मिली तो वहीं पर चैम्बर बना लिया गया। इसी रोड पर जज कॉलोनी है। एक वकील ने पिछले दिनों जज कॉलोनी गेट के निकट कुछ ईटें डाली थीं। उसके बाद रविवार को वकीलों ने ईटों की चुनाई शुरू करा दी। इस अवैध निर्माण की शिकायत जज कॉलोनी के सिपाही से की गयी। तो सिपाही ने जज से बात की। जज ने एसएसपी को इस मामले में कार्यवाही करने को कहा जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उक्त निर्माण ढहा दिया। उसका मलबा भी हटा दिया गया। जज कॉलोनी के गेट पर सुरक्षा को देखते हुए एसएसपी ने सख्त कदम उठाया। लेकिन अब कुछ वकीलों ने रजिस्ट्री कार्यालय के निकट जिला अस्पताल के गेट संख्या दो पर अवैध रूप से निर्माण शुरू करा दिया है। एक वकील ने ईटों डाल दी हैं जबकि दूसरे ने लोहे के एंगल से पूरा चैंबर बना लिया है। चैंबर के पीछे जिला अस्पताल का बिजली घर है जिसमें से अक्सर बिजली के तारों से चिंगारी निकलती रहती है। जिससे खतरा बना रहता है। रोड से गुजरने वाले राहगीरों का कहना है कि वकीलों द्वारा बनाए जा रहे चैम्बरों से सड़कें सिकुडती जा रहीं हैं। वाहनों को बचाव करने को भी रास्ता नहीं है। इस रोड पर डिवाइडर लगा है जिससे आने जाने में दिक्कत नहीं होती है। लेकिन वकीलों के चैंबर बनने से यातायात बाधित होने का खतरा है।

### बिजली घर के बाहर बना चैंबर

जिला अस्पताल की बाउंड्री के बाहर बिजली घर के निकट बनाए गए लोहे के चैंबर से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। एक तो अस्पताल की नली से निकलने वाले पानी का रास्ता अवरुद्ध हो गया है दूसरे बिजली के तारों से होने वाली स्पार्किंग से खतरा बढ़ गया है। अस्पताल के बाहर दुकानदारों का कहना है कि अब सड़कों पर भी संकट मंडराने लगा है।

# हिंदू सम्मेलन में हिंदुओं से सनातन परंपरा का निर्वहन करने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



अतिथियों का स्वागत करते आयोजक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में ग्राम सिलहरी में एक भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन आचार्य मुमुक्ष कृष्ण महाराज, बृज प्रांत के प्रान्त संघचालक चालक शशांक भाटिया, जिला प्रचारक भारत लाल, ब्लॉक प्रमुख पति अनेक पाल सिंह, एवं मातृशक्ति प्रेमवती मौर्य द्वारा मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया गया।

आचार्य मुमुक्ष कृष्णा कथावाचक ने कहा हिंदू सदैव परहित सेवा का उदाहरण बना है, उन्होंने समस्त हिंदुओं को सदैव सनातन परंपरा का निर्वहन करने का आह्वान किया। जिला प्रचारक भारत लाल ने माता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन को आदर्श मानते हुए काम करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता शशांक भाटिया ने कहा जातियां हिंदू हैं सनातनी हैं, और रामकृष्ण की अनुयाई हैं। उन्होंने कहा कि संघ अपने 100 वर्ष आसानी से पूरा नहीं कर रहा है। संघ ने बहुत विपरीत परिस्थितियों में काम किया है। तब जाकर कहीं अब समाज में परिवर्तन दिखाई दे रहा है। जिला कार्यवाह मून गुप्ता खंड प्रचारक सलारपुर खंड कपिल, रविंद्र सिंह खंड कार्यवाह, देश दीपक, सुरेश, युवा नेता विश्वजीत गुप्ता नगर मीडिया प्रभारी हिमांशु सक्सेना सुरजीत गुप्ता जिला प्रतिनिधि पंकज शर्मा, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य हर प्रसाद सिंह पटेल, सुखदेव के साथ जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता शारतेंदू पाठक जिला उपाध्यक्ष सुनील सिंह राठौड़, जोगेंद्र पाल सिंह, हिमांशु सिंह, आरयेन्दर सिंह महावीर सिंह, नीरज रस्तोगी तथा विश्व हिंदू परिषद एवं विराट हिंदू सम्मेलन समिति के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वेहटा पाठक में वाटरशेड जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** वाटरशेड विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2 के अंतर्गत डब्ल्यूडीसी 1 बिसौली के जलागम के निकट वेहटा पाठक, ढिलवारी में वाटरशैड महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान भूरेलाल, भूमि संरक्षण अधिकारी मनोज रावत व सहायक अवर अभियंता राजकुमार, पीयूष शर्मा, पूरन सिंह व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

ग्राम ढिलवारी में स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही बच्चों की जल संरक्षण से सम्बन्धित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि द्वार बच्चों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर श्रमदान, पौधारोपण और भूमि पूजन कर लोकार्पण कराया गया।



कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ करते भूमि संरक्षण अधिकारी।

## न्यूज डायरी

### 280 परीक्षार्थी मदरसा बोर्ड परीक्षा में अनुपस्थित



**बदायूं, अमृत विचार :** यूपी मदरसा बोर्ड की परीक्षा चार केंद्रों पर चल रही हैं। परीक्षा के दूसरे दिन नहीं पंजीकृत 1092 परीक्षार्थियों में 280 अनुपस्थित रहे। 812 उपस्थित रहे। परीक्षा के समय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी और कर्मचारियों ने केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। मदरसा बोर्ड परीक्षा के दूसरे दिन प्रथम पाली में 828 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 573 उपस्थित और 255 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 264 पंजीकृत में से 239 उपस्थित और 25 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रणव पाठक और विभागीय कर्मचारी मोअज्जम परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। सभी केंद्रों पर परीक्षा सकुशल संपन्न होती मिली। परीक्षा के समय सचल दलों के द्वारा भी केंद्रों का निरीक्षण किया गया।



### थाना पुलिस ने स्कूल में स्थापित की शिकायत पेटिका

**कुंवरगांव, अमृत विचार।** छात्राओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय बना हुआ है। मंगलवार को थाना प्रभारी राजेश कौशिक के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने पंडित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज में शिकायत पेटिका स्थापित कराई है इस पहल का उद्देश्य है कि छात्राओं को ऐसा मंच देना है, जहां वे बिना किसी भय के अपनी समस्याएं दर्ज करा सकें। महिला हेड कांस्टेबल नीलम सक्सेना ने छात्राओं से संवाद करते हुए उन्हें उनके अधिकारों और सुरक्षा से जुड़े विषयों की जानकारी दी। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. ज्ञान सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति जैसी पहल से छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे स्वयं को अधिक सुरक्षित महसूस करेंगी। कार्यक्रम में पुलिस टीम के साथ विद्यालय स्टाफ भी उपस्थित रहा।



### सात वाहन सीज, 103 बाइकों का किया गया चालान

**बदायूं, अमृत विचार :** एआरटीओ प्रवर्तन व प्रशासन हरिओम ने वाहनों की चेकिंग की। सात भारी वाहनों को सीज किया। जिनसे ढाई लाख रुपये का राजस्व जमा कराया गया है। इसके अलावा गलत दिशा में चलने, हेलमेट न लगाने, बाइक चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करने पर 103 दोपहिया वाहनों का चालान गया। एआरटीओ ने आह्वान किया कि वाहन हमारी सुविधा के लिए है इसका सदुपयोग करें। निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं। यातायात के नियमों का पालन करें। एक छोटी सी गलती बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। जो हमारी और हमारे परिवार की खुशियां छीन सकती है। मार्ग पर सुरक्षात्मक तरीके से वाहन चलाएं।

### 280 परीक्षार्थी मदरसा बोर्ड परीक्षा में अनुपस्थित

**बदायूं, अमृत विचार :** यूपी मदरसा बोर्ड की परीक्षा चार केंद्रों पर चल रही हैं। परीक्षा के दूसरे दिन नहीं पंजीकृत 1092 परीक्षार्थियों में 280 अनुपस्थित रहे। 812 उपस्थित रहे। परीक्षा के समय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी और कर्मचारियों ने केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। मदरसा बोर्ड परीक्षा के दूसरे दिन प्रथम पाली में 828 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 573 उपस्थित और 255 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 264 पंजीकृत में से 239 उपस्थित और 25 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रणव पाठक और विभागीय कर्मचारी मोअज्जम परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। सभी केंद्रों पर परीक्षा सकुशल संपन्न होती मिली। परीक्षा के समय सचल दलों के द्वारा भी केंद्रों का निरीक्षण किया गया।



# महिला कल्याण पोर्टल का दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता, दातागंज

● **22 फरवरी को डायट में होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी**

**अमृत विचार :** जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार के नेतृत्व में तहसील सभागार में महिला कल्याण विभाग की योजनाओं के पोर्टल से सम्बन्धित प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में पोर्टल से सम्बन्धित जानकारी, दी गई।

तहसील व ब्लॉक स्तर के क्षेत्रीय कार्मिकों लेखपाल, सचिव, एडीओ तथा पटल सहायकों को छवि वैश्य, जिला मिशन समन्वयक, नारायण देव सामाजिक कार्यकर्ता व हरवेन्द्र कुमार आकड़ा विश्लेषक तथा सरंक्षण अधिकारी रवि कुमार द्वारा अन्य योजनाओं के बारे में बताया गया। इसके बाद बाल विवाह तथा पॉश एक्ट के बारे में जानकारी देने को कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओ एवं बालिकाओं को सशक्तिकरण, स्वावलंबन, सुरक्षा, स्वास्थ, शिक्षा तथा कार्यस्थल पर महिला लैगिंक उत्पीड़न एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 22 फरवरी को डायट परिसर में होने वाले कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गयी। मुल्तजिम परामर्शदात चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा 18 वर्ष से कम आयु के बालक बालिकाओं की सहायता तथा 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नम्बर की जानकारी दी गई।

# शिक्षक नहीं करना चाहते बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

> इस बार बोर्ड परीक्षा में किसी भी शिक्षक की ड्यूटी नहीं काटी जाएगी। और न ही उनके आवेदन स्वीकृत किए जाएंगे। माध्यमिक शिक्षा परिषद से जारी की गई गाइडलाइन के तहत ही अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। जिसके आदेश सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य और स्कूल संचालकों को जारी किए गए हैं।
> 
> -**लालजी यादव**, जिला विद्यालय निरीक्षक।

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी से बचने के लिए शिक्षक तरह तरह के बहाना बना रहे हैं। ड्यूटी कटवाने को स्वास्थ्य खराब होने को लेकर शिक्षा विभाग में पत्र प्रस्तुत कर रहे हैं। लेकिन उनका यह बहाना नहीं चल पाएगा। इसके लिए उन्हें सीएमओ से अस्वस्थता का प्रमाण पत्र लाकर देना होगा। उसके बाद ही अवकाश प्रार्थना पत्र स्वीकृत किए जाएंगे। जिसके आदेश निदेशालय से जारी किए गए हैं।

यूपी बोर्ड हाईस्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू हो रही हैं। 12 मार्च को समाप्त हो रही है। परीक्षा के लिए जिले में 98 कॉलेज केंद्र बनाए गए हैं। इन पर 67945 परीक्षार्थी परीक्षा के लिए पहुंचेंगे। परीक्षा में करीब चार हजार से शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। जिसमें 25 सौ से अधिक बेसिक स्कूलों के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। बोर्ड परीक्षाओं में अक्सर यह देखा गया है कि कई प्रधानाचार्य, अध्यापक, केंद्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक का कार्य नहीं करना चाहते हैं। ड्यूटी से बचने के लिए तरह तरह के बहाने बनाते है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा।

बोर्ड की तरफ से भी आदेश जारी किया गया है कि कि यदि कोई शिक्षक ड्यूटी कटवाने के लिए आवेदन करता है, तो उसको स्वीकृत न किया जाए, बल्कि ऐसे शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस बार सभी शिक्षकों को ड्यूटी करनी होगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि इस बार बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी नहीं काटी जाएगी। और न ही उनके आवेदन स्वीकृत होंगे। शिक्षकों को सिर्फ आपात स्थिति में ही मुख्य चिकित्साधिकारी से जारी अस्वस्थता प्रमाणपत्र के आधार पर ही इन्हें अवकाश मिल सकेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी से प्रमाणित अस्वस्थता के प्रमाण पत्र की विभाग जांच कराएगा। जिसके ही मिलने पर ही शिक्षकों को बोर्ड परीक्षा से मुक्त किया जाएगा। यह सब कवायद बोर्ड परीक्षा के सफल संचालन के लिए किया जा रहा है।

## अंत्येष्टि स्थल के विकास को विधान परिषद सदस्य ने भेजा प्रस्ताव

**मैगलगंज, अमृत विचार:** विधान परिषद सदस्य अनूप कुमार गुप्ता ने नियम 110 के तहत एक पत्र भेजा है। सूचना पत्र के माध्यम से प्रमुख सचिव को उन्होंने अवगत कराया है कि ग्राम पंचायत रहजनिया स्थित मरघट अंत्येष्टि स्थल मुक्तिधाम में जन उपयोगी सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने मुक्तिधाम परिसर में बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराने, पेयजल व्यवस्था करने, जल अर्पण के लिए घाट का निर्माण तथा सौंदर्यीकरण की समुचित व्यवस्था कराए जाने की मांग की है। प्रस्ताव भेजे जाने पर ग्राम पंचायत रहजनिया के ग्रामीणों ने विधान परिषद सदस्य का आभार व्यक्त किया। इस संबंध में प्रधान प्रतिनिधि रहजनिया सुवांशिक विश्वकर्मा ने कहा कि ग्राम पंचायत के लिए यह प्रस्ताव अत्यंत उपयोगी है। मुक्तिधाम के विकास से ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के समय होने वाली कठिनाइयों से राहत मिलेगी।

# आठ घंटे बंद रही बिजली सप्लाई करीब दो लाख उपभोक्ता परेशान

## ढाक वाली जियारत के बिजली घर पर चल रहा था मरम्मत का काम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मंगलवार को ढाक वाली जियारत स्थित बिजली घर पर मरम्मत कार्य किया गया। पुरानी वीसीबी बदल कर नई वीसीबी लगाई गयी। जिससे सुबह 10 से शाम 6 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रही। बिजली सप्लाई बंद होने से करीब दो लाख लोगों को परेशानी हुयी। शाम को जब सप्लाई शुरू हुई तो उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

गर्मियों में उपभोक्ताओं को शेड्यूल के अनुसार निर्बाध गति से बिजली देने को विभाग तैयारी कर रहा है। सभी बिजली घरों पर मरम्मत कार्य किया जा रहा है। नई केबल् डाली जा रही है। जर्जर बिजली की लाइनों को बदला जा रहा है जिससे गर्मी में अधिक लोड पड़ने पर फाल्ट न हो। इसी के तहत मंगलवार को बिजली विभाग ने शहर की ढाक वाली जियारत स्थित बिजली घर पर मरम्मत कार्य किया।

मरम्मत करने को सुबह दस से शाम 6 बजे तक को बिजली सप्लाई बंद रही गयी। बिजल घर पर पुरानी वीसीबी बदल कर नई वीसीबी लगायी गयी। सभी तारों को बदला गया। पुरानी केबल को हटा कर नई केवल डाली गयी। बिजली घर के अंदर की मशीनों को दुरूस्त किया गया जिससे गर्मी में ट्रिपिंग को रोका जा सके। बिजली घर पर मरम्मत कार्य होने से आज शहर के डीएम रोड, डीएम कंपाउंड, कलेक्ट्रेट, मंडी समिति, बाला जी नगर, मझिया रोड, आदर्श नगर, सिविल लाइन, आवास विकास, कृष्णापुरी, फर्रुखाबाद रोड स्थित बुद्ध कॉलोनी, आदि मोहल्लों में बिजली सप्लाई बंद रही। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में रसूलपुर, दौरी, नरोत्तमपुर, सूरजपुर, सिमरिया, झंडापुर, उपरैला, इस्लामगंज, पड़ौआ, कुलचौरा, रूपापुर, सहित बीस गांवों में सुबह दस से शाम 6 बजे तक बिजली गुल रही शाम 6 बजे जब सप्लाई शुरू हुई तो उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

ढाक वाली जियारत स्थित बिजली घर को आने वाली 33 केवी की लाइन पर भी मरम्मत कार्य किया गया। तीन स्थानों पर नए तार डाले गए। जबकि कुछ जगहों पर झूलते तारों को ठीक किया गया। विभाग ने इस लाइन पर कुछ दिन पहले भी काम किया था लेकिन पूरा काम नहीं हो पाने से आज फिर से लाइनों को ठीक किया गया। उधर नवादा से आ रही बिजली की 33 केवी लाइन पर को करौलिया बिजली घर तक ठीक किया गया। करौलिया बिजली घर से करीब 60 गांवों को बिजली पोषित की जाती है। इस बिजली घर पर भी मरम्मत कार्य किया जाना है।

> ढाक वाली जियारत स्थित बिजली घर पर आज मरम्मत कार्य किया गया इसकी सूचना उपभोक्ताओं को पहले से दे दी गयी थी। काम पूरा होने के बाद शाम 6 बजे सप्लाई शुरू कर दी गयी। गर्मियों में निर्बाध गति से बिजली देने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए सभी बिजली घरों पर मरम्मत कार्य किया जा रहा है। लाइनों को दुरुस्त कर शेड्यूल के अनुसार बिजली दी जाएगी। फरवरी महीने में सभी लाइने व सभी बिजली घरों पर मरम्मत कार्य पूरा कर लिया जाएगा।
> –**संजीव कुमार**, अधिशासी अभियंता, प्रथम।

## करंट से गोवंश की मौत, किसान पर दर्ज रिपोर्ट

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव निवासी तेजपाल यादव पुत्र चंद्रपाल यादव ने अपनी आलू की फसल को सुरक्षित करने के लिए तारकशी की थी। जिसमें करंट भी छोड़ा गया था। जिसके संपर्क में आकर करंट लगने से गोवंश की मौत हो गई थी। गोवंश का शव दूर ले जाकर फेंका था। पशु प्रेमी अरविंद शर्मा ने तहरीर दी। आरोप है कि पुलिस ने दो-तीन बार तहरीर बदलवाई और फिर तहरीर वापस लेने का दबाव बनाया। जिसके चलते मेनका गांधी को मामले के बारे में बताया गया। तब पुलिस ने प्रखर अग्रवाल की तहरीर पर तेजपाल यादव पर रिपोर्ट दर्ज की है। थानाध्यक्ष राजेश कौशिक ने बताया कि प्रखर अग्रवाल दूसरे युवक अरविंद के नाम से तहरीर लेकर आए थे। अरविंद थाने पर मौजूद नहीं थे। अब प्रखर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। तहरीर बदलवाने का आरोप निराधार है।

# कासगंज के युवक का मिला शव, हत्या का आरोप

संवाददाता, उझानी

- परिजनों के अनुसार रात में फोन करके केशव ने जबरन शराब पिलाने की कही थी बात

**अमृत विचार :** बरेली-मथुरा राजमार्ग किनारे उझानी क्षेत्र के गांव फूलपुर के पास कासगंज के युवक का शव मिला। प्रथम दृष्टया पुलिस सड़क हादसा मान रही है वहीं परिजनों ने हत्या करके शव फेंकने की आशंका व्यक्त की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।


केशव रस्तोगी।

मंगलवार सुबह किसी ने पुलिस को सूचना दी कि राजमार्ग किनारे किसी युवक का शव पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची। युवक की जेब चेक की तो उसमें आधार कार्ड निकला। जिसके अनुसार शव कासगंज के नाथूराम खरंजा निवासी केशव रस्तोगी (25) पुत्र विनय रस्तोगी का था।

पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। मृतक के पिता ने बताया कि केशव अपने चाचा बदायूं निवासी अनुज रस्तोगी के निधन पर शाम 7 बजे बस से गए थे। रात लगभग 11 बजे केशव का फोन आया कि किसी ने उन्हें जबरदस्ती शराब पिलाई है। वह नशे में हैं। वहां आकर उन्हें ले जाएं। परिजन उनकी बताई जगह पर पहुंचे लेकिन वहां केशव नहीं थे। केशव का मोबाइल फोन बंद आ रहा था।

रात भर युवक की तलाश करने के बाद भी पता नहीं चला। मंगलवार सुबह पुलिस का फोन आने पर पता चला कि केशव की मौत हो गई है। उझानी कोतवाल प्रवीण कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया युवक की मौत सड़क हादसे में लग रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गड्ढे में जलभराव से गिर रहे राहगीर, अनदेखी कर रहे जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कादरचौक से उसहैत मार्ग पर टूटा हुआ मार्ग राहगीरों की परेशानी का सबब बना हुआ है। जहां सड़क के गड्ढे में हुए जलभराव में अक्सर वाहन सवार गिरकर चोटिल हो जाते हैं। कई बार शिकायत के बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। जिम्मेदार लगातार अनदेखी कर रहे हैं।

विकास क्षेत्र कादरचौक में एक मार्ग थाने के बराबर से उसहैत के लिए जा रहा है। रास्ते में गांव लभारी के पास सड़क टूटी हुई है। सड़क में गहरे गड्ढे हैं। जिसमें घरों का गंदा पानी भरा रहता है। इस मार्ग से रोजना गुजरने वाले लोग तो संभलकर चलते हैं और पार कर जाते हैं लेकिन नए लोगों को जलभराव की वजह से गड्ढों का अंदाजा नहीं हो पाता और इस गंदे पानी में गिर जाते हैं। पास में ही कॉलेज है।

कॉलेज जाते समय बच्चों को भी संभलकर चलना मजबूरी है। सड़क से वाहन के गुजरने पर उन्हें इंतजार करना पड़ता है। तो कई बार साइकिल से कॉलेज जाने वाले बच्चे गिर जाते हैं।

मजबूरी में उन्हें कॉलेज की छुट्टी करनी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क दुरुस्त कराने के लिए कई बार ज्ञापन दिए गए लेकिन जनप्रतिनिधि या अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।


सड़क से वाहनों के गुजरने के इंतजार में खड़े बच्चे। • अमृत विचार


कादरचौक से उसहैत मार्ग के गड्ढे में पलटा ई-रिक्शा। • अमृत विचार


चुनाव के समय तो जनप्रतिनिधि तरह-तरह के वादे करते हैं। अब उन लोगों से यह छोटी सी सड़क की मरम्मत भी नहीं कराई जा रही है। जिससे परेशानी दूर हो। –**हरवीर वर्मा।**


सड़क से गुजरते समय बाइक सवार गिर जाते हैं और ई-रिक्शा पलट जाते हैं। शिकायतों के बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। –**आशुतोष सोलंकी।**


सड़क का छोटा सा ही टुकड़ा टूटा हुआ है। समस्या के निस्तारण के लिए कई बार ज्ञापन दिए गए लेकिन किसी भी अभी तक इस ओर ध्यान नहीं दिया है। –**शिवम गुप्ता।**


यह सड़क ग्रामीणों के लिए नासूर बन गई है। कादरचौक और उसहैत को जोड़ने वाली इस सड़क की हालत खराब होने से बहुत परेशानी हो रही है। –**उमेश गुप्ता।**

- **कादरचौक से उसहैत मार्ग पर गड्ढे में पानी भरने से पलट रहे वाहन**
- **कॉलेज जाते समय बच्चों को भी संभलकर चलना होता है**


कॉलेज जाने वाले बच्चों को परेशानी होती है। मुख्य मार्ग होने के बाद भी मरम्मत नहीं कराई जा रही, जिससे लोग आक्रोशित हैं। –**रजत मौर्य।**

# सुजानपुर मार्ग तालाब में हुआ तब्दील


कीचड़ भरे रास्ते से गुजरते स्कूली बच्चे। • अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** विकास क्षेत्र बिसौली के ग्राम सुजानपुर को जाने वाला मार्ग अत्यंत जर्जर है। इसमें गहरे गड्ढे होने के कारण सड़क तालाब में तब्दील हो गई है। सड़क किनारे दोनों ओर नाली नहीं होने से घरों का पानी सड़क पर एकत्रित होता रहता है। विद्यालय आने वाले छात्र छात्राओं का निकलना दूभर हो गया है।

रानेट और साहनपुर से आने वाले छात्र छात्राओं को अत्यंत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क खराब होने के कारण आसपास के गांव से आने वाले बच्चे विद्यालय नहीं पहुंच पा रहे हैं।अभिभावकों का कहना है कि उनके बच्चे कई बार पानी में गिर चुके हैं, जिससे वो चोटिल हो चुके हैं। ज्ञात रहे बिसौली से साहनपुर सुजानपुर रानेट मार्ग पिछले तीन वर्षों से अत्यंत जर्जर है। कुछ समय पूर्व सोत नदी के जर्जर पुल पर आवागमन को जब रोका गया तो सारा यातायात भी इसी से होकर निकला, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो चुकी है। विधायक आशुतोष मौर्य भी इसके प्रति चिंता जाहिर कर चुके हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा भी इस सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग को पत्र लिख चुके हैं। लेकिन कोई कार्रवाई धरातल पर नहीं दिखी है।

## अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हुआ शोधपत्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शोध कार्य जटिल रोगों के गणितीय मॉडलिंग पर आधारित

**अमृत विचारः** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गणित विभाग में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सचिन कुमार के दो महत्वपूर्ण शोध पत्र अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशन हेतु स्वीकार किए गए हैं। उनके ये दोनों शोध पत्र विज्ञान जगत के मानक एससीआई इंडेक्स में शामिल हैं। शोधपत्र प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित होने पर शिक्षकों ने हर्ष जताया है।


सचिन कुमार।

डॉ. सचिन कुमार का शोध कार्य जटिल रोगों के गणितीय मॉडलिंग पर आधारित है। इसमें ब्रुसेलोसिस संक्रमण (पशुओं से इंसानों में फैलने वाला रोग) को समझने के लिए न्यूरल नेटवर्क का उपयोग किया गया है। दूसरे शोध पत्र में कैंसर ट्यूमर की वृद्धि को समझने और उसके समाधान के लिए एक आधुनिक गणितीय ढांचा प्रदान करता है। इस शैक्षणिक उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्य लेफ्टिनेंट डॉ श्रद्धा गुप्ता ने डॉ. सचिन कुमार को बधाई दी है।

# गांव लाया गया शव तो परिवार में मचा कोहराम

संवाददाता, मितौली

- **गमगीन माहौल हुई अंत्येष्टि, पिता ने दी मुखाग्नि**
- **मनीष राठौर की मौत की हत्या की रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव लल्हौवा निवासी युवा व्यापारी का सोमवार को खून से लथपथ शव मिला था। उसके गले के नीचे गोली लगने के निशान थे और एक हाथ में तमंचा था। पुलिस ने तीन डॉक्टरों के पैनल से मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद जब शव घर लाया गया तो परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। घटना को लेकर गांव में लोगों में आक्रोश है। उधर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच तेज कर दी है।

लल्हौवा गांव निवासी किराना व्यापारी मनीष राठौर (32) पुत्र वेदनाथ सोमवार को बाइक से दुकान का सामान लेने मितौली के लिए निकले थे। देर शाम उनके भाई शैलेंद्र कुमार उर्फ सोनू ने नहर पटरी के दाहिने मार्ग पर मनीष का शव पड़ा देखा। घटनास्थल पर मृतक की बाइक कुछ दूरी पर गांव की ओर एक पेड़ के सहारे खड़ी मिली। प्रारंभिक जांच में मनीष को जबड़े के नीचे गोली लगने की बात सामने आई, वहीं दाहिने हाथ में तमंचा फंसा होने से मामले को लेकर कई तरह के सवाल खड़े हो गए।


मृतक के घर पर लगी लोगों की भीड़। • अमृत विचार

मंगलवार को डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया, जिसकी वीडियोग्राफी भी की गई। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा। शव आते ही घर में चीख पुकार मच गई। गमगीन माहौल में परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पिता वेदनाथ ने बेटे को मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी थी। थाना प्रभारी महेश पाठक ने बताया कि तहरीर के आधार पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट पुलिस को नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच की दिशा तय हो सकेगी। हालांकि पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों बिंदुओं को मानकर अपनी जांच कर रही है।

## बिजली पोल से टकराई अनियंत्रित पिकअप

संवाददाता, कादरचौक

- **पिकअप चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की**

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के ग्राम सिमर्रा लभारी में मंगलवार को एक तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप बिजली के पोल से टकरा गई। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिकअप वाहन तेज गति से आ रही थी। और अचानक अनियंत्रित होकर गांव में लगे बिजली के पोल से जा टकराई। संयोगवश घटना के समय मौके पर विद्युत विभाग के कर्मचारी मौजूद थे, जिससे स्थिति और गंभीर होने से बच गई। टक्कर के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने पिकअप चालक को पकड़ लिया, जिसको लेकर कुछ देर तक कहासुनी भी हुई। हालांकि बाद में वाहन और चालक को छोड़ दिया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे ग्रामीणों में नाराज़गी देखी गई। इस संबंध में कादरचौक के अवर अभियंता (जेई) नासिर हुसैन ने बताया कि वे उस समय विभागीय कार्य से बाहर थे, लेकिन सूचना मिलते ही अन्य कर्मचारियों को मौके पर भेजा गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**कड़ा रवैया** | चंदौसी रोड पर गन्ना विभाग ने बकाया को लेकर की चेकिंग, शिकायत पर अवैध खरीद पर अंकुश लगाने की तैयारी

# गन्ने की अवैध खरीद रोकने को बिसौली क्षेत्र में सख्ती

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गन्ना की अवैध खरीद रोकने को विभाग ने मुरादाबाद रोड पर पहरेदारी शुरू कर दी है। एमएफ हाईवे से गुजरने वाले गन्ना लदे वाहन चालकों से पूछताछ की जा रही है। खरीद के बारे में जानकारी करने के बाद ही उन्हें जाने दिया जा रहा है। विभाग को आशंका है कि इधर से गन्ना माफिया दूसरे जिले को गन्ना पहुंचा रहे हैं।

पिछले साल का बकाया भुगतान न करने पर बिसौली चीनी मिल बंद हो जाने के बाद से गन्ना किसान अपना गन्ना बेचने को परेशान हैं हालांकि विभाग ने दूसरी चीनी मिलों को करीब आधा दर्जन से अधिक गन्ना क्रय केंद्र आवंटित किए हैं जहां पर गन्ना किसान अपना गन्ना पहुंचा रहे हैं। इसके बाद भी गन्ना विभाग ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। जनपद का गन्ना कुछ बिचौलिए पिछली साल एमएफ हाईवे से होकर दूसरे जिलों को ले जाते पकड़े गए थे। इसलिए एक बार फिर गन्ना विभाग ने मुरादाबाद रोड पर सतर्कता बढ़ा दी है।



सड़क पर दौड़ रहा गन्ना लदा वाहन। • अमृत विचार

विभाग ने अपनी चार टीमें एमएफ हाईवे पर जगह जगह लगाए हैं जो गन्ना लदे वाहनों को रोक कर जानकारी करती हैं। गन्ना कहां से खरीदा है। गन्ने की पर्ची किसके नाम है। गन्ना कहां ले जाया जा रहा है आदि जानकारी करने के बाद ही गन्ना लदे वाहनों को आगे जाने दिया जा रहा है। विभाग का कहना है कि गन्ना किसानों की उपज बिचौलिए नहीं खरीद पाएंगे। उनका गन्ना चीनी मिलों पर ही जाएगा।

जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल ने मंगलवार को बताया कि जिन चीनी मिलों को नए क्रय केंद्र आवंटित किए गए हैं उन्हीं पर किसान गन्ना डालेंगे। चीनी मिलों ने अपने अपने क्षेत्रों में क्रय केंद्र खोले हैं जहां पर लगातार गन्ना पहुंच रहा है। एमएफ हाईवे पर चेकिंग शुरू कर दी गयी है। इस रोड से जिले का गन्ना अवैध रूप से बाहर नहीं ले जाने दिया जाएगा। इसके लिए चार टीमें लगाई गई हैं। इसके अतिरिक्त गन्ना क्रय केंद्रों पर भी छापेमारी की जा रही है। गन्ने की घटतौली न हो इसके लिए क्रय केंद्र प्रभारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं।

### क्रय केंद्रों से गन्ने का उठान कराने के निर्देश

गुलड़िया और लखनपुर क्षेत्र में बनाए गए क्रय केंद्रों पर गन्ने स्टाक न रखने के निर्देश दिए गए हैं। कुनार और लखनपुर के क्रय केंद्रों पर क्षेत्र के किसानों का गन्ना बड़ी मात्रा में पहुंच रहा है। ऐसे में गन्ना किसानों को गन्ना उतारने को जगह नहीं मिल रही है इसलिए गन्ना विभाग ने निर्देशित किया है कि गन्ने का उठान तेजी से कराया जाए जिससे क्रय केंद्रों पर गन्ने का स्टॉक न रहे। किसानों को पर्याप्त जगह मिले। क्रय केंद्रों का निरीक्षण करते समय गन्ना अधिकारी ने उक्त दिशा निर्देश दिए हैं।

## विद्यार्थियों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल


विद्यार्थियों को गोली खिलाते शिक्षक। • अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचारः** नगर के बाबा इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल टैबलेट खिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में कृमि संक्रमण की रोकथाम और इसके प्रति जागरूकता फैलाना रहा। डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय व निदेशिका साधना वार्ष्णेय ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की शुरुआत वर्ष 2015 में हुई थी, जो स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की महत्वपूर्ण पहल है। इसका लक्ष्य प्रत्येक बच्चे को कृमि मुक्त बनाना है। प्रधानाचार्य रूपा माहेश्वरी ने कहा कि बच्चों का अच्छा स्वास्थ्य ही समाज के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। उन्होंने पौष्टिक आहार, स्वच्छता और नियमित दिनचर्या पर जोर दिया। इस मौके पर प्रशासक अमित माहेश्वरी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

आवश्यकता है
अनुभवी व्यक्तियों की
- आयुष्मान मित्र
- पी.आर.ओ. (पब्लिक रिलेशन ऑफिसर)
- कंप्यूटर ऑपरेटर
- सिक्यूरिटी गार्ड
- कुक (रसोइया)/कुक हेल्पर

वेतन योग्यतानुसार
सम्पर्क करें
एच.आर. ऑफिस एडमिन ब्लाक
वरूण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
एन.एच.-30 बन्थरा, शाहजहाँपुर
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक
मो. 7521001986

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# आईजीआरएस : बरेली परिक्षेत्र को उत्तर प्रदेश में पहला स्थान

## चारों जिलों और 88 थानों को भी संयुक्त रूप से प्रदेश में प्रथम स्थान मिला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों का समय पर निस्तारण में शासन द्वारा जारी रैंकिंग में माह जनवरी में बरेली परिक्षेत्र ने उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बरेली परिक्षेत्र के जनपद बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इसके अलावा परिक्षेत्र के कुल 88 थानों को भी संयुक्त रूप से प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।



अजय कुमार साहनी

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बताया कि माह जनवरी में बरेली जनपद के कोतवाली, महिला थाना, सुभाषनगर, फतेहगंज पश्चिमी, किला, शेरगढ़, सीबीगंज, बिशारतगंज, शाही, बारादरी, इज्जतनगर, भुता, भोजीपुरा, नवाबगंज, आंवला, भमोरा, शीशगढ़, प्रेमनगर, सिरौली, बिथरीचैनपुर, कैन्ट, फतेहगंज पूर्वी, फरीदपुर, अलीगंज, क्योलड़िया, हाफिजगंज, बहेड़ी और मीरगंज शामिल हैं। वहीं बदायूं जनपद के 20 थाने कुवरगांव, महिला थाना, बिनावर, जरीफनगर, अलापुर, सहसवान, फैजगंज बेहटा, इस्लाम नगर, वजीरगंज, दातागंज, मुजरिया, बिल्सी, बिसौली, उझानी, उसांवा, कादरचौक, उघैती, मुसाझाग, हजरतपुर, सिविल लाइंस हैं।

इसी तरह पीलीभीत जनपद के 17 थाने महिला थाना, माधोटांडा, बरखेड़ा, करेली, कोतवाली, हजारा, जहानाबाद, सेहरामऊ उत्तरी, दियोरिया कलां, घुंघचाई, न्यूरिया, पूरनपुर, गजरौला, बीसलपुर, सुनगढ़ी, अमरिया, बिलसंडा शामिल हैं। शाहजहांपुर के सभी 23 थाने महिला थाना, रामचंद्र मिशन, खुटार, सिंधौली, कोतवाली, परौर, बण्डा, कलान, अल्हागंज, सेहरामऊ दक्षिणी, रोजा, मदनापुर, निगोही, मिर्जापुर, कांट, सदर बाजार, पुवायां, गढ़िया रंगीन, तिलहर, कटरा, खुदागंज, जैतीपुर, जलालाबाद ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

**सम्मानित किए जाएंगे पुलिसकर्मी**

डीआईजी ने बताया कि जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में विगत माह में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर परिक्षेत्र कार्यालय में कार्यरत आईजीआरएस कर्मी उनि शालू, कम्प्यूटर ऑपरेटर अमरेन्द्र कुमार व आरक्षी सलिल सक्सेना को नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। परिक्षेत्र के जिन जनपदों और थानों का आईजीआरएस के जन शिकायतों के निस्तारण में प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है उनके कार्यों की समीक्षा की जायेगी।

## बरेली होकर चलेगी राजकोट-लालकुआं साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर मंडल की तरफ से होली पर यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी नंबर 05045/05046 लालकुआं-राजकोट-लालकुआं साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी का संचालन लालकुआं से 1 से 29 मार्चतक प्रत्येक रविवार को और राजकोट से 2 से 30 मार्च तक प्रत्येक सोमवार को किया जाएगा। इज्जतनगर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि गाड़ी नंबर 05045 लालकुआँ-राजकोट साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी लालकुआं से 12.35 बजे प्रस्थान कर किच्छा 13.00 बजे पहुंचेगी।


**पब्लिक नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स जी. पी. इण्डस्ट्रीज द्वारा पार्टनर गुरवीर सिंह एवं रोहित कालरा की एक किता अकृषक आराजी क्षेत्रफल 0. 2280 हे. यानि 2280 वर्गमीटर स्थित ग्राम नबादा वन तहसील फरीदपुर जिला बरेली की है। उक्त आराजी को बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा श्यामगंज, जिला बरेली से व्यापार हेतु ऋण वास्ते बंधक रखा जा रहा है। इस सम्पत्ति की बाबत पिछला एक मूल विक्रय पत्र, जिसकी रजिस्ट्री कार्यालय सब रजिस्ट्रार फरीदपुर, बरेली में बुक नं. 1 खण्ड 3321 पेज नं. 11-26 क्रम सं. 10087 दिनांक 18.10.2014 हुयी है, कहीं खो गया है जिसकी सूचना पुलिस को LAR20260000153556 दिनांक 09.02.2026 के द्वारा दी जा चुकी है। इस विक्रय पत्र की अनुउपलब्धता के विषय में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों व साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में समान्य कार्य दिवस की कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। उपरोक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

**शरद चन्द्र मिश्रा**
**च.नं. 39, ट्रेजरी रोड, कचहरी, बरेली।**

**कार्यालय प्रधानाचार्य, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बरेली**

पत्रांक : ध्वस्तीकरण/630-34/2025-26 **नीलामी सूचना** दिनांक: 09.02.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बरेली का चतुर्थ श्रेणी आवास एवं गैराज जो जीर्ण/शीर्ण एवं जर्जर हो चुका है, जिसका ध्वस्तीकरण/नीलामी शिक्षा निदेशक (मा.), उ.प्र., प्रयागराज की अनुमति पर किया जाना है। तकनीकी कमेटी द्वारा उक्त जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण सहित मलवे का न्यूनतम मूल्य रु 2,13,398/- निर्धारित किया गया है। उक्त नीलामी/बोली दिनांक 13.02.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, के प्रधानाचार्य कक्ष में की जायेगी। इच्छुक ठेकेदार/व्यक्तियों को सूचना दी जाती है कि वे खुली नीलामी/बोली में प्रतिभाग कर सकते हैं। नीलामी हेतु शर्तें निम्नवत हैं :-

(01) न्यूनतम बोली अनुमानित तकनीकी कमेटी की धनराशि से कम पर नहीं होगी। (02) नीलामी में भाग लेने वाले ठेकेदार के पास आधार कार्ड एवं पैन कार्ड होना अनिवार्य है। (03) नीलामी में भाग लेने वाले ठेकेदार को जमानत रूप में न्यूनतम रु 10670/- नकद नीलामी शुरू होने से पहले जमा करना होगा, तभी नीलामी में भाग ले सकेंगे। (04) नीलामी की अधिकतम धनराशि बोलने वाले को, ठेकेदार के रूप में अधिकृत माना जायेगा। (05) नीलामी के बाद अंतिम नीलामी की धनराशि को, ठेकेदार के द्वारा नगद/बैंक ड्राफ्ट उसी दिन कार्यालय में जमा करना होगा एवं मलवे को विद्यालय परिसर से उठा लेना होगा। (06) नीलामी के समय जो टैक्स, आयकर, स्टाम्प या अन्य जो भी व्यय होगा, उसको ठेकेदार द्वारा वहन किया जायेगा। (07) नीलामी के बाद जर्जर भवनों का ध्वस्तीकरण शासकीय भवन/मुख्य सड़क को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से किया जायेगा। जर्जर भवनों का ध्वस्तीकरण दो दिन के अन्दर पूर्ण करना होगा। यदि किसी प्रकार की कोई भी क्षति होती है तो उसकी भरपाई ठेकेदार को करनी होगी।

**प्रधानाचार्य-राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बरेली।**

**कार्यालय जिला पंचायत, पीलीभीत**

पत्रांक : 1996/नि.अनु./जि.पं./2025-26 दिनांक : 10.02.26

**अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

शासनादेश सं.-1488/33-2-2020-80 जी/2000 दिनांक 24 जुलाई 2020 पंचायतीराज अनुभाग-2 उ.प्र. शासन के अनुपालन में समस्त जिला पंचायतों में पंजीकृत ठेकेदारों के अतिरिक्त राज्य सरकार के सिंचाई विभाग एवं लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग एवं पन्द्रहवां वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत पूर्व में आमंत्रित 207 परियोजनाओं में से असफल 25 परियोजनाओं की पुन: अल्पकालिक ई-निविदा सूचना संख्या-1995/नि.अनु./जि.पं./2025-26 दिनांक 10.02.2026 द्वारा दिनांक 20.02.2026 को अपरान्ह 02 बजे तक ई-निविदायें आमंत्रित जाती है, जिन्हें दिनांक 20.02.2026 को ही अपरान्ह 03:00 बजे से कार्यालय जिला पंचायत पीलीभीत में गठित समिति द्वारा ऑनलाइन खोला जायेगा। ई-निविदा दिनांक 12.02.2026 से दिनांक 20.02.2026 को अपरान्ह 02 बजे तक वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर डाउनलोड कर अपलोड की ाज सकती है। ई-निविदाओं की तकनीकी एवं वित्तीय बिड ऑनलाइन खोलने के उपरान्त न्यूनतम निविदादाता द्वारा अपने समस्त मूल अभिलेख कार्यालय में प्रस्तुत किये जायेंगे। निविदादाता द्वारा वांछित मूल अभिलेख/स्वप्रमाणित प्रपत्र प्रस्तुत न किये जाने पर शासनादेशानुसार कार्यवाही की जायेगी।

| (जयपाल लोधी) | (धर्मेन्द्र कुमार) | (डा. दलजीत कौर) |
|---|---|---|
| अभियन्ता | अपर मुख्य अधिकारी | अध्यक्ष |
| जिला पंचायत, पीलीभीत | जिला पंचायत, पीलीभीत | जिला पंचायत, पीलीभीत |


## 12.75 लाख से अधिक ले रहे हैं पेंशन तो कोषागार को दें सूचना

**बरेली, अमृत विचार:** कोषागार बरेली से पेंशन प्राप्त करने वाले जिन भी लोगों की पेंशन 12.75 लाख से अधिक है। उन्हें कोषागार को इसकी सूचना 20 फरवरी तक अनिवार्य रुप से देनी होगी।

मुख्य कोषागार अधिकारी जिले से रिटायर्ड पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनरों के लिए निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि जो भी पेंशनर 12.75 लाख से ऊपर की आयकर की सीमा में आते हैं, वह अपना आयकर संबंधी विवरण पटल सहायक को 20 फरवरी तक अनिवार्य रूप से जमा कर दें। जिससे अगले वित्तीय वर्ष में प्राप्त पेंशन पर समय से आयकर की गणना करके नियमानुसार आयकर कटौती की जा सके।

# टीकाकरण को गयी पशुधन प्रसार अधिकारी से मारपीट

- **कैंट के लालपुर गांव में टीकाकरण को पहुंची थी महिला अधिकारी**
- **पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके शुरु की जांच**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** ब्लॉक क्यारा के लालपुर गांव में राजकीय एफएमडी (मुंहपका-खुरपका) टीकाकरण अभियान के दौरान पशुधन प्रसार अधिकारी के साथ अभद्रता, गाली-गलौज और जानलेवा हमला कर दिया गया। किसी तरह से उन्होंने मौके से भागकर जान बचाई। महिला अधिकारी की तहरीर पर कैंट पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के महानगर उत्सव पार्ट 2 निवासी स्नेह सिंह राठौर ने बताया कि वह कैंट के ब्लॉक क्यारा पशु सेवा केंद्र पर पशुधन प्रसार अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि वह सोमवार को क्षेत्र के लालपुर गांव में मुंहपका, खुरपका गांव में टीकाकरण के लिए गई थीं। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही रामदास और उसके बेटों ने टीकाकरण कराने से इंकार करते हुए गाली गलौज शुरु कर दी। आरोप है कि उसके बाद ईंट उठाकर जान से मारने का प्रयास किया और वैक्सीन छीनकर जमीन पर फेंक दी। उसके बाद उसने किसी तरह से मौके से भागकर जान बचाई। पशुधन प्रसार अधिकारी की तहरीर पर कैंट पुलिस ने सरकारी काम में बाधा डालने और मारपीट के साथ जान से मारने की धमकी देने के मामले में रामदास और उसके बेटों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरु कर दी है।

## महाविद्यालयों के लिए नैक मूल्यांकन अनिवार्य

**बरेली, अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने गुणवत्ता सुधार और राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक मानकों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सभी संबद्ध महाविद्यालयों के लिए नैक मान्यता प्राप्त करना अनिवार्य कर दिया है। कुलसचिव के ओर से जारी निर्देशों में सभी महाविद्यालय के प्राचार्य नैक पोर्टल पर शीघ्र पंजीकरण कर संस्थागत गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ का गठन करें। आवश्यक दस्तावेजों का संकलन समयबद्ध ढंग से पूर्ण करें। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, उच्च शिक्षा में गुणवत्ता मूल्यांकन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नैक मान्यता आवश्यक है। विश्वविद्यालय से जुड़े अधिकांश महाविद्यालयों ने निर्देशों के बाद अपनी तैयारी शुरू कर दी है। महाविद्यालय की ओर से स्वमूल्यांकन रिपोर्ट, शैक्षणिक गतिविधियों का अभिलेख, अधोसंरचना विवरण व शोध संबंधी दस्तावेजों को व्यवस्थित किया जा रहा है।

## यूपी बोर्ड : नकल के रास्ते बंद, हर पन्ने पर लिखना होगा क्रमांक

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा में नकल करने वालों के लिए इस बार ऐसे सख्त नियम लागू किए हैं, जो नकल माफियाओं के सारे खेल को ध्वस्त कर देंगे। उत्तर पुस्तिकाओं के हर पन्ने पर अनुक्रमांक और उत्तर पुस्तिका का क्रमांक लिखना अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे किसी भी तरह के पन्नों के बदलाव या फर्जी कॉपियों का खेल असंभव हो जाएगा। उत्तर पुस्तिकाओं का नया लंबा फार्मेट भी पारंपरिक चौड़ाई वाले फार्मेट की जगह लेगा। दो कवर पेज रखने से मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी तरह गोपनीय और पारदर्शी होगी। यानि जो छात्र बिना पढ़े नकल के भरोसे पास होने की सोच रहे हैं, उनके लिए ये नियम सीधे तौर पर चेतावनी हैं। जिले में 18 फरवरी से होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के लिए 129 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

## रुहेलखंड विश्वविद्यालय में खेले गए गिल्ली-डंडा और कंच

**बरेली, अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फूले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के बहुउद्देशीय क्रीड़ा मैदान में 51वें स्थापना दिवस का शुभारंभ मंगलवार कुलपति प्रो . केपी सिंह ने गुब्बारे उड़ाकर और पारंपरिक खेल सपोलिया, गुल्ली डंडा तथा कंचे खेल कर किया।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, पीलीभीत।**

पत्रांक 241/31ए **अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना** दि0 02/02/2026

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, पीलीभीत द्वारा लोक निर्माण विभाग में श्रेणी ''ए0 बी0, सी0, डी'' मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत योग्य ठेकेदारों से प्रतिशत दरों पर बिड आमंत्रित की जाती है। बिड प्रस्तुत करते समय निविदा के आई0टी0बी0 के प्रस्तर-4 में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बिड अपलोड करें।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लागत (लाख रू0 में) अनुमानित लागत | 05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत | कुल अनुमानित लागत | बिड सिक्यूरिटी (रू0 लाख में) | बिड डाक्यूमेन्ट का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | गन्ना विभाग से हस्तान्तरित मार्गो पर चीनी मिल परीक्षेत्र योजनान्तर्गत पुनर्निर्माण कार्य | | | | | | | |
| 1 | बीसलपुर पीलीभीत रोड से मोहम्मदपुर अमखिड़िया (गन्ना विभाग) सम्पर्क मार्ग पर पुनःनिर्माण का कार्य। | 24.00 | 1.40 | 25.40 | 2.54 | 944.00 | 02 Month | A,B,C,D |
| 2 | तिल्छी करेली पक्की रोड से भगवन्तापुर (गन्ना विभाग) सम्पर्क मार्ग पर पुनःनिर्माण का कार्य। | 25.00 | 1.90 | 26.90 | 2.69 | 944.00 | 02 Month | A,B,C,D |
| 3 | भैसहा ग्वालपुर से भैसई पर्वत से सीसी रोड से आगे का भाग (गन्ना विभाग) सम्पर्क मार्ग पर पुनःनिर्माण का कार्य। | 13.00 | 0.55 | 13.55 | 1.36 | 944.00 | 02 Month | A,B,C,D |

3. बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 12.02.2026 से दि0 20.02.2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है, जिनकी तकनीकी बिड तद्‌दिनांक 20.02.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।
4. निविदा से सम्बन्धित जानकारी http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगी।

(एस0के0 जैन) अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, पीलीभीत।

UP-245654 दिनांक 09.02.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,**
**निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, लखीमपुर-खीरी**

पत्रांक- 187/निविदा सूचना/2025 **ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस** दिनांक-04.02.2026

अधिषासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, लखीमपुर-खीरी द्वारा महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के श्रेणी ए,बी,सी एवं डी में पंजीकृत निविदाताओं से ई-टेडरिंग के माध्यम से जनपद लखीमपुर-खीरी में पैच मरम्मत कार्य हेतु निम्नलिखित कार्य जिनकी निर्माण लागत सम्मुख अंकित है, प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित करते है।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | निविदा की लागत (रू0. लाख) | बिड सिक्योरिटी (रू0. लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित)(रू0.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लखीमपुर-खीरी | जनपद लखीमपुर-खीरी के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता प्रथम के क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्ग/अन्य जिला मार्ग/प्रमुख जिला मार्ग/राज्य मार्ग पर पैच मरम्मत का कार्य। | 11.00 | 1.10 | Rs.855.00 | 09 माह |
| 2 | '' | जनपद लखीमपुर-खीरी के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता द्वितीय के क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्ग/अन्य जिला मार्ग/प्रमुख जिला मार्ग/राज्य मार्ग पर पैच मरम्मत का कार्य। | 11.00 | 1.10 | Rs.855.00 | 09 माह |
| 3 | '' | जनपद लखीमपुर-खीरी के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता तृतीय के क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्ग/अन्य जिला मार्ग/प्रमुख जिला मार्ग/राज्य मार्ग पर पैच मरम्मत का कार्य। | 11.00 | 1.10 | Rs.855.00 | 09 माह |
| 4 | '' | जनपद लखीमपुर-खीरी के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता चतुर्थ के क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्ग/अन्य जिला मार्ग/प्रमुख जिला मार्ग/राज्य मार्ग पर पैच मरम्मत का कार्य। | 11.00 | 1.10 | Rs.855.00 | 09 माह |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 12.02.2026 से दिनांक 16.02.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 16.02.2026 को समय मध्यान्ह 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 16.02.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

UP-245706 दिनांक 09.02.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(के0के0 झा) अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1,लो0नि0वि0, लखीमपुर-खीरी

**पूर्वोत्तर रेलवे** सूचना संख्या 14/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने हेतु होली विशेष गाड़ियों का संचालन** निम्नवत् किया जायेगाः-



**गाड़ी सं. 05045/05046 लालकुआँ - राजकोट - लालकुआँ होली विशेष गाड़ी**

गाड़ी सं. 05045 लालकुआँ से रविवार 01.03.26 से 29.03.26 = कुल 05 फेरे
गाड़ी सं. 05046 राजकोट से सोमवार 02.03.26 से 30.03.26 = कुल 05 फेरे

| 05045 लालकुआँ - राजकोट आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | 05046 राजकोट - लालकुआँ आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| - | 12.35 | लालकुआँ | 05.15 | - |
| 12.58 | 13.00 | किच्छा | 04.35 | 04.37 |
| 13.16 | 13.18 | बहेड़ी | 04.15 | 04.17 |
| 13.50 | 13.52 | भोजीपुरा | 03.48 | 03.50 |
| 14.10 | 14.15 | इज्ज़तनगर | 03.33 | 03.35 |
| 14.30 | 14.35 | बरेली सिटी | 03.13 | 03.15 |
| 14.45 | 14.50 | बरेली | 02.50 | 02.55 |
| 15.33 | 15.35 | बदायूँ | 01.53 | 01.55 |
| 16.18 | 16.20 | सोरों शुकर | 01.13 | 01.15 |
| 17.05 | 17.15 | कासगंज | 00.40 | 00.50 |
| 18.13 | 18.15 | हाथरस सिटी | 23.30 | 23.32 |
| 19.03 | 19.05 | मथुरा कैंट | 22.58 | 23.00 |
| 19.20 | 19.25 | मथुरा | 22.40 | 22.45 |
| 21.00 | 21.05 | भरतपुर | 20.30 | 20.35 |
| 23.38 | 23.40 | दौसा | 17.20 | 17.22 |
| 00.35 | 00.45 | जयपुर | 16.25 | 16.35 |
| 01.50 | 01.52 | फुलेरा | 15.00 | 15.02 |
| 02.22 | 02.24 | नावा सिटी | 13.03 | 13.05 |
| 02.38 | 02.40 | कुचामन सिटी | 12.48 | 12.50 |
| 02.53 | 02.56 | मकराना | 12.30 | 12.33 |
| 03.27 | 03.30 | डेगाना | 11.57 | 12.00 |
| 04.02 | 04.07 | मेड़ता रोड | 11.10 | 11.15 |
| 04.25 | 04.27 | गोटन | 10.50 | 10.52 |
| 05.40 | 05.50 | जोधपुर | 09.40 | 09.50 |
| 06.22 | 06.25 | लूनी | 08.57 | 09.00 |
| 07.25 | 07.30 | समदड़ी | 08.12 | 08.17 |
| 07.54 | 07.56 | मोकलसर | 07.48 | 07.50 |
| 08.20 | 08.23 | जालोर | 07.02 | 07.05 |
| 08.52 | 08.54 | मोदरान | 06.31 | 06.33 |
| 09.17 | 09.20 | मारवाड़ भीनमाल | 06.06 | 06.09 |
| 09.48 | 09.51 | रानीवाड़ा | 05.35 | 05.38 |
| 10.40 | 10.42 | धनेरा | 05.04 | 05.06 |
| 11.55 | 12.00 | भीलड़ी | 04.30 | 04.35 |
| 12.41 | 12.43 | पाटन | 03.25 | 03.27 |
| 13.28 | 13.30 | महेसाना | 02.30 | 02.35 |
| 14.31 | 14.33 | विरमगाम | 01.35 | 01.37 |
| 15.47 | 15.49 | सुरेन्द्रनगर | 00.18 | 00.20 |
| 16.43 | 16.45 | वांकानेर | 23.08 | 23.10 |
| 18.10 | - | राजकोट | - | 22.30 |

रेक संरचना: एसएलआरडी-02, स्लीपर-11, एसी 3 टियर-02, एसी 2 टियर -01, सामान्य श्रेणी-04, कुल = 20 कोच

मुजाधि/टी-101ए मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

''ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें''

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली**

पत्रांक 788/533सी0(ई-टेण्डर)-08/2025-26 दिनांक 31.01.2026

**ई0-निविदा आमंत्रण सूचना**
**(स्वीकृति की प्रत्याशा में)**

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायूँ/पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, पीलीभीत के क्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ई-निविदा प्रतिषत दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र बेवसाइट/पोर्टल पर दिनांक 12.02.2026 से दिनांक 28.02.2026 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें एवं तकनीकी विड दिनांक 28.02.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।
2.

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लागत (लाख रू0 में) अनुमानित लागत | 05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत | कुल अनुमानित लागत | विड सिक्यूरिटी (रू0 लाख में) | बिड डाक्यूमेन्ट का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों की आवष्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | मीरपुर वाहनपुर से भगवन्तापुर करोड (गन्ना विभाग) सम्पर्क मार्ग पर पुनःनिर्माण का कार्य। | 64.00 | 1.60 | 65.60 | 5.30 | 2714.00 | 04 माह | A B & C |
| 2 | अमखेडा से मधुपुरी (गन्ना विभाग) सम्पर्क मार्ग पर पुनःनिर्माण का कार्य। | 45.00 | 2.10 | 47.10 | 4.36 | 2714.00 | 04 माह | A B & C |
| 3 | बीसलपुर पीलीभीत मार्ग से बहादुर हुक्मी का उत्तरी भाग (गन्ना विभाग) सम्पर्क मार्ग पर पुनःनिर्माण का कार्य। | 34.00 | 1.70 | 35.70 | 3.57 | 2714.00 | 04 माह | A B & C |
| 4 | रांठ (गन्ना विभाग) सम्पर्क मार्ग पर पुनःनिर्माण का कार्य। | 40.00 | 1.85 | 41.85 | 4.10 | 2714.00 | 04 माह | A B & C |
| 5 | डंडिया भिसौडी शिवमन्दिर से कल्यानपुर खास भट्टे तक मार्ग का नव निर्माण का कार्य। | 77.00 | 5.80 | 82.80 | 6.15 | 2714.00 | 06 माह | A & B |
| 6 | शाहजहॉपुर रोड से अहिरपुरा (गन्ना विभाग) सम्पर्क मार्ग पर पुनःनिर्माण का कार्य। | 55.00 | 2.80 | 57.80 | 4.90 | 2714.00 | 04 माह | A B & C |

2. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(एस.के. जैन) अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लोनिवि, पीलीभीत
(के0के0 सिंह) अधीक्षण अभियंता, बदायूँ/पीलीभीत वृत, लोनिवि, बरेली

UP-245656 दिनांक 09.02.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

**कार्यालयः वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, बरेली।**

**-: निविदा सूचना :-**

समस्त फर्मो/व्यक्तियों को सूचित किया जाता है, कि केन्द्रीय कारागार, बरेली में निष्प्रोज्य व मूल्यांकित सोलर पावर बैकअप सिस्टम की नीलामी अवशेषों की बिक्री हेतु निविदा आमंत्रण की जाती है। जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

| क्र0सं0 | विवरण | जमानत राशि |
|---|---|---|
| 1. | निष्प्रोज्य व मूल्यांकित सोलर पावर बैकअप सिस्टम की नीलामी | रु0-50,000.00 (रु0 पचास हजार मात्र) |

**शर्तें एंव विवरण**

1. निविदा फार्म निविदा प्रसारित होने के बाद किसी भी कार्य दिवस को केन्द्रीय कारागार, बरेली से मूल्य 500/- जमा करके प्राप्त करना होगा, जो वापस नहीं किया जायेगा।
2. निविदा फार्म उसी व्यक्ति या फर्म को दिया जायेगा जिसके पास पहचान पत्र, आधार कार्ड, जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन नं0, पैन कार्ड, जिलाधिकारी महोदय द्वारा जारी बैलिड चरित्र प्रमाण-पत्र, तथा रु0-2000000/- हैसियत प्रमाण-पत्र एंव इन्कम टैक्स रिर्टन प्रमाण-पत्र तथा जमानत धनराशि कार्यालय में जमा करने के उपरान्त ही दिया जायेगा।
3. निविदा की समाप्ति पर जमानत धनराशि उच्चतम निविदादाता को छोड़कर शेष निविदादाता को वापस कर दी जायेगी।
4. निविदा फार्म दिनांक-17.02.2026 तक केन्द्रीय कारागार बरेली के कार्यालय में सांयकाल 05:00 तक सील बन्द लिफाफे में बन्द कर जमा करना होगा।
5. निविदा फार्म निर्धारित दिनांक-18.02.2026 को कमेटी तथा निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा तथा अधिकतम निविदा वाले की निविदा स्वीकार की जायेगी, दो या दो से अधिक फर्मो का समान निविदा होने पर कमेटी द्वारा ही नियमानुसार निर्णय लिया जायेगा।
6. अधिकतम स्वीकृत निविदा वाली फर्म को (पचास प्रतिशत) धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी तथा शेष धनराशि निविदा स्वीकृत होने के 15 दिन के अन्दर जमा करनी होगी।
7. स्वीकृत निविदा धनराशि पर नियमानुसार देय जी0एस0टी0 की धनराशि अलग से जमा करनी होगी।
8. समस्त सोलर पावर बैकअप सिस्टम की नीलामी ध्वस्तीकरण की कार्यवाही अधिकतम निविदा वाली फर्म को ही करनी होगी।
9. यदि दो माह के अन्दर निविदा स्वीकृत फर्म सोलर पावर बैकअप सिस्टम को नहीं हटाया जाता है तो उसकी समस्त धनराशि जब्त कर ली जायेगी एंव कारागार स्तर से परिसर को साफ कराकर उसमें होने वाले व्यय को फर्म से वसूल किया जायेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी फर्म की होगी।
10. किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं पर बिना कारण बताये निरस्त करने अथवा निविदा खोलने की तिथि आगे बढाने का अधिकार कमेटी को होगा।

UP-245707 दिनांक 09.02.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, बरेली।

**कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एव यूनानी अधिकारी लखीमपुर-खीरी।**

संख्या :- 4902/2025-26/आयु0आरो0मं0/ दिनांक :- 04.02.2026

**विज्ञप्ति**

शासनादेश संख्या-110/96-आयुष-2-2020-127/2016 आयुष अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक-19, अक्टूबर, 2020 व शासनादेश संख्या-W-81/96-आयुष-2-2020-127/2016 आयुष अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक-04 दिसम्बर, 2020 एवं निदेशक आयुर्वेद सेवाये उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या-905/383/मि0नि0/2024-25 दिनॉक-07.02.2025 के क्रम में 04 आयुष्मान आरोग्य मन्दिरो (एच.डब्लू.सी.) में अंशकालिक के आधार पर तैनाती के लिये आवेदन पत्र निम्न प्रारूप पर पूर्ण विवरण तथा समस्त शैक्षिक एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रतियो सहित कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी लखीमपुर-खीरी पता मो0 बहादुर नगर मेडई लाल मन्दिर रोडवेज बस स्टैण्ड के पीछे लखीमपुर-खीरी में आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र केवल पंजीकृत/स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किये जायेगे तथा आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि- 25, फरवरी, 2026 को सांय 05:00 बजे तक होगी।

रिक्तियो का विवरण

| क्र0 सं0 | पदनाम | पदो की संख्या | स्थान | अर्हता | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | अंशकालिक योग प्रशिक्षक (पुरूष) | 03 (तीन) | राज0आयु0चिकि0 आयुष्मान आरोग्य मन्दिर(एच.डब्लू.सी) नगर लखीमपुर, ओयल व फूलबेहड /खीरी | (अ) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयो/संस्थानो से साढे पांच वर्षीय कोर्स, बैचलर ऑफ नेचूरोपैथी एण्ड यौगिक साइंस (बी0एन0वाई0एस0) डिग्री धारक<br>अथवा<br>(ब) 1- बी0ए0 (योग) 03 वर्षीय डिग्री धारक/बी0एस0सी0 (योग) 03, वर्षीक डिग्री धारक/एम0ए0 (योग)/एम0एस0सी0 (योग) डिग्री धारक<br>2- अनुभव- 01 वर्ष<br>अथवा<br>(स) 1- पी0जी0 डिप्लोमा (न्यूनतम् 01 वर्षीय पाठ्यक्रम) डिप्लोमा धारक<br>2- अनुभव- 02 वर्ष<br>(द) 1- योग सर्टिफिकेशन बोर्ड, नई दिल्ला द्वारा 'योग वेलनेस इन्स्ट्रक्टर प्रमाण पत्र धारक।<br>2- अनुभव- 01 वर्ष।<br>नोटः-1- कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र निर्धारित डिग्री/पी0जी0 डिप्लोमा/प्रमाण पत्र के उत्तीर्ण करने के उपरान्त का ही मान्य होगा। | रू0-8,000-00 प्रतिमाह एक मुश्त |
| 02 | अंशकालिक योग प्रशिक्षक (महिला) | 01 (एक) | राज0आयु0चिकि0 आयुष्मान आरोग्य मन्दिर(एच.डब्लू.सी) सिसौरा-नासिर /खीरी | | रू0-5,000-00 प्रतिमाह एक मुश्त |

नोटः- आवेदन पत्र प्रारूप जनपद लखीमपुर-खीरी की एन0आई0सी0 की वेबसाइट kheri.nic.in पर उपलब्ध रहेगा, से डाउनलोड किया जा सकेगा। डाक भेजने पता- कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी मो0 बहादुर नगर रोडवेज बस स्टैण्ड की पीछे मेडईलाल मन्दिर लखीमपुर-खीरी, 262701

सामान्य निर्देश :-

1- आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक योग्यता, आयु व अनुभव आदि प्रमाण पत्रो की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।
2- आवेदन वाले लिफाफे पर आवेदित पद का नाम अवश्य लिखा हों।
3- आवेदन पत्र के साथ नाम एवं पत्र व्यवहार का स्पष्ट पता लिखा 23X10सेमी0 के दो लिफाफे प्रत्येक पर 50 रू0 का डाक लगा हो, संलग्न करें।
4- आवेदन पत्र पर स्व हस्ताक्षरित नवीनतम पास्पोर्ट साइज की फोटो निर्धारित स्थान पर चस्पा करें।
5- आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर ही मान्य होगा।
6- अभ्यार्थी के अर्ह/अनर्ह होने के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय चयन समिति का होगा। अपूर्ण व त्रुटि पूर्ण आवेदन पत्रो पर विचार नही किया जायेगा।
7- यह तैनाती एक वर्ष के लिये है जो पूर्णता अंशकालिक एवं संविदा पर होगी।
8- साक्षात्कार के लिये कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा।
9- आयु सीमा न्यूनतम 21 वर्ष व अधिकतम् 65 वर्ष तक है।
10- स्थानीय निवासी को वरीयता दी जायेगी।

(डा0 सुमन्त कुमार) क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी लखीमपुर-खीरी।

UP-245700 दिनांक 09.02.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## न्यूज ब्रीफ

### सहायक चकबंदी अधिकारी निलंबित

लखनऊ, अमृत विचार : चकबंदी प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता और पीड़ित परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप में संतकबीरनगर के सहायक चकबंदी अधिकारी रामदरश को निलंबित कर दिया गया है। चकबंदी आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने मंगलवार को शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत यह कार्रवाई की। मामला संतकबीरनगर की तहसील धनघटा के ग्राम संठी से जुड़ा है, जहां चकबंदी के दौरान मृतक प्रभुनाथ प्रजापति के परिजनों के मूल गाटा नंबर नियम विरुद्ध तरीके से बदलकर 'उड़ान चक' में दर्ज कर दिए गए। साथ ही, समय रहते उनकी आपत्तियों का नियमानुसार निस्तारण भी नहीं किया गया। इस प्रकरण में संबंधित लेखपाल को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। जांच में प्रथम दृष्टया अनियमितता सामने आने पर सहायक चकबंदी अधिकारी पर भी कार्रवाई की गई है।

### अवैध हथियारों की फैक्ट्री पकड़ी, 10 तमंचे बरामद

लखनऊ, अमृत विचार : एसटीएफ ने अवैध हथियारों को बनाने वाली फैक्ट्री का खुलासा किया है। एसटीएफ के प्रवक्ता के मुताबिक पिछले कुछ समय से लखनऊ और अयोध्या क्षेत्र में अवैध हथियारों की तस्करी की खबर मिल रही थी। एसटीएफ के डिप्टी एसपी प्रमेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी करके मायाराम पुत्र श्रीपाल लोहार निवासी कंजा शरीफपुर तालगांव, सीतापुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 10 बने हुए तमंचे बरामद किए हैं।

### पम्पों पर मिला सात हजार लीटर मिलावटी पेट्रोल डीजल, दो गिरफ्तार

लखनऊ, अमृत विचार : एसटीएफ ने मिलावटी ईंधन को लेकर बड़ा खुलासा किया है। बायो डीजल पम्प के नाम पर मिलावटी पेट्रोल और डीजल बेचने वाले अंतर्राज्यीय गैंग के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके द्वारा चलाई जा रहीं दो पम्पों से करीब सात हजार लीटर मिलावटी पेट्रोल-डीजल के साथ ही पम्प खोलने के लिए जारी लेटर आफ इंटेक्ट भी बरामद किए हैं। इस खुलासे के बाद एसटीएफ ने प्रदेश भर में खोले जा रहे कथित बायो डीजल के करीब चार दर्जन पम्पों को रडार पर ले लिया है। एसटीएफ प्रवक्ता के मुताबिक बीते कुछ दिनों से अधिक गाड़ियां खराब होने की शिकायतें मिलना शुरू हुईं तो छानबीन शुरू की गई। पता चला कि बायो डीजल के नाम पर कुछ पम्प खोले जा रहे हैं। इन पम्पों से मिलावटी पेट्रोल और डीजल भरा जा रहा है। एसटीएफ ने जब जाल बिछाया तो एटा जिले के सलेमपुर- अवागढ़ स्थित एक पेट्रोल पम्प पर छापा मारा गया

# फार्म-7 को निरस्त कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- समाजवादी पार्टी ने सीईओ को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कई जिलों में बड़ी संख्या में जमा किए गए फार्म-7 को निरस्त करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि फतेहपुर, सहारनपुर, बलिया, सोनभद्र, आगरा, सम्भल, मिर्जापुर, बुलंदशहर, कासगंज, लखीमपुर खीरी, मुरादाबाद और बांदा समेत कई जिलों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े पैमाने पर फार्म-7 भरकर मतदाताओं के नाम सूची से कटवाने का प्रयास किया जा रहा है। पार्टी का दावा है कि इन फार्मों में समाजवादी पार्टी समर्थक, विशेषकर मुस्लिम समुदाय और पीडीए वर्ग के मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है। सपा ने कहा कि कई स्थानों पर एक ही व्यक्ति द्वारा बड़ी संख्या में फार्म-7 जमा किए गए हैं और संबंधित अधिकारियों पर दबाव बनाने के आरोप भी लगाए गए हैं।

# कृत्रिम गर्भाधान और टीकाकरण के लिए ओटीपी अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदेश में 15 फरवरी से पशुओं का टीकाकरण और 1 अप्रैल से एआई में अनिवार्य
- भारत पशुधन एप पर फीड होंगे छूटे आधार व मोबाइल नंबर

**अमृत विचार :** प्रदेश में गाय व भैंस का कृत्रिम गर्भाधान (एआई) कराने में मनमानी और पुरानी व्यवस्था नहीं चलेगी। 1 अप्रैल से पशुपालकों को एआई कराने के लिए चिकित्सक, पशुधन प्रसार अधिकारी या फिर पैरावेट को मोबाइल ओटीपी देना अनिवार्य होगा। उत्तर प्रदेश पशुधन विकास परिषद पारदर्शिता, वास्तविक आकलन और सहूलियत के लिए यह व्यवस्था लागू कर रहा है।

सबसे पहले ''भारत पशुधन एप'' पर पशुपालकों का मोबाइल नंबर, आधार कार्ड और पशुओं का ईयर टैग नंबर 100 फीसद फीड किए जाएंगे। दर्ज मोबाइल नंबर अपडेट रखना होगा। इससे एप पर कृत्रिम गर्भाधान, किसी भी पशु का टीकाकरण, पशुधन बीमा आदि कार्य व योजनाओं का विवरण सत्यापित होकर मोबाइल पर ओटीपी आएगा। इस आधार पर कृत्रिम गर्भाधान और टीकाकरण किया जाएगा। इसकी मौके पर एप पर फीडिंग की जाएगी तभी प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी।

इसके अलावा पुरानी व्यवस्था में बिना ओटीपी के एप पर गांव और पशुपालकों का विवरण खुलने पर मनमानी फीडिंग की जाती है। इसे रोकने के लिए साफ्टवेयर अपडेट किया गया है। जो बिना ओटीपी के नहीं खुलेगा।

### ज्यादातर के टैग, आधार और मोबाइल नंबर नहीं



- अब तक की व्यवस्था में ज्यादातर पशुओं के ईयर टैग न ही पालकों का आधार व मोबाइल नंबर फीड है। कई के मोबाइल नंबर गलत, अधूरे व बंद हैं। जिनके दर्ज हैं वह मौके पर नहीं मिलते हैं। ऐसी स्थिति में बिना ओटीपी का विकल्प अपनाकर एआई व टीकाकरण करने के बाद एक साथ मनमानी फीडिंग कर दी जाती है। खासकर पैरावेट निशुल्क सरकारी की बजाय पैसे लेकर निजी एआई करते हैं। अब पैरावेट को मौके पर ओटीपी और फीडिंग के उपरांत ही भुगतान किया जाएगा।

> केंद्र सरकार ने यह अनिवार्यता की है। इससे मनमानी नहीं चलेगी। बल्कि पारदर्शिता आने से वास्तविक आकलन होगा और इसी आधार पर आगे का लक्ष्य निर्धारित करके लाभान्वित करेंगे।
>
> -डॉ. पीके सिंह, सीईओ, उप्र पशुधन विकास परिषद।

साथ ही कितने पशु लाभान्वित हुए कितने छूटे यह ऑनलाइन रिकार्ड दर्ज रहेगा।

22 जनवरी से 10 मार्च तक चलने वाले खुरपका-मुंहपका विशेष टीकाकरण अभियान में 15 फरवरी से ओटीपी अनिवार्य रूप से देना होगा। इसकी मौके पर ही फीडिंग की जाएगी। टीकाकरण के आंकड़ों में फर्जीवाड़ा और डुप्लीकेसी नहीं होगी।

# आरक्षण और शिक्षकों के वेतन पर हंगामा

## विधान परिषद में कार्यस्थगन प्रस्तावों पर विरोध, नारेबाजी के बीच कुछ देर के लिए स्थगित हुई कार्यवाही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विधान परिषद की कार्यवाही मंगलवार को प्रश्नकाल, कार्यस्थगन प्रस्तावों और राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के बीच हंगामेदार रही। सपा सदस्यों ने आरक्षण और भर्ती में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सदन में नारेबाजी की, जिसके चलते कार्यवाही कुछ समय के लिए स्थगित करनी पड़ी।

प्रश्नकाल के दौरान सपा सदस्य आशुतोष सिन्हा ने कन्नौज के तिर्वा क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर छूटी हुई सर्विस लेन के निर्माण का मुद्दा उठाया। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी के जवाब से असंतुष्ट होने पर सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने अधिग्रहण की कार्रवाई शीघ्र शुरू कर निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। इसी दौरान आशुतोष सिन्हा ने नियम 223 के तहत विशेषाधिकार हनन की सूचना देते हुए वाराणसी में पुलिस कार्रवाई को मुद्दा बनाया। सभापति ने संबंधित अधिकारियों से साक्ष्य उपलब्ध कराकर पुलिस महानिदेशक से जांच कराने के निर्देश दिए।

नियम 105 के तहत सपा के कई सदस्यों ने आरक्षण नियमों के पालन और भर्तियों में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्य बेल में आ गए और नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। सदन में अव्यवस्था बढ़ने पर कार्यवाही दोपहर 1:20 बजे 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई।

शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने वित्तविहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन देने का मुद्दा उठाया। इस पर भी कार्यस्थगन प्रस्ताव अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। भोजनावकाश के बाद अपराह्न 3:30 बजे अधिष्ठाता जयपाल सिंह व्यस्त की अध्यक्षता में कार्यवाही फिर शुरू हुई। कार्यसूची की मदें निपटाई गईं और याचिकाओं को समिति को भेजा गया। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सत्यपाल सिंह और उमेश द्विवेदी ने चर्चा की, जबकि सपा के लाल बिहारी यादव ने विरोध में अपने विचार रखे। अंत में अधिष्ठाता ने शाम 5 बजे सदन की कार्यवाही 11 फरवरी सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।



विधान परिषद में विपक्ष के सवालों का जवाब देते नेता सदन उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य। अमृत विचार

### भर्ती में आरक्षण नियमों का सख्ती से पालन होगा: केशव मौर्य

- विधान परिषद के बजट सत्र में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी भर्तियों में आरक्षण नीति का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आरक्षण प्रावधानों को लागू करने के संकल्प को सरकार दोहराती है और किसी भी स्तर पर अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभिन्न श्रेणियों के आरक्षण का ब्यौरा देते हुए बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिए 21 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिए 2 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 40 प्रतिशत अनारक्षित श्रेणी किसी विशेष वर्ग के लिए आरक्षित नहीं होती, बल्कि सभी वर्गों के अभ्यर्थी इसमें प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी सरकारी भर्तियों में आरक्षण नियमों के कड़ाई से पालन के लिए कार्मिक विभाग ने 30 दिसंबर 2025 को शासनादेश जारी किया है। उन्होंने 7994 लेखपाल पदों की भर्ती का उदाहरण देते हुए कहा कि विज्ञापन में हुई त्रुटि को ठीक कर 3205 पद अनारक्षित, 1679 एससी, 160 एसटी, 2158 ओबीसी और 792 ईडब्ल्यूएस के लिए निर्धारित किए गए। उन्होंने कहा कि सरकार भर्ती माफिया पर सख्त कार्रवाई और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।


## सदन में मंत्रियों के जवाब

### दिव्यांगों की पेंशन तीन गुना बढ़ी, लाभ में पारदर्शिता सुनिश्चित: नरेन्द्र कश्यप



- पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने विधान परिषद में कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण और योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। विभाग की सभी योजनाएं ऑनलाइन और दलाल-मुक्त प्रणाली के तहत संचालित की जा रही हैं, जिससे पात्र लाभार्थियों को समय पर सहायता मिल रही है। मंत्री ने बताया कि वर्ष 2017 से पहले दिव्यांग पेंशन 300 रुपये प्रतिमाह थी, जिसे बढ़ाकर अब 1,000 रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र दिव्यांगजन योजना के लाभ से वंचित न रहे और इसके लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि यूडीआईडी कार्ड भारत सरकार के स्वावलंबन पोर्टल से जारी किए जाते हैं। सिद्धार्थनगर जिले में 31 जनवरी 2026 तक 24,414 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड जारी किए जा चुके हैं। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 14,356 पात्र लाभार्थियों को दिव्यांग पेंशन का लाभ मिला है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता, निर्धारित आय सीमा और अन्य पेंशन न लेने की शर्त पूरी करने वाले व्यक्ति को पेंशन मिलती है। आवेदन ऑनलाइन होता है और सत्यापन के बाद राशि सीधे बैंक खाते में भेजी जाती है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार या शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### प्रदेश में 16,478 परियोजनाएं शुरु, 12.10 लाख करोड़ रुपये का हुआ निवेश : नंदी



- औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने विधान परिषद में बताया कि इन्वेस्टर समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग समारोहों के माध्यम से प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश धरातल पर उतरा है। अब तक 16,478 औद्योगिक परियोजनाओं की ग्राउंडिंग हो चुकी है, जिनमें लगभग 12.10 लाख करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति मिली है और राज्य "उत्तम प्रदेश" के संकल्प के साथ अपने लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ रहा है। मंत्री ने बताया कि वर्ष 2018 की इन्वेस्टर समिट में 1,045 इकाइयों ने 4.28 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव दिए थे, जबकि 2023 की ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में 19,250 इकाइयों ने 33.50 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद आयोजित चार ग्राउंड ब्रेकिंग समारोहों में कुल 16,478 परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मंत्री ने बताया कि कन्नौज के तिर्वा क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर छूटी हुई सर्विस लेन का निर्माण जल्द शुरू होगा। भूमि उपलब्ध होने के बाद इस कार्य के लिए निविदा आमंत्रित की जा चुकी है और अनुबंध के बाद नौ माह में निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता किसान विरोधी: सुनील सिंह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



चौधरी सुनील सिंह व अन्य।

**अमृत विचार:** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार ने तथाकथित भारत–अमेरिका व्यापार समझौता पूरी तरह से किसान विरोधी और राष्ट्र विरोधी है। यह समझौता देशहित में नहीं, बल्कि दबाव में आई केन्द्र सरकार की राजनीतिक मजबूरी का परिणाम है। इस दौरान चेतावनी दी गई कि यदि समझौता रद्द नहीं हुआ तो फिर किसान आर-पार की लड़ाई लड़ने को मजबूर होंगे। लोकदल ने मंगलवार को लखनऊ में माल एवेन्यू स्थित कार्यालय पर किसान संगठनों के साथ बैठक की। किसान नेताओं ने कहा कि यह समझौता भारतीय कृषि को तबाह करने की एक सोची-समझी साज़िश है। एक ओर जहाँ अमेरिका में एक किसान को हर साल 60 लाख से 2 करोड़ रुपये तक की सरकारी सब्सिडी, आधुनिक तकनीक, सस्ती बिजली, सस्ता डीज़ल और पूरी सरकारी सुरक्षा मिलती है, वहीं भारत का किसान महंगे बीज, महंगी खाद, महंगे डीज़ल, कर्ज़ और बिना एमएसपी की कानूनी गारंटी के इंतजार में खड़ा है।

# प्रदेश ने खोए जमीन से जुड़े और जनजातीय समाज के नेता: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**विधानसभा**

- सत्ता व विपक्ष ने विधानसभा में प्रो. श्याम बिहारी लाल और विजय सिंह गौड़ दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार:** नेता सदन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा में बरेली के फरीदपुर से विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल और सोनभद्र की दुद्धी से विधायक विजय सिंह के निधन पर शोक प्रस्ताव रखा। सभी दलों के नेताओं ने दोनों दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी और कुछ क्षण मौन रखकर नमन किया। योगी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि प्रदेश ने जमीन से जुड़े और जनजातीय समाज के नेता खोए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताते हुए सदन में कहा कि वर्तमान विधानसभा के सदस्य प्रो. श्याम बिहारी लाल का निधन 2 जनवरी 2026 को 60 वर्ष की आयु में हो गया। वह दूसरी बार विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए थे और फरीदपुर (बरेली) से भारतीय जनता पार्टी के विधायक थे। वे मिलनसार और जमीन से जुड़े जनप्रतिनिधि थे। शिक्षा जगत से उनका गहरा जुड़ाव रहा। वह इतिहास संकलन समिति, बरेली के अध्यक्ष तथा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की कार्यसमिति के सदस्य भी रहे। उनके निधन से प्रदेश और भारतीय जनता पार्टी को अपूर्णनीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा के वरष्ठ सदस्य विजय सिंह गौड़ के निधन पर भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने सदन को बताया कि समाजवादी पार्टी से विधायक विजय सिंह का निधन 8 जनवरी 2026 को 71 वर्ष की आयु में हो गया था। वह आठवीं बार विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वर्ष 1980 से उनका राजनीतिक सफर शुरू हुआ था। उन्होंने सर्वप्रथम वर्ष 1980, फिर 1985, 1989, 1991, 1993, 1996, 2002 में चुनाव जीता था। वर्ष 2024 के उप चुनाव में वह दुद्धी विधानसभा से निर्वाचित हुए थे। वह जनजातीय समाज की सशक्त आवाज के रूप में जाने जाते थे।

### राजनीतिक चमक दमक से दूर थे विजय सिंह

- नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि प्रो. श्याम बिहारी के निधन से विधानसभा उनके ज्ञान और अनुभव से वंचित हो गई है। उन्होंने विजय सिंह को याद करते हुए कहा कि वह 1980 में सदन में चुनकर आए थे और राजनीतिक चमक-दमक से दूर रहते थे। अपना दल के राम निवास वर्मा ने दोनों विधायकों के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। रालोद के राजपाल सिंह बालियान ने अपूरणीय क्षति बताया है। सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर, निषाद पार्टी के अनिल कुमार त्रिपाठी, कांग्रेस की आराधना मिश्रा 'मोना' ने कहा कि दोनों के योगदान को याद करते हुए नमन किया। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के विनोद सरोज ने भी श्रद्धांजलि दी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि पूरा सदन शोकाकुल है और सदन की ओर से दोनों परिवारों के प्रति संवेदनाएं प्रेषित की जाएंगी। शोक प्रकट करने के साथ ही विधान सभा बुधवार 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गई।



विधानसभा में शोक प्रस्ताव रखते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### रिंग बजने पर भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल का मोबाइल जब्त

- बजट सत्र के दूसरे दिन सदन में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने फतेहपुर सीकरी के भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल का मोबाइल फोन बजने पर नाराजगी जताई। दिवंगत विधायकों को श्रद्धांजलि देते समय इनका मोबाइल बजा था। विधानसभा अध्यक्ष ने तत्काल सुरक्षा कर्मी को बुलाकर विधायक का मोबाइल जब्त कराया। विधानसभा की कार्यवाही खत्म होने के बाद माफी मांगने पर अध्यक्ष ने उनका मोबाइल फोन वापस कराया।

# समृद्ध योजना से स्टार्टअप हब बनने की ओर यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केंद्र की पहल में मजबूत भागीदारी, 35 स्टार्टअप्स को मिला एक्सेलेरेशन सपोर्ट

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की महत्वाकांक्षी 'समृद्ध' योजना में उत्तर प्रदेश ने प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है। इस योजना के तहत चयनित एक्सेलेरेटरों और स्टार्टअप्स की संख्या यह संकेत देती है कि प्रदेश तेजी से देश के प्रमुख स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने के लिए बनाई गई नीतियों का असर अब राष्ट्रीय स्तर पर दिखाई देने लगा है। केंद्र की योजनाओं का लाभ युवाओं तक पहुंचाने के लिए प्रदेश स्तर पर लगातार समन्वय किया जा रहा है, जिससे स्टार्टअप्स को फंडिंग के साथ-साथ मेंटरशिप और बाजार से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। समृद्ध योजना के तहत उत्तर प्रदेश से 10 एक्सेलेरेटरों ने एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट जमा किया था, जिनमें से 4 का चयन किया गया। इन एक्सेलेरेटरों के माध्यम से प्रदेश के 35 स्टार्टअप्स को एक्सेलेरेशन सपोर्ट मिला, जिनमें से 27 स्टार्टअप्स फंडिंग हासिल करने में सफल रहे। योजना के तहत प्रदेश के स्टार्टअप्स को 9.91 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई, जिसका उपयोग उत्पाद विकास, तकनीकी मजबूती और बाजार विस्तार के लिए किया जा रहा है।

केंद्र सरकार की इस योजना में प्रत्येक स्टार्टअप को अधिकतम 40 लाख रुपये तक की मैचिंग फंडिंग का प्रावधान है, जबकि एक्सेलेरेटरों को भी स्टार्टअप्स को मेंटरशिप और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है। प्रदेश सरकार का मानना है कि स्टार्टअप नीति, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर को बढ़ावा, आधुनिक अवसंरचना और सिंगल विंडो सिस्टम जैसी पहलों ने युवाओं को उद्यमिता की ओर आकर्षित किया है।

### समृद्ध योजना में यूपी की प्रमुख उपलब्धियां

- 10 एक्सेलेरेटरों ने किया प्रदेश सेआवेदन
- 4 एक्सेलेरेटरों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन
- 35 स्टार्टअप्स को मिला एक्सेलेरेशन सपोर्ट
- 27 स्टार्टअप्स को मिली फंडिंग
- 9.91 करोड़ की राशि वितरित
- हेल्थटेक, एजुटेक, एग्रीटेक, फिनटेक समेत कई क्षेत्रों को मिला लाभ
- 40 लाख तक अधिकतम प्रति स्टार्टअप की मैचिंग फंडिंग का प्रावधान

**तैयारी** 100 साल पुराने विधानभवन की जगह पर बनेगा आधुनिक सत्ता केंद्र

# सहारा शहर के 245 एकड़ में बनेगा नया विधानभवन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रोजाना पार्किंग और जाम के साथ बारिश में जलभराव से मिलेगी राहत
- शासन ने एलडीए को सौंपी जिम्मेदारी, कंसल्टेंट तय कर जल्द बनेगी डीपीआर

**अमृत विचार:** नया विधानभवन गोमतीनगर के विपुल खंड स्थित सहारा शहर के 245 एकड़ में बनेगा। शासन के निर्देश पर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने परियोजना के लिए कंसल्टेंट नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जो भवन का डिजाइन और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करेगा।100 साल पुराने विधानभवन की जगह इस आधुनिक सत्ता केंद्र से रोजाना पार्किंग और जाम के साथ बारिश में जलभराव से भी निजात मिलेगी।

सहारा शहर परिसर की यह जमीन अब पूरी तरह सरकारी नियंत्रण में आ चुकी है। इसमें करीब 75 एकड़ जमीन एलडीए और 170 एकड़ जमीन नगर निगम ने अपने कब्जे में ली है। जमीन की पैमाइश पूरी कर रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी है। उच्च स्तर पर नए विधानभवन के निर्माण को सैद्धांतिक सहमति भी मिल चुकी है। वर्तमान विधानभवन करीब एक सदी पुराना है और राजधानी के अत्यंत व्यस्त इलाके में स्थित है। समय के साथ विधायकों की संख्या, प्रशासनिक इकाइयों और सुरक्षा जरूरतों में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन भवन का ढांचा सीमित ही रहा। पार्किंग की कमी, वीआईपी मूवमेंट के दौरान जाम और बरसात में जलभराव जैसी समस्याएं लगातार सामने आती रही हैं। नई विधानसभा के निर्माण से इन समस्याओं का स्थायी समाधान मिलने की उम्मीद है। सहारा शहर का इलाका चौड़ी सड़कों, बेहतर कनेक्टिविटी और भविष्य में विस्तार की संभावनाओं के कारण इस परियोजना के लिए उपयुक्त माना जा रहा है।

### कंसल्टेंट तैयार करेगा पूरा खाका

- एलडीए अधिकारियों के अनुसार, चयनित कंसल्टेंट पूरे प्रोजेक्ट का तकनीकी आधार तैयार करेगा। इसके तहत कॉन्सेप्ट प्लानिंग, मास्टर प्लान, आर्किटेक्चरल डिजाइन, भवन की ऊंचाई, सुरक्षा व्यवस्था और आधुनिक सुविधाओं का खाका बनाया जाएगा। इसके साथ ही ट्रैफिक, पार्किंग, जल निकासी, बिजली व्यवस्था और पर्यावरणीय प्रभाव का अध्ययन भी किया जाएगा। परियोजना की अनुमानित लागत, चरणबद्ध निर्माण योजना और समय-सीमा तय कर शासन को डीपीआर सौंपी जाएगी।

### कंसल्टेंट बनाएगा नए विधान भवन का नक्शा

- नए विधान भवन बनाने के लिए एलडीए कंसल्टेंट नियुक्त करेगा। कंसल्टेंट मानचित्र से स्ट्रेक्चर का खाका तैयार करके एलडीए को देगा। इसका प्रस्ताव एलडीए शासन को भेजेगा और अनुमति मिलने पर निर्माण के लिए डिटेल प्रोजेक्टर रिपोर्ट (डीपीआर) बनाई तैयार की जाएगी।

### भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर होगा निर्माण

- नई विधानसभा को केवल वर्तमान जरूरतों तक सीमित न रखकर आने वाले दशकों की आवश्यकताओं के अनुसार विकसित किया जाएगा। इसमें डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा दक्ष भवन, हरित क्षेत्र, आधुनिक सुरक्षा प्रणाली और बड़े पार्किंग जोन जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार का कहना है कि कंसल्टेंट के चयन के बाद प्रस्ताव को अंतिम रूप देकर शासन को भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलते ही निर्माण प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। नया विधानभवन न केवल प्रदेश की सत्ता का आधुनिक केंद्र बनेगा, बल्कि गोमतीनगर और आसपास के क्षेत्रों के विकास को भी नई गति देगा।



जो मन को नियंत्रित नहीं करते, मन उन्हें नियंत्रित कर लेता है और उनके लिए वह शत्रु के समान कार्य करता है।

-श्रीकृष्ण

# महज एसओपी नहीं पर्याप्त

कई राज्यों के बजट से भी अधिक के डिजिटल धोखाधड़ी को सुप्रीम कोर्ट द्वारा 'सरासर डकैती' मानते हुए इससे बचाव के लिए केंद्र सरकार को पूरे देश में एक मानकीकृत संचालन प्रक्रिया अथवा एसओपी लागू करने का निर्देश स्वागत योग्य है। बेशक, बैंक यदि संदिग्ध लेनदेन पर ग्राहकों को सतर्क करते और साइबर अपराधों की पहचान तथा जांच के लिए अंतर-एजेंसी समन्वय मजबूत रखते तो आंकड़े अलग दिखते। डिजिटल फ्रॉड के मामलों में सिर्फ तकनीक दोषी नहीं है, बल्कि जनता की अल्पज्ञता, लोभ–लालच और भय का भी इसमें बड़ा योगदान है। जल्दी धन प्राप्ति, आसान निवेश या तत्काल लाभ के लालच में वह कई बार चेतावनी संकेतों की अनदेखी करता है। साइबर जागरूकता का अभाव भी लोगों को ऐसी धोखाधड़ी का शिकार बनाता है। जागरूकता अभियान, विद्यार्थियों के लिए साइबर सुरक्षा शिक्षाएं और आम नागरिकों को साधारण फ्रॉड के तरीकों से परिचित कराना अब अत्यंत आवश्यक है।

दुर्भाग्य है कि इस खेल में बैंक भी शामिल दिखे। बैंकों को केवल लेनदेन का 'ब्रोकरेज हब' होने के बजाए ग्राहकों की सुरक्षा के लिए सक्रिय निगरानी और अलर्ट सिस्टम लागू करना चाहिए। यदि बैंक संदिग्ध अचानक बड़ी रकम निकासी या अनजान स्रोतों से फंड ट्रांसफर को समय पर नहीं चिन्हित करता तो यह उसकी कार्यगत विफलता है। अदालत ने भी माना कि बैंक अनजाने में अथवा मिलीभगत से ऐसे फ्रॉड को बढ़ावा दे रहे हैं। अदालत को केंद्र सरकार द्वारा एक एसओपी या एक मानकीकृत संचालन प्रक्रिया इसका अकसीर इलाज है, इस पर भी सवाल यह कि क्या किसी एक एसओपी के जरिये इतने बड़े और विविध स्तर पर होने वाले साइबर और डिजिटल वित्तीय अपराध को रोका जा सकता है? आरबीआई ने पहले ही इस तरह की मानकीकृत संचालन प्रक्रिया तैयार कर रखी है, पर अपराध आज भी बेशुमार हैं। नये सिरे से व्यापक एसओपी तैयार करना एक स्वागतयोग्य सकारात्मक कदम है, लेकिन इसका प्रभाव तभी होगा जब इसे तकनीकी सक्षमता और व्यवहारिक तौर पर कड़ाई से लागू किया जाए। केवल कागजी मानकीकृत संचालन प्रक्रिया बनाकर लागू करने से समस्या का समाधान नहीं होने वाला। इस एसओपी को वित्तीय संस्थानों, बैंक अधिकारियों, टेलीकॉम पोर्टलों और साइबर पुलिस के बीच वास्तविक समय में डेटा साझा करने और त्वरित कार्रवाई की क्षमता के साथ जोड़ा जाना चाहिए। जैसा कि कोर्ट ने सुझाया है, एआई आधारित अलर्ट सिस्टम को निगरानी में शामिल करना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण तकनीकी उपाय है।

डिजिटल साधनों के विस्तार के अनुरूप डिजिटल प्राइवेसी के उल्लंघन के खिलाफ पर्याप्त कानून और सुरक्षा ढांचा विकसित नहीं हो पाया है। लाखों लोग एक ही फोन नंबर या ईमेल से कई प्लेटफॉर्म पर जुड़े हैं, जिससे फ्रॉड करने वालों को उपयोगकर्ता के प्रोफाइल तक आसानी से पहुंच मिल जाती है। आवश्यकता है कि डेटा सुरक्षा कानून को अधिक स्पष्ट, उपयोगकर्ता-केंद्रित और सख्त बनाया जाए और इसका पालन भी सुनिश्चित हो। एसओपी के कड़ाई से पालन से कुछ मामलों को तो रोका जा सकता है, लेकिन यह पूर्ण समाधान नहीं है।

## प्रसंगवश

# मेले के झूले: सुरक्षा पर उठते गंभीर सवाल

हरियाणा के सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय मेले में झूला टूटने की घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि हमारे यहां मनोरंजन भी जान जोखिम में डालकर ही किया जाता है। जिस मेले को संस्कृति, कला और पर्यटन का उत्सव कहा जाता है, वही मेला एक पल में चीखों, अफरातफरी और मातम में बदल गया। झूले के अचानक टूटकर गिरने से एक पुलिस इंस्पेक्टर की मौत हो गई और तेरह लोग गंभीर रूप से घायल हुए। यह सिर्फ़ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का परिणाम है, जहां सुरक्षा सबसे आख़िरी प्राथमिकता बन चुकी है।

मेलों में झूले आकर्षण का केंद्र रहे हैं। बच्चों की हंसी, युवाओं का उत्साह और परिवारों की उम्मीदें सब कुछ इन झूलों से जुड़ा होता है, लेकिन जब यही झूले मौत का कारण बन जाएं, तो सवाल केवल तकनीकी खराबी का नहीं रहता, बल्कि पूरे प्रशासनिक ढांचे की लापरवाही उजागर हो जाती है। सूरजकुंड हादसा उस लापरवाही की परिणति है, जिसे सालों से 'चलने दो' कहकर नज़रअंदाज़ किया जा रहा है।



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर ऐसे झूलों की अनुमति कैसे दी जाती है? क्या इनके फिटनेस सर्टिफिकेट की कोई गंभीर जांच होती है, या फिर कुछ काग़ज़ों और हस्ताक्षरों से ही सब कुछ 'मैनेज' कर दिया जाता है? हर बड़े मेले से पहले प्रशासन सुरक्षा के दावे करता है। ड्यूटी पर पुलिस, एंबुलेंस, दमकल वाहन, लेकिन झूलों की तकनीकी जांच अक्सर औपचारिकता भर बनकर रह जाती है। जिस मशीन पर दर्जनों ज़िंदगियां झूल रही हों, उसकी गुणवत्ता, मेंटेनेंस और ऑपरेटर की ट्रेनिंग पर कोई सख़्त निगरानी क्यों नहीं होती?

यह पहली बार नहीं है, जब किसी मेले या मनोरंजन पार्क में झूला गिरने से मौतें हुई हों। देश के अलग-अलग राज्यों में समय-समय पर ऐसे हादसे होते रहे हैं। कहीं बच्चों की जान गई, कहीं महिलाएं घायल हुईं, कहीं पूरा परिवार उजड़ गया। हर बार वही कहानी दोहराई जाती है। जाँच के आदेश, मुआवज़े की घोषणा और कुछ दिनों का शोर। फिर सब कुछ भुला दिया जाता है, अगली दुर्घटना तक।

सूरजकुंड हादसे में एक पुलिस इंस्पेक्टर की मौत होना, इस त्रासदी को और गंभीर बना देता है। जो व्यक्ति जनता की सुरक्षा के लिए तैनात था, वही स्वयं व्यवस्था की लापरवाही का शिकार हो गया। यह घटना प्रतीक है उस विडंबना की, जहां सुरक्षा देने वाला भी सुरक्षित नहीं है। सवाल यह है कि अगर एक अधिकारी की जान यूं ही चली गई, तो आम नागरिक की सुरक्षा की क्या गारंटी है?

प्रशासन अक्सर ठेकेदारों पर दोष मढ़कर पल्ला झाड़ लेता है। कहा जाता है कि झूला निजी संचालक का था, मेंटेनेंस उसकी ज़िम्मेदारी थी, लेकिन क्या प्रशासन की ज़िम्मेदारी यहीं खत्म हो जाती है? क्या बिना कड़ी जांच के किसी भी ठेकेदार को मौत के झूले लगाने की खुली छूट दी जा सकती है? अगर हां, तो फिर हादसे के बाद सिर्फ़ ठेकेदार को दोषी ठहराना एक तरह का धोखा ही है।

मेले अस्थायी होते हैं, लेकिन लापरवाही स्थायी। सुरक्षा मानकों को 'अतिरिक्त खर्च' समझा जाता है और मुनाफ़े को सबसे ऊपर रखा जाता है। झूले पुराने होते हैं, कई बार दूसरे राज्यों से लाकर बिना समुचित जांच के लगा दिए जाते हैं। ऑपरेटर अक्सर अप्रशिक्षित होते हैं, जिन्हें न मशीन की तकनीक की समझ होती है और न आपात स्थिति से निपटने की ट्रेनिंग। दुखद यह भी है कि हादसे के बाद प्रशासन की संवेदनशीलता केवल मुआवज़े की घोषणा तक सीमित रह जाती है। मृतक के परिवार को कुछ लाख रुपये देकर समझ लिया जाता है कि जिम्मेदारी पूरी हो गई, लेकिन क्या किसी की जान की कीमत कुछ लाख रुपये हो सकती है?

# अब व्यापारिक साझेदारी में खाड़ी देशों की बारी





दिग्विजय सिंह
कानपुर

जब दुनिया के बड़े देश अपने प्रभुत्व और वर्चस्व के लिए सीमाओं के साथ व्यापार और टैरिफ युद्ध में उलझे हैं, तब भारत लगातार तेजी से अपने व्यापारिक बाजार में विविधता का रंग भरने में जुटा है। वह अब किसी एक देश या क्षेत्र पर आयात और निर्यात के लिए निर्भर नहीं रहना चाहता है। यही वजह है कि भारत ट्रेड डील्स के जरिए नए-नए बाजार और सप्लाई लाइन खोज रहा है। यूरोपीयन यूनियन से मदर ऑफ डील और अमेरिका से महाडील फाइनल होने के बाद अब भारत की नजरें खाड़ी देशों पर हैं। इसके लिए भारत पश्चिमी एशिया के छह देशों के समूह खाड़ी सहयोग परिषद (सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन) के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने की कवायद में जुट गया है। दोनों पक्ष मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने के लिए नियम और शर्तों पर हस्ताक्षर कर चुके हैं।

इससे लंबे समय से अटकी बातचीत को फिर से आगे बढ़ाने का रास्ता मिल गया है। नियम-शर्तों में प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते का दायरा, बातचीत का स्वरूप और तौर-तरीका तय किया गया है। इससे यह साफ हो गया है कि व्यापार समझौते में किन सेक्टर्स को शामिल किया जाना है, फिर बातचीत उसी दिशा में आगे बढ़ेगी। भारत और खाड़ी सहयोग परिषद के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर साल 2006 और 2008 में पहले भी दो दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन परिषद द्वारा सभी देशों और आर्थिक समूहों के साथ वार्ता स्थगित करने का फैसला लिए जाने के बाद तीसरा दौर नहीं हो पाया था।

इस तरह साल 2011 से रुके हुए समझौते के लिए अब फिर से बातचीत शुरू हो रही है। यह समझौता होने से भारत और खाड़ी देशों के बीच वस्तुओं, सेवाओं और निवेश का प्रवाह तेज और आसान हो जाएगा। भारत मई 2022 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ पहले ही मुक्त व्यापार समझौता कर चुका है। भारत और ओमान भी बीते वर्ष दिसंबर में व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। ऐसे में खाड़ी सहयोग परिषद के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को अगली कड़ी के तौर पर देखा जा रहा है।

खाड़ी देशों से व्यापारिक समझौता होने का मतलब है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश जैसे भारत विरोधी देशों की कमर और टूट जाएगी, क्योंकि खाड़ी देशों के बाजारों में भारतीय उत्पादों की पहुंच काफी आसान हो जाएगी। अभी बांग्लादेश बड़े पैमाने पर खाड़ी देशों में रेडीमेड गारमेंट्स, निटवेयर, जूट उत्पाद, चमड़े के उत्पाद और कृषि उत्पादों का निर्यात करता है, तो पाकिस्तान चावल, वस्त्र, फल, सब्जियां, मांस, चमड़े के उत्पाद और खेल के सामान की आपूर्ति करता है। खाड़ी देशों के बाजारों में जहां तक भारत की पहुंच की बात है, तो वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान खाड़ी सहयोग परिषद के साथ भारत का कुल द्विपक्षीय व्यापार 178.56 अरब डॉलर का रहा था, जो भारत के वैश्विक व्यापार का 15.42 प्रतिशत है।

इसमें भारत से 56.87 अरब डॉलर का निर्यात किया गया, जबकि आयात 121.68 अरब डॉलर था। इसमें दो राय नहीं कि खाड़ी सहयोग परिषद के साथ भारत का व्यापार लगातार बढ़ रहा है। भारत के कारोबारी वहां बड़े पैमाने पर चावल, वस्त्र, मशीनरी, इंजीनियरिंग साजो-सामान, रत्न और आभूषण का निर्यात करते हैं, जबकि वहां से भारत को कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस-एलएनजी, पेट्रोकेमिकल्स और सोने जैसी कीमती धातुएं आती हैं। खाड़ी सहयोग परिषद के साथ मुक्त व्यापार समझौते में भारत की सबसे बड़ी चिंता व्यापार घाटा कम करना है। उम्मीद की जा रही है कि इस समझौते के बाद व्यापार घाटा न सिर्फ कम होगा, बल्कि हमारे दक्ष युवाओं को वहां रोजगार और तेजी से मिलेगा।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान लगातार कोशिश कर रहा है कि किसी तरह मुस्लिम राष्ट्रों को भारत से दूर करे, लेकिन भारतीय कूटनीति के आगे उसकी चाल कामयाब नहीं हो पा रही है। सितंबर 2025 में सऊदी अरब और पाकिस्तान ने एक 'सामरिक पारस्परिक रक्षा समझौता' किया था। इसके बावजूद सऊदी अरब चाहता है कि भारत से जल्द मुक्त व्यापार समझौता हो जाए, ताकि व्यापार में सुगमता हो। यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने भी पिछले दिनों भारत दौरे पर कहा था कि वे चाहते हैं कि दोनों देश आपसी कारोबार को 2032 तक दोगुना कर 200 अरब डॉलर तक ले जाएं।

वैसे भी खाड़ी देशों में यूएई और सऊदी अरब भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं। यूएई के साथ द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर 100.06 अरब डॉलर हो गया है, जो वित्त वर्ष 2024 में 83.6 अरब डॉलर था। इसी तरह खाड़ी सहयोग परिषद के देशों में सऊदी अरब भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जिसके साथ वित्त वर्ष 2025 में द्विपक्षीय व्यापार 41.88 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2024-25 में कतर के साथ व्यापार 14.15 अरब डॉलर का रहा, इसके बाद ओमान के साथ 10.61 अरब डॉलर, कुवैत के साथ 10.22 अरब डॉलर और बहरीन के साथ 1.64 अरब डॉलर का व्यापार हुआ।

खाड़ी सहयोग परिषद की अध्यक्षता बहरीन के पास है। बहरीन और भारत के बीच घनिष्ठ रिश्ते हैं। बहरीन भी चाहता है कि परिषद और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता हो, ताकि कारोबार और सुगम हो सके। ऐसा होने से भारत के चर्म उत्पाद, वस्त्र उत्पादों का निर्यात बड़े पैमाने पर हो सकेगा। अभी वहां की मार्केट में बांग्लादेश की पहुंच अधिक है। व्यापार समझौता होने से वस्तुओं और सेवाओं पर लगने वाला आयात शुल्क या तो बहुत कम हो जाएंगे, अथवा खत्म हो जाएंगे। इसी तरह खाड़ी देशों की बाजार में भारतीय सामानों की लागत पाकिस्तानी और बांग्लादेशी उत्पादों की तुलना में कम होगी, जिसका बड़ा लाभ मिलेगा। वैसे भी खाड़ी देशों के पास न केवल अपार दौलत है, बल्कि भारत के युवाओं के लिए संभावनाओं का समंदर भी है।

भारत ट्रेड डील्स के जरिए नए–नए बाजार और सप्लाई लाइन खोज रहा है। यूरोपीयन यूनियन से मदर ऑफ डील और अमेरिका से महाडील फाइनल होने के बाद अब भारत की नजरें खाड़ी देशों पर हैं।

## आमने सामने



मेरी पार्टी उत्तर प्रदेश में मजबूती से चुनाव लड़ेगी और वहां भी अपना झंडा बुलंद करेगी। मिस्टर योगी, तैयार हो जाओ, यूपी भी आ रहे हैं। इसके बाद यूपी चलते हैं। हम सभी यूपी में अपनी ताकत और अपने झंडे को गाड़ेंगे और वहां भी अपना झंडा लहराएंगे।

-अकबरुद्दीन ओवैसी
नेता, एआईएमआईएम

सीएम योगी हमेशा तैयार रहते हैं और ओवैसी साहब अगर उपद्रव करने बुलाएंगे तो उन्हें पहले तय करना होगा कि वे कहां जाना चाहते हैं, बाहर या कहीं और? असल में सपा पार्टी को चिंता करनी चाहिए कि उनका वोटर कहीं छिटक न जाए।

-केतकी सिंह
बीजेपी विधायक



# यूपी बजट: वन ट्रिलियन इकोनॉमी का लक्ष्य



डॉ. विकास शुक्ला
चिकित्सक

उत्तर प्रदेश सरकार 11 फरवरी को अपना बजट पेश करेगी। यह न सिर्फ विकसित उत्तर प्रदेश के सपने को साकार करने वाला बजट होगा, बल्कि वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉम के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपने को साकार करने वाला होगा। इस बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को लेकर भारी भरकम राशि मिलने की उम्मीद है। नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट पेश किया जा सकता है। सरकार का मुख्य ध्यान मूलभूत सुविधाओं के विकास के साथ ही आम लोगों की सुविधाओं पर रहेगा। एक्सप्रेस वे के निर्माण, पुलों के निर्माण के लिए भारी भरकम बजट मिलने की उम्मीद है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या के समाधान पर फोकस तो होगा ही, शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे पर बड़े खर्च के एलान की संभावना है। यह बजट 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर पेश किया जाएगा।

प्रदेश में अभी यमुना एक्सप्रेसवे, आगरा- लखनऊ, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, मेरठ-दिल्ली और गोरखपुर एक्सप्रेसवे चालू हैं। इन एक्सप्रेसवे का निर्माण राज्य सरकार के बजट से हुआ है। मेरठ-प्रयागराज एक्सप्रेसवे का निर्माण तेजी से चल रहा है। अभी चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे समेत एक दर्जन और एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित उप्र एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा कवायद की जा रही है। सरकार का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा एक्सप्रेसवे बनाकर यातायात को न सिर्फ गति देना है, बल्कि औद्योगिक विकास भी बढ़ाना है, ताकि यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी वाला प्रदेश बनाया जा सके और यहां के निवासियों को अपने राज्य में घर के पास ही रोजगार मिल सके।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का घर के पास ही रोजगार देने का सपना बहुत हद तक साकार भी हो रहा है, क्योंकि यहां विदेशी कंपनियां औद्योगिक इकाइयां स्थापित कर चुकी हैं और कर रही हैं। स्थानीय निवेशक भी उद्योग लगा रहे हैं। बढ़ते औद्योगिक विकास की वजह है, प्रदेश में बना सुरक्षित माहौल। अब न तो कहीं उद्यमियों, चिकित्सकों व कारोबारियों से रंगदारी मांगने का मामला सामने आ रहा है न ही अपहरण का। यही वजह है कि दूसरे राज्यों से भी बड़े उद्यमी यहां के औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश कर रहे हैं। रोजगार के अवसर सूबे में बढ़े हैं, लेकिन सरकार का लक्ष्य इसे और बढ़ाना है।

पिछले वित्तीय वर्ष में बजट लगभग 8.08 लाख करोड़ रुपये था, जो उससे पहले के साल से 9.8 प्रतिशत ज्यादा था। इस बार का बजट उससे भी ज्यादा होगा। इस बजट में लाभार्थीपरक योजनाओं के लिए बजट तो मिलेगा ही कुछ नई योजनाएं भी शुरू होने की उम्मीद है। रोजगार, किसानों की आर्थिक मदद और गरीब व जरूरतमंद वर्ग के लिए संचालित योजनाओं के लिए भारी भरकम बजट मिल सकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रमों को और मजबूती देने की तैयारी है। कानून-व्यवस्था को और समृद्ध बनाने के लिए पुलिस बल को और सुविधा संपन्न करने पर जोर होगा।

इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं पर बजट का बड़ा हिस्सा आवंटित होने की उम्मीद है। प्रदेश सरकार को कानून व्यवस्था के मामले में जीरो टॉलरेंस नीति वाला माना जाता है। ऐसे में पुलिस और समृद्ध हो, इसके लिए 45 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा बजट इस महकमे को दिया जा सकता है, ताकि पुलिस महकमे को आधुनिक सुविधाओं से समृद्ध किया जा सके। जल्द ही पंचायत के चुनाव होने हैं। पंचायत चुनाव को विधानसभा चुनाव का सेमिफाइनल भी माना जा रहा है। ऐसे में सरकार खजाने से धन खर्च करने में किसी तरह की कोताही नहीं बरतने जा रही है।

वृद्धावस्था, विधवा, निराश्रित महिला, दिव्यांगों की पेंशन की राशि बढ़ाई जा सकती है। 1,43,450 शिक्षा मित्रों के मानदेय की बढ़ोत्तरी का एलान भी हो सकता है। सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के लिए पीडब्ल्यूडी को 40 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट मिल सकता है, तो नए बस स्टेशनों की स्थापना, पुराने बस अड्डों को मॉडल बनाने के लिए भी बजट में भारी भरकम राशि का प्रावधान होगा। प्रदूषण से बचाव के लिए इलेक्ट्रिक बसों की खरीद का लक्ष्य भी निर्धारित होगा। अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के लिए भी राशि आवंटित की जा सकती है।

चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर सरकार का फोकस है। मेडिकल कॉलेजों के निर्माण में तेजी आने की उम्मीद है, तो बेसिक-माध्यमिक शिक्षा के लिए तीन हजार करोड़ रुपये का भारी भरकम बजट भी मिलेगा। माध्यमिक विद्यालयों में ड्रीम स्किल लैब क्लस्टर के लिए बजट मिलेगा, तो शहरों में अवस्थापना सुविधाओं के मद में आवास विभाग को आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि मिलने की उम्मीद है। सरकार नई टाउनशिप बसाने के लिए मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना को गति देगी, तो मेट्रो परियोजनाओं को गति देने के लिए भी बजट का एलान होगा।

उत्तर प्रदेश सरकार 11 फरवरी को अपना बजट पेश करेगी। यह वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के मुख्यमंत्री योगी के सपने को साकार करने वाला बजट होगा।

## सोशल फोरम

# 'उसने कहा था'...

चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' की कहानी 'उसने कहा था' हिंदी कथा-साहित्य की वह शाश्वत रचना है, जिसने आधुनिक कहानी को न केवल रूप दिया, बल्कि भावनात्मक गहराई और नैतिक चेतना की नई भाषा भी दी। यह कथा प्रेम, कर्तव्य और बलिदान के उस त्रिकोण को स्पर्श करती है, जहां मनुष्य की आत्मा अपने सबसे बड़े नैतिक निर्णय से गुजरती है।



डॉ. उर्वशी
ब्लॉगर

हिंदी कहानी के इतिहास में 'उसने कहा था' केवल एक मील का पत्थर नहीं, बल्कि भावनात्मक परिपक्वता का आरंभ-बिंदु है। 1915 में प्रकाशित यह कहानी, अपने समय के समाज और मनुष्य दोनों को एक नई दृष्टि से देखने का आमंत्रण देती है। गुलेरी ने प्रेम को केवल रूमानी या त्रासद अनुभव के रूप में नहीं, बल्कि नैतिक और अस्तित्वगत प्रश्न के रूप में प्रस्तुत किया। यह वही क्षण था जब हिंदी कहानी ने केवल घटनाओं से आगे बढ़कर मानव-मन की जटिलता और आत्म-संयम की सौंदर्यता को कथ्य बनाया।

कहानी के केंद्र में लहना सिंह नामक सिख सैनिक है, जो बचपन में अपनी प्रेमिका से किए गए एक वाक्य-संवाद को जीवन का व्रत बना लेता है। 'उसने कहा था'- यह तीन शब्दों का वाक्यांश कहानी के भीतर स्मृति, वचन और नियति, तीनों का प्रतीक बन जाता है। युद्ध के मैदान में जब वही स्त्री अपने पति और पुत्र के जीवन की रक्षा का आग्रह करती है, तो लहना सिंह अपने जीवन को उसी वचन के प्रति समर्पित कर देता है। इस प्रकार कहानी का प्रेम, इच्छा की परिधि से निकलकर कर्तव्य और त्याग के आध्यात्मिक आयाम में रूपांतरित हो जाता है।

'उसने कहा था' की भाव-संरचना गहरी है, पर उसका स्वर अत्यंत संयमित। गुलेरी ने प्रेम को भावुकता से मुक्त किया है और उसे आत्मसंयम की नैतिक साधना के रूप में रूपायित किया है। लहना सिंह की निष्ठा किसी व्यक्तिगत संबंध की निष्ठा नहीं, बल्कि मानवीय मर्यादा की रक्षा का संकल्प है। कहानी का प्रेम 'पाना' नहीं, बल्कि 'देना' है और इसी में उसका सौंदर्य निहित है।

यहां प्रेम का अर्थ रूमानी आकर्षण नहीं, बल्कि धर्म की अनुभूति है। यह प्रतिध्वनि प्रेम के उस ऊंचे धरातल की ओर ले जाती है जहाँ मनुष्य की व्यक्तिगत आकांक्षा समाप्त होकर कर्तव्य की सार्वभौमिकता में बदल जाती है। कहानी की घटनाएं भले ही प्रथम विश्वयुद्ध की पृष्ठभूमि में घटती हों, पर युद्ध यहां बाहरी घटना से अधिक अंतर्मन का प्रतीक है।

-फेसबुक वॉल से



## सामयिकी

# खाद्य सुरक्षा पर गहराता संकट और जिम्मेदारी

आज भारत जैसे देश में जब हम खाना चुनते हैं, उसके बारे में यह सोचकर भी डर लगता है कि क्या वह वास्तव में शुद्ध है? 2025–26 के ताज़ा आंकड़े और निरीक्षण रिपोर्ट यह सवाल सिर्फ़ खड़े नहीं करती, बल्कि एक गंभीर चेतावनी की तरह सामने आती है। हाल ही में जब देश भर में खाद्य सुरक्षा विभागों ने मिलावट से जुड़े उत्पादों की जांच की, तो पता चला कि रोज़मर्रा के उपयोग की चीज़ों में, जैसे- पनीर, दूध, घी, मसाले और मिठाइयां खाद्य गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं हो रहा है। उदाहरण के तौर पर, सूरत में 2025 में नकली और घटिया खाद्य पदार्थों की जब्ती पिछले साल के मुकाबले 13 गुना अधिक दर्ज की गई, जिसमें डेयरी उत्पादों में गंभीर मिलावट पाई गई थी।

यह सिर्फ़ आंकड़ों की बाज़ीगरी नहीं है। इसके पीछे लाखों परिवारों की सेहत का सवाल है। मिलावटी भोजन का असर सबसे पहले हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। जब हम बिना जाने-समझे रसायन, सस्ते तेल या नकली स्वाद बढ़ाने वाले तत्वों से भरे खाद्य पदार्थ खाते हैं, तो उनसे पाचन तंत्र में गड़बड़ियां, पेट दर्द, अपच और दस्त जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। लंबे समय तक ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करने से लीवर और किडनी पर दबाव बढ़ता है, जिससे ये जरूरी अंग ठीक से काम नहीं कर पाते। कई रसायन प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करते हैं, जिससे शरीर बीमारियों से लड़ने में असमर्थ हो जाता है।



डॉ. सुनिधि मिश्रा
शिक्षिका

बच्चों पर इसका असर और भी ज्यादा गहरा होता है। बच्चों का शरीर अभी विकासशील होता है। उनका पाचन, मस्तिष्क और प्रतिरक्षा तंत्र सभी विकास के दौर से गुजर रहे हैं। मिलावटी खाद्य पदार्थों में मौजूद भारी धातुएं और रसायन उनके सीखने की क्षमता, ध्यान बनाए रखने की शक्ति और सामान्य विकास को प्रभावित कर सकते हैं। कई छोटे-बड़े अध्ययनों में यह पाया गया है कि दूषित भोजन से बच्चों में पाचन समस्याओं, बार-बार बीमार पड़ने और विकास में देरी जैसी समस्याएं अधिक देखी गई हैं।

गर्भवती महिलाओं के लिए भी यह समस्या गंभीर चिंता का विषय है। गर्भावस्था एक ऐसा समय होता है, जब मां और अजन्मे शिशु दोनों को सुरक्षित, पौष्टिक आहार की बेहद आवश्यकता होती है। मिलावटी अथवा घटिया भोजन से पोषक तत्वों की कमी बढ़ सकती है, जिससे शिशु का वजन कम हो सकता है या जन्म के बाद विकास में समस्या आ सकती है। कुछ मामलों में यह गर्भावस्था से जुड़ी जटिलताओं का कारण भी बन सकता है। हमारी बीमारी का कारण सिर्फ़ भोजन की शुद्धता नहीं है, बल्कि यह हमारी जागरूकता की कमी भी है।

अक्सर हम रोज़मर्रा की चीज़ों को बिना जांचे-परखे खरीद लेते हैं। चाहे वह पनीर हो, खोया हो या मसाले। मिलावटखोर सस्ते घटकों को मिलाकर अधिक मुनाफा कमाना चाहते हैं और ऐसा वे खासकर त्योहारों के समय और अधिक करते हैं, जब बाजार में मांग बढ़ जाती है। उदाहरण के तौर पर, उत्तर प्रदेश में दिवाली के दौरान विशेष निरीक्षण में कई मिलावटी खाद्य वस्तुएं जब्त की गईं। यह संकेत देता है कि भारी मांग के समय मिलावट खोर सक्रिय हो जाते हैं।


समस्या सिर्फ़ निरीक्षण करने से हल नहीं होगी। हमें स्वयं भी जागरूक होना होगा। सबसे पहले, यह समझना ज़रूरी है कि खाद्य गुणवत्ता सिर्फ़ सिलाई की लेबर की तरह दिखाई देने वाली चीज़ नहीं है। यह हमारे शरीर में होने वाली हर प्रक्रिया से जुड़ी है। हमें लाल झंडे की तरह संकेतों को पहचानना सीखना होगा। जैसे- असामान्य रंग, गंध या बनावट। साथ ही, विश्वसनीय स्रोतों से ही खाद्य सामग्री खरीदनी चाहिए, जहां गुणवत्ता मानकों की पालना होता है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# कला-संस्कृति की मिसाल हैं ये प्रेम की धरोहर

प्यार केवल एहसास नहीं होता, कई बार वह पत्थरों में ढलकर इतिहास बन जाता है। दुनिया के अलग-अलग कोनों में खड़ी कुछ इमारतें इस बात की गवाह हैं कि जब प्रेम गहरा होता है, तो वह समय, दूरी और मृत्यु की सीमाओं को भी पार कर जाता है। कहीं ये महल किसी प्रिय को दिया गया अधूरा उपहार है, तो कहीं टूटे दिल की खामोश पुकार। किसी ने प्रेमिका के लिए पुल बनवाया, तो किसी ने पत्नी की याद में पूरी उम्र एक ही महल तराश दिया। इन स्मारकों की दीवारों में सिर्फ ईंट-पत्थर नहीं, बल्कि उम्मीद, समर्पण, पीड़ा और अमर मोहब्बत की कहानियां बसती हैं। बोल्ट कैसल से लेकर कोरल कैसल, शैटो डी चेनोन्सो से ताजमहल तक ये सभी स्थान यह बताते हैं कि सच्चा प्यार भले ही अधूरा रह जाए, लेकिन उसकी निशानी हमेशा के लिए जीवित रहती है। ये स्मारक प्रेम में पगे आशिकों के दिलों में व्याप्त गहरी भावनाओं को दर्शाते हैं।


शिखर चंद जैन
लेखक





## शैटो डी चेनोन्सो, फ्रांस

फ्रांस का यह भव्य महल 'महिलाओं का महल' कहलाता है। शैटो डी चेनोन्सो की दीवारों में प्यार और प्रतिद्वंद्विता की निशानियां दफन हैं। 1547 में फ्रांस के राजा हेनरी द्वितीय ने इसे अपनी प्रेमिका डायने डी पोइटियर्स को उपहार में दिया। डायने ने ही शेर नदी पर बना वह प्रसिद्ध मेहराबदार पुल बनवाया, जो आज इस महल की पहचान है। राजा की मृत्यु के बाद, रानी कैथरीन डी मेडीसी ने डायने को महल से निकाल दिया और स्वयं यहां शासन किया। इस तरह यह महल प्रेम और प्रतिद्वंद्विता दोनों का प्रतीक बन गया।



## बोरी कैसल, हंगरी

हंगरी के सेकेसफेहेरवार में स्थित बोरी कैसल प्रेम और समर्पण की जीवंत मूर्ति है। मूर्तिकार और वास्तुकार जेनो बोरी ने इसे अपनी पत्नी इलोना बोरी के प्रति अटूट प्रेम के प्रतीक के रूप में 1923 से लेकर लगभग 40 वर्षों तक अपने हाथों से बनाया। महल में मौजूद मूर्तियां, चित्रकला और ऊंचा टॉवर उनकी पत्नी को समर्पित हैं। यह स्थान आज दुनियाभर के प्रेमियों के लिए प्रेरणा का केंद्र है।

## जूलियट का घर, इटली



वेरोना स्थित कासा डि गिउलिएटा शेक्सपियर के अमर प्रेम रोमियो और जूलियट की याद दिलाता है। 13 वीं सदी की यह ऐतिहासिक इमारत कैप्पेलो स्ट्रीट पर स्थित है, जहां वह प्रसिद्ध बालकनी और जूलियट की कांस्य मूर्ति मौजूद है। हालांकि जूलियट एक काल्पनिक पात्र है, फिर भी यह स्थान प्रेम का वैश्विक प्रतीक बन चुका है। मान्यता है कि जूलियट की मूर्ति के दाहिने हाथ को छूने से प्रेम में सौभाग्य मिलता है। इसी विश्वास से यहां हर दिन हजारों प्रेमी आते हैं।

## कोरल कैसल, फ्लोरिडा, यूएस



कोरल कैसल शायद दुनिया की सबसे रहस्यमयी प्रेम-रचना है। इसे लातवियाई-अमेरिकी प्रवासी एडवर्ड लीडस्कैलनिन ने 1923 से 1951 के बीच अकेले बनाया। 1100 टन से अधिक कोरल पत्थरों से बना यह ढांचा 'फ्लोरिडा का स्टोनहेंज' कहलाता है। एडवर्ड का कद और शरीर साधारण था, फिर भी उन्होंने बिना आधुनिक मशीनों के यह असंभव कार्य कर दिखाया। शादी से ठीक पहले मंगेतर एग्नेस द्वारा छोड़े जाने के बाद, टूटे दिल से उन्होंने इसे प्रेम-स्मारक के रूप में गढ़ा। वे दावा करते थे कि उन्हें मिस्र के पिरामिडों के निर्माण का रहस्य चुंबकत्व और उत्तोलन आता है।

## बोल्ट कैसल, न्यूयॉर्क



बोल्ट कैसल एलेक्जेंड्रिया बे, न्यूयॉर्क में हार्ट आइलैंड पर स्थित एक शानदार ऐतिहासिक महल और एक लोकप्रिय पर्यटक आकर्षण है। इसे जॉर्ज सी. बोल्ट ने अपनी पत्नी लुईस के लिए प्यार की निशानी के तौर पर बनवाना शुरू किया था, लेकिन उनके निधन के बाद यह अधूरा रह गया। यह एक छह मंजिला, 120 कमरों वाली राइनलैंड-शैली की संरचना है। इसका निर्माण 1900 में शुरू हुआ था, लेकिन जनवरी 1904 में लुईस की अचानक मृत्यु के बाद जॉर्ज बोल्ट का मन टूट गया। फिर उन्होंने इसे अधूरा छोड़ दिया और फिर कभी वापस नहीं लौटे।

## एलेनोर क्रॉसेस, इंग्लैंड



13 वीं सदी में इंग्लैंड के राजा एडवर्ड प्रथम ने अपनी पत्नी एलेनोर ऑफ कैस्टिले की स्मृति में 12 भव्य पत्थर क्रॉस बनवाए। 1290 में रानी की मृत्यु के बाद, उनके अंतिम संस्कार के जुलूस के दौरान लिंकन से लंदन तक जहां-जहां रात्रि विश्राम हुआ, वहां ये क्रॉस स्थापित किए गए। आज इनमें से केवल तीन गेडिंगटन, हार्डिंगस्टोन और वाल्थम मूल रूप में बचे हैं। ये क्रॉसेस आज भी शाश्वत प्रेम के प्रतीक माने जाते हैं।

## हमारा ताजमहल

मुगल सम्राट शाहजहां द्वारा अपनी पत्नी मुमताज महल की याद में बनवाया गया ताजमहल दुनिया में प्रेम का सबसे महान प्रतीक माना जाता है। 1631 में शुरू होकर 1653 में पूरा हुआ यह मकबरा लगभग 22,000 कारीगरों की मेहनत का परिणाम है। राजस्थान के मकराना से लाए गए शुद्ध सफेद संगमरमर पर कीमती पत्थरों की पच्चीकारी इसे बेमिसाल बनाती है। ताजमहल न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया के लिए प्यार की सबसे खूबसूरत निशानी है।



## शालीमार बाग, कश्मीर

श्रीनगर में स्थित शालिमार बाग मुगल प्रेम और सौंदर्य का अनुपम उदाहरण है। इसे मुगल बादशाह जहांगीर ने 1619 में अपनी प्रिय पत्नी नूरजहां के लिए बनवाया था। 'चहार बाग' शैली में निर्मित यह उद्यान तीन छतों में बंटा है, जिनमें फव्वारे, जलधाराएं, चिनार के वृक्ष और दीवान-ए-आम व दीवान-ए-खास जैसे मंडप हैं। डल झील के किनारे स्थित यह बाग यूनेस्को की अस्थायी विश्व धरोहर सूची में भी शामिल है।



अनोखी परंपरा

## गर्दन की लंबाई में बंधी खूबसूरती



सुंदरता की परिभाषा हर समाज में अलग-अलग होती है। जहां आधुनिक दुनिया में सुंदरता को चेहरे, पहनावे या स्टाइल से जोड़ा जाता है, वहीं म्यांमार की कयान जनजाति में सुंदरता का पैमाना बिल्कुल अनोखा है। यहां महिलाओं की खूबसूरती उनकी गर्दन की लंबाई से आंकी जाती है। माना जाता है कि जितनी लंबी गर्दन, उतनी ही अधिक सुंदर महिला। कयान जनजाति की लड़कियां महज पांच वर्ष की उम्र से ही गर्दन में पीतल की अंगूठियां पहनना शुरू कर देती हैं। शुरुआत में ये अंगूठियां हल्की होती हैं, लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे इनकी संख्या और वजन भी बढ़ाया जाता है। यह प्रक्रिया कई घंटों तक चलती है और धीरे-धीरे वर्षों में पूरी होती है। लगातार दबाव के कारण कंधों और पसलियों की हड्डियां नीचे की ओर खिसक जाती हैं, जिससे गर्दन लंबी दिखाई देने लगती है। वास्तव में गर्दन नहीं बढ़ती, बल्कि शरीर की संरचना बदल जाती है। एक पूरा सेट 10 से 20 किलो तक वजनी हो सकता है। इतना भारी वजन पहनकर रोजमर्रा का जीवन आसान नहीं होता। खेतों में काम करना, झुकना, चलना-फिरना सब कुछ कठिन हो जाता है। कई महिलाएं लगातार दर्द, थकान और असहजता के साथ जीवन बिताती हैं। बावजूद इसके, वे इसे अपनी नियति और पहचान मानकर सहन करती हैं।

दिलचस्प बात यह है कि यह परंपरा शुरुआत में सुंदर दिखने के लिए नहीं, बल्कि महिलाओं को कम आकर्षक बनाने के उद्देश्य से शुरू हुई थी। मान्यता थी कि लंबी गर्दन और भारी गहनों के कारण दूसरी जनजातियों के लोग उन्हें अगवा नहीं करेंगे। समय के साथ यह प्रथा सुरक्षा से निकलकर संस्कृति और पहचान का प्रतीक बन गई। आज की युवा पीढ़ी इस परंपरा को बोझ के रूप में देखने लगी है। कई लड़कियां अब इन अंगूठियों को पहनने से इनकार कर रही हैं। वहीं दूसरी ओर, उत्तरी थाईलैंड में पर्यटन के कारण कयान महिलाओं के ये गहने फिर से चर्चा में आ गए हैं। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए यह परंपरा अब आजीविका का साधन भी बन चुकी है। कई बुजुर्ग कयान महिलाएं आज भी जीवनभर ये अंगूठियां नहीं उतारतीं और इसे अपनी अस्मिता मानती हैं। यह परंपरा सुंदरता और संस्कृति दोनों का प्रतीक है, लेकिन यह सवाल अब भी बना हुआ है कि क्या यह सच में सुंदरता का पैमाना है या महिलाओं पर थोपी गई एक सामाजिक जिम्मेदारी?

आर्ट गैलरी

## जोहांस वर्मीर की 'द गर्ल विद अ पर्ल इयर रिंग'



जैन वर्मीर की 'गर्ल विद अ पर्ल इयररिंग' डच रियलिस्ट जॉनर पेंटिंग का एक मास्टरपीस है। इसे 'द हेड ऑफ अ यंग वुमन', 'पोर्ट्रेट ऑफ अ यंग वुमन विद अ टर्बन', 'वुमन इन ओरिएंटल ड्रेस' और 'गर्ल विद अ पर्लबन' भी कहा जाता है। इस कमाल की पेंटिंग में एक काल्पनिक जवान औरत को दिखाया गया है, जो शानदार कपड़े पहने अंधेरे से निकल रही है। यह फिगर सीधे देखने वाले की आंखों में देखती है और उसे अपनी ओर खींचती है। उसकी अनोखी ड्रेस और मोती की इयररिंग रोशनी और अंधेरे में से दिखती है, जिसे वर्मीर ने अपनी जादुई ब्रश से परफेक्ट किया है। वर्मीर ने ध्यान खींचने और इंटेंसिटी बनाने के लिए रंगों पर अपने जबरदस्त कंट्रोल का कुशलता से इस्तेमाल किया। इस रचना में, उन्होंने पेंटिंग के पीछे की कहानी को बताने के लिए रंगों का इस्तेमाल कंट्रास्ट के तौर पर किया। उनके टोन की समझ उनकी सबसे दिलचस्प तस्वीरों में से एक में जान डाल देती है। एक जवान लड़की, जिसने हल्के ओरिएंटल कपड़े पहने हैं और जिसके सिर पर एक मोती की इयररिंग है।

### वर्मीर के बारे में



जोहांस वर्मीर की मशहूर बारोक स्टाइल, रोजमर्रा की जिंदगी की चमकदार कंपोजिशन थीं, जो रोशनी और रंगों पर उनकी महारत को दिखाती हैं। उनके काम में अक्सर रोजमर्रा के घरेलू सीन होते हैं, जो डिटेल पर उनके जबरदस्त ध्यान को दिखाते हैं। उनका जन्म अक्टूबर 1632 में हुआ और निधन 15 दिसंबर 1675 को। वो डच पेंटर थे, उन्हें डच गोल्डन एज के सबसे महान पेंटर में से एक माना जाता है। अपने जीवनकाल में, वे एक सफल प्रांतीय शैली के पेंटर थे, जिन्हें डेल्फ़्ट और द हेग में पहचान मिली। उन्होंने काफी कम पेंटिंग बनाईं, मुख्य रूप से एक आर्ट डीलर के तौर पर अपनी जिंदगी चलाते थे। वे अमीर नहीं थे, उनकी मौत के समय, उनकी पत्नी कर्ज में डूबी हुई थीं। द गर्ल विद अ पर्ल इयररिंग शायद वर्मीर का सबसे मशहूर आर्टवर्क है। इसमें एक जवान लड़की को एक अनोखी पगड़ी और बड़ी मोती की इयररिंग पहने दिखाया गया है। यह पेंटिंग अपनी शानदार कंपोजिशन, चटकीले रंगों और रहस्यमयी सब्जेक्ट मैटर से देखने वालों का ध्यान खींचती है। हालांकि अक्सर इसकी तुलना 'डच मोना लिसा' से की जाती है, लेकिन यह बहुत कम समझ है कि यह जवान औरत कौन थी या वर्मीर के साथ उसका क्या कनेक्शन था।

लोकायन

## बसोहली चित्रकला: रंग, भक्ति और सौंदर्य का संगम

भारतीय लघु चित्रकला की समृद्ध परंपरा में बसोहली चित्रकला एक ऐसी विशिष्ट शैली है, जिसमें रंगों की तीव्रता, भावों की स्पष्टता और भक्ति की गहराई एक साथ सजीव हो उठती है। इसका विकास जम्मू क्षेत्र के बसोहली इलाके में हुआ, जहां लोक परंपराओं, पौराणिक कथाओं और दरबारी कला ने मिलकर एक अनोखी चित्रभाषा को जन्म दिया। बसोहली शैली वस्तुतः हिंदू, मुगल और पहाड़ी कलात्मक परंपराओं के सुंदर समन्वय का परिणाम है।



बसोहली शैली में मुगल चित्रकला की झीनी पारदर्शी वेशभूषा और दरबारी ठाठ दिखाई देता है, जबकि चेहरों की बनावट, भाव-भंगिमा और आकृतियां स्थानीय लोक कला से प्रेरित हैं। बसोहली चित्रकला पर हिंदू धर्म और परंपरा का गहरा प्रभाव रहा। विष्णु और उनके दशावतार, विशेषकर श्रीकृष्ण, इस कला के प्रमुख नायक हैं। रामायण, महाभारत और जयदेव कृत 'गीत गोविंद' जैसे ग्रंथों पर आधारित चित्र श्रृंखलाएं इस शैली को आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान करती हैं।


बसोहली चित्रकला का स्वर्णकाल संग्राम पाल (1635-1673 ई.) और कृपाल पाल (1678-1693 ई.) के शासनकाल में माना जाता है। संग्राम पाल के समय वैष्णववाद को राजकीय संरक्षण प्राप्त हुआ, जिसके फलस्वरूप प्रारंभिक बसोहली चित्रों में 'रसमंजरी' श्रृंखला का विशेष महत्व रहा। इन चित्रों में कृष्ण को नायक रूप में चित्रित किया गया है। गाढ़े और चमकीले रंग लाल, पीला और नीला सपाट पृष्ठभूमि के साथ मिलकर चित्रों को तीव्र दृश्य प्रभाव प्रदान करते हैं। चेहरों में उभरी हुई नाक, कमल-सी आंखें और भावपूर्ण दृष्टि बसोहली शैली की पहचान हैं। स्त्री और पुरुष दोनों की वेशभूषा मुगल और राजपूत दरबारों से मेल खाती है। चित्रों में दर्शित भवन, आलिंद, जटिल जड़ाइयां और सुसज्जित भीतरी कक्ष मुगल और राजपुताना स्थापत्य की स्मृति कराते हैं।

आभूषणों का अंकन इस शैली की सबसे विलक्षण विशेषता है। मोतियों के लिए उभरे हुए सफेद रंग और पन्नों की आभा दिखाने हेतु झींगुर के पंखों के आवरणों का प्रयोग कलाकारों की कल्पनाशीलता और तकनीकी दक्षता को दर्शाता है। कृपाल सिंह के संरक्षण में बसोहली चित्रकला का उत्तरवर्ती चरण विकसित हुआ, जिसमें प्रकृति के प्रति झुकाव और कलात्मक परिष्कार अधिक दिखाई देता है। इस काल में चित्रकार मनकू द्वारा रचित 'गीत गोविंद श्रृंखला' विशेष रूप से उल्लेखनीय है। 18 वीं शताब्दी के मध्य तक बसोहली शैली न केवल जीवित रही, बल्कि अन्य पहाड़ी क्षेत्रों की चित्रकला को भी एक ऐसी विरासत के रूप में, दिशा देती चली गई, जिसमें रंग, भक्ति और सौंदर्य एक साथ सांस लेते हैं।

## ओरिएंटलिज्म, भारतीय कला परंपरा और औपनिवेशिक व्याख्या का सच

पहली बार एडवर्ड वादी सईद (1935–2003) की पुस्तक "ओरिएंटलिज्म" (1978) ने यह स्थापित किया कि 'पूरब' को लेकर पश्चिमी ज्ञान-परंपरा एक तटस्थ बौद्धिक परियोजना नहीं थी, बल्कि सत्ता, उपनिवेशवाद और वर्चस्व से गहराई से जुड़ी हुई थी। सईद के अनुसार ओरिएण्टलिज्मएक ऐसी ज्ञान-प्रणाली है, जो पूर्व को रहस्यमय, स्थिर, पिछड़ा और अपरिवर्तनशील दिखाकर पश्चिमी श्रेष्ठता को वैध ठहराती है। यह अवधारणा अकादमिक अनुशासन, विचारधारात्मक द्वैत (पूरब-पश्चिम) और औपनिवेशिक शासन के औजार तीनों स्तरों पर कार्य करती है।

भारतीय कला-इतिहास के संदर्भ में यह प्रश्न और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या औपनिवेशिक काल में भारतीय कला पर हुआ समस्त पश्चिमी अध्ययन केवल ओरिएंटलिस्ट पूर्वाग्रहों से प्रेरित था या उस दौर में कुछ ऐसे विद्वान भी थे, जिन्होंने भारतीय कला परंपरा को समझने और प्रतिष्ठित करने का गंभीर प्रयास किया। यहीं सईद के निष्कर्षों की आंशिक पुनर्व्याख्या की जरूरत सामने आती है। ई.बी. हैवेल को ऐसे ही अपवादों में गिना जा सकता है। उन्होंने भारतीय कला को यूरोपीय यथार्थवाद के मानकों से मुक्त करके उसके आंतरिक सौंदर्यशास्त्र और आध्यात्मिक दृष्टि के आधार पर समझने का आग्रह किया। 'इंडियन स्कल्पचर एंड पेंटिंग' (1908) में हैवेल भारतीय कला को 'नकलची' या 'अधूरा' मानने वाली औपनिवेशिक धारणा का खंडन करते हैं। इस अर्थ में हैवेल सईद के ओरिएण्टलिज्ममॉडल में एक महत्वपूर्ण अपवाद प्रतीत होते हैं।



वहीं लॉकवुड किपलिंग का योगदान भारतीय शिल्प परंपराओं के दस्तावेजीकरण में उल्लेखनीय रहा। लाहौर म्यूजियम और मेयो स्कूल ऑफ आर्ट से जुड़ाव के माध्यम से उन्होंने भारतीय हस्तकला को 'निम्न कला' मानने की मानसिकता का विरोध किया। किंतु उनकी दृष्टि अक्सर भारतीय कला को एक 'एथ्नोग्राफिक वस्तु' के रूप में देखती है, न कि एक जीवित समकालीन सृजन के रूप में यहां सईद की आलोचना आंशिक रूप से लागू होती है।


सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

अलेक्जेंडर कनिंघम के कार्य भारतीय पुरातत्व और स्थापत्य की खोज और संरक्षण में ऐतिहासिक महत्व रखते हैं। सारनाथ, सांची और बोधगया जैसे स्थलों की पहचान उनके प्रयासों से संभव हुई। परंतु सईद की दृष्टि से यह ज्ञान भी औपनिवेशिक प्रशासन के अधीन था, जहां भारतीय अतीत को 'मृत गौरव' के रूप में प्रस्तुत कर समकालीन समाज से काट दिया गया। इस प्रकार यह संरक्षण और नियंत्रण दोनों का उदाहरण बनता है। सईद के विचारों को आगे बढ़ाने वाले उत्तर औपनिवेशिक विद्वानों में होमी के. भाभा, गायत्री चक्रवर्ती स्पिवाक, रोनाल्ड इंडन और पार्थ चटर्जी प्रमुख हैं। भाभा ने 'हाइब्रिडिटी', 'मिमिक्री' और 'थर्ड स्पेस' की अवधारणाओं के माध्यम से यह दिखाया कि औपनिवेशिक सत्ता स्थिर नहीं होती और उपनिवेशित समाज सांस्कृतिक स्तर पर उसे चुनौती देते हैं। स्पिवाक ने 'सबऑल्टर्न' की आवाज और प्रतिनिधित्व की राजनीति पर सवाल उठाए, यह रेखांकित करते हुए कि ज्ञान के नाम पर बोलना भी सत्ता का रूप हो सकता है।

रोनाल्ड इंडन ने 'इमेजिनिंग इंडिया' में भारत को स्थिर और रहस्यवादी दिखाने वाली औपनिवेशिक कल्पनाओं की आलोचना की और भारतीय समाज की ऐतिहासिक तथा बौद्धिक गतिशीलता पर जोर दिया। पार्थ चटर्जी ने राष्ट्रवाद और उपनिवेशी ज्ञान के संबंध को विश्लेषित करते हुए बताया कि भारतीय राष्ट्रवाद एक साथ प्रतिरोधी भी रहा और औपनिवेशिक श्रेणियों से सीमित भी। समकालीन संदर्भ में देखें तो वैश्विक कला बाजार, बिएनाले और म्यूजियम में ओरिएण्टलिज्मके नए रूप दिखाई देते हैं। भारतीय कला को 'एक्सॉटिक' या 'स्पिरिचुअल' लेबल में बांधना, लोक और आदिवासी कलाओं को 'अनाम' बनाकर प्रस्तुत करना तथा कलाकारों से पहचान की राजनीति की अपेक्षा करना। ऐसे में सईद का चिंतन आज भी प्रासंगिक बना हुआ है।

अंततः कहा जा सकता है कि ओरिएण्टलिज्म भारतीय कला-इतिहास के लिए एक शक्तिशाली आलोचनात्मक औजार है, किंतु इसे पूर्ण सत्य के रूप में नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण विवेचना के साथ अपनाने की आवश्यकता है। औपनिवेशिक दौर में जहां भारतीय कला को हेय दृष्टि से देखा गया, वहीं कुछ विद्वानों ने उसे वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित भी किया। भारतीय कला-इतिहास का न्यायपूर्ण लेखन तभी संभव है, जब इन दोनों प्रवृत्तियों को साथ-साथ समझा जाए।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
| --- | --- | --- |
| बंद हुआ | 84,273.92 | 25,935.15 |
| बढ़त | 208.17 | 67.85 |
| प्रतिशत में | 0.25 | 0.26 |

सोना - 1,60,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी- 2,64,500 प्रति किग्रा

अमृत विचार
बरेली, बुधवार, 11 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2610, राज श्री 1940, फ़ॉर्चून कि. 2425, रविन्द्रा 2515, फॉर्चुन 13 किग्रा 2145, जय जवान 2125, सचिन 2120, सूरज 2125, अवसर 1865, उजाला 1920, गृहणी 13 किग्रा 1975, क्लासिक (किग्रा) 2325, मोर 2320, चक्र टिन 2375, ब्लू 2215, आशीर्वाद मस्टर्ड 2420, स्वास्तिक 2565

**किराना :** हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 24500, लाल मिर्च 18000–23000, धनिया 9400–12000, अजवायान 13500–20000, मेथी 6000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 31000, (प्रतिकि.) लौंग 800–1000, बादाम 780–1080, काजू 2 पीस 840, किसमिस पीली 300–400, मखाना 800–1100

**चावल (प्रति कु.) :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा, 5 किग्रा) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200, लाडली 4200

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 13100

**चीनी :** पीलीभीत 4460, बहेड़ी 4300

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 4200, मसूरी- 1500, बासमती- 8000–9400, परमल- 2500–3800

**दाल दलहन :** काला चना- 2600–4400, साबुत चना दाल- 1200, मूंग साबुत- 5200, राजमा- 9200–12000, दाल उड़द- 7500, साबुत मसूर दाल- 4000, मसूर दाल- 1500, उड़द साबुत- 10400, काबुली चना- 7400–10300, अरहर दाल- 10200 –12000, लोबिया/करमानी- 2600–4000

# अमेरिका-भारत अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे : व्हाइट हाउस

## दस्तावेज के अनुसार पिछले शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार समझौते की घोषणा की थी

**न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने कहा है कि आने वाले हफ्तों में अमेरिका और भारत व्यापार पर अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे ताकि पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) संपन्न किया जा सके। 'व्हाइट हाउस' ने एक दस्तावेज (फैक्ट शीट) में कहा कि दोनों देश सेवाओं एवं निवेश, श्रम तथा सरकारी खरीद सहित शेष मुद्दों को सुलझाने के लिए बातचीत जारी रखेंगे। भारत और अमेरिका के पारस्परिक एवं लाभकारी व्यापार से संबंधित अंतरिम समझौते के ढांचे की संयुक्त घोषणा के कुछ दिन बाद व्हाइट हाउस ने अमेरिका और भारत ने ऐतिहासिक व्यापार समझौते (अंतरिम समझौता) की घोषणा की।

फैक्ट शीट में समझौते की प्रमुख शर्तों को उल्लेख किया गया है। उसके अनुसार भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं एवं अमेरिकी खाद्य व कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शुल्क समाप्त करेगा या घटाएगा। इनमें ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स,



रेड सोरघम, ट्री नट्स, ताजे और प्रसंस्कृत फल, कुछ दालें, सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट्स सहित अन्य उत्पाद शामिल हैं। साथ ही भारत ने अधिक अमेरिकी उत्पाद खरीदने तथा ऊर्जा, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, कृषि, कोयला और अन्य क्षेत्रों में 500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के अमेरिकी उत्पाद खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है। समृद्ध भविष्य की राह शीर्षक वाले खंड में कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी जनता के हितों को आगे बढ़ाते हुए अमेरिकी निर्यातकों के लिए बाजार पहुंच बढ़ा रहे हैं। साथ ही आर्थिक एवं राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए शुल्क एवं गैर-शुल्क बाधाओं को कम कर रहे हैं। इसमें कहा गया कि भारत ने दुनिया की किसी भी प्रमुख अर्थव्यवस्था की तुलना में अमेरिका पर सबसे अधिक शुल्क बनाए रखे हैं, जहां कृषि उत्पादों पर औसतन 37 प्रतिशत तक और कुछ वाहनों पर 100 प्रतिशत से अधिक शुल्क है। भारत का इतिहास अत्यधिक संरक्षणवादी गैर-शुल्क बाधाएं लगाने का भी रहा है जिनके कारण अमेरिका के कई निर्यात भारत में प्रतिबंधित रहे हैं।

दस्तावेज के अनुसार आने वाले हफ्तों में अमेरिका और भारत इस ढांचे को शीघ्र लागू करेंगे और अमेरिकी श्रमिकों तथा कारोबार के लिए लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पारस्परिक रूप से लाभकारी बीटीए को अंतिम रूप देने की दिशा में अंतरिम समझौते पर काम करेंगे।

इसमें कहा गया कि भारत प्राथमिक क्षेत्रों में द्विपक्षीय व्यापार को प्रभावित करने वाली गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करेगा। अमेरिका और भारत उत्पत्ति नियमों पर बातचीत करेंगे ताकि सहमत लाभ मुख्य रूप से दोनों देशों को ही मिलें। भारत अपने डिजिटल सेवा कर हटाएगा और मजबूत द्विपक्षीय डिजिटल व्यापार नियमों पर बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनमें भेदभावपूर्ण या बोझिल प्रथाओं तथा डिजिटल व्यापार में अन्य बाधाओं से निपटा जाएगा। दस्तावेज के अनुसार पिछले शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार समझौते की घोषणा की थी, जिससे 1.4 अरब से अधिक आबादी वाले देश का बाजार अमेरिकी उत्पादों के लिए खुलेगा।

### अमेरिका ने बांग्लादेश पर शुल्क घटाकर 19 प्रतिशत किया

**ढाका।** बांग्लादेश ने अमेरिका के साथ एक व्यापार समझौता किया है जिसके तहत उस पर लगने वाला शुल्क घटाकर 19 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके तहत अमेरिकी सामग्री से निर्मित कुछ वस्त्र एवं परिधान उत्पादों को छूट भी मिलेगी। अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने यह जानकारी दी। यूनुस ने एक्स पर सोमवार को जानकारी दी कि अमेरिका ने अमेरिका में उत्पादित कपास एवं मानव निर्मित फाइबर से बने बांग्लादेश से आने वाले कुछ वस्त्र एवं परिधान उत्पादों को अमेरिकी बाजार में शून्य शुल्क पर जगह देने के लिए एक तंत्र स्थापित करने की प्रतिबद्धता जताई है। अमेरिका समर्थक रुख के लिए पहचाने जाने वाले यूनुस ने कहा कि यह समझौता पिछले साल अप्रैल से नौ महीने की बातचीत के बाद हुआ है। अमेरिकी वित्त विभाग या अमेरिकी प्रशासन के किसी कार्यालय की ओर से हालांकि इसपर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई।

### अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी : मांडविया



**इंदौर।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के अमल में आने पर भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी और भारतीय उद्यमियों व निर्यातकों को दोगुना फायदा होगा। मांडविया ने संवाददाताओं से कहा कि व्यापार समझौते पर दोनों देशों के बीच सहमति बनने से पहले अमेरिका ने भारतीय सामान पर ऊंचा शुल्क लगा दिया था, भारत का निर्यात बढ़ा क्योंकि निर्यातकों ने इसको अवसर के रूप में इस्तेमाल करते हुए नये बाजार ढूंढ लिए। मांडविया ने कहा कि समझौते से भारत के उद्यमियों और निर्यातकों को फायदा होगा, क्योंकि अब उनके पास अमेरिका के साथ ही नये बाजार भी हैं। उन्होंने यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ भारत के समझौतों पर कहा कि इन समझौतों में विदेशों में काम करने वाले भारतीयों की सामाजिक सुरक्षा को शामिल किया जा रहा है, जबकि पिछली सरकारों में ऐसा नहीं किया जाता था।

## आर्बिट्रेज का खेल : ट्रेप व एसडीएफ दरों के अंतर से बैंक कमा रहे 0.70% मुनाफा

- म्यूचुअल फंड से कम दर पर पैसा जुटाकर आरबीआई के पास जमा कर रहे हैं बैंक

**मुंबई, एजेंसी,** देश के बैंकिंग सेक्टर में इन दिनों 'आर्बिट्रेज' (दरों के अंतर से लाभ) के जरिए कमाई का दिलचस्प रुझान दिख रहा है। नकदी के मामले में मजबूत स्थिति वाले बैंक ट्राई-पार्टी रेपो (ट्रेप) बाजार से कम ब्याज दर पर फंड जुटा रहे हैं और उसे अधिक रिटर्न के लिए आरबीआई की स्थायी जमा सुविधा (SDF) के तहत जमा कर रहे हैं। बाजार जानकारों के अनुसार, इस रणनीति से बैंक 0.70 प्रतिशत तक का मुनाफा कमा रहे हैं।

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, ट्रेप और एसडीएफ दरों के बीच का अंतर हाल के दिनों में काफी बढ़ा है। यह फासला 30 जनवरी के 0.33% से बढ़कर 4 फरवरी को 0.76% तक पहुंच गया था। सोमवार को भी यह अंतर 0.63% दर्ज किया गया। दरों के बीच बढ़ते इस गैप ने अतिरिक्त नकदी वाले बैंकों के लिए इस शॉर्ट-टर्म रणनीति को बेहद आकर्षक बना दिया है।

**कैसे काम करता है यह चक्र?**

ट्रेप बाजार में दरें नकदी की मांग और आपूर्ति के आधार पर बदलती हैं, जहाँ म्यूचुअल फंड कंपनियां अक्सर कर्ज देने में सक्रिय रहती हैं। दूसरी ओर, आरबीआई की एसडीएफ दरें स्थिर होती हैं। बैंक ट्रेप बाजार से सस्ती दर पर नकदी उठाते हैं और इसे जोखिम मुक्त सरकारी सुविधा (SDF) में डालकर ब्याज के अंतर का लाभ उठा रहे हैं।

## इक्विटी एमएफ निवेश 14% घटकर 24,028 करोड़ रहा

- अनिश्चितता के बीच निवेशकों का रुख सतर्क, गोल्ड ईटीएफ और डेट फंड्स में बढ़ी चमक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के म्यूचुअल फंड उद्योग में इक्विटी निवेश की रफ्तार धीमी पड़ी है। उद्योग निकाय एम्फी द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध निवेश जनवरी में 14 प्रतिशत घटकर 24,028 करोड़ रुपये रह गया। यह लगातार दूसरा महीना है जब इक्विटी निवेश में गिरावट दर्ज की गई है।

विशेषज्ञों के अनुसार, कमजोर बाजार स्थितियों और वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव के कारण निवेशक सतर्क नजर आ रहे हैं। इससे पहले दिसंबर में निवेश 28,054 करोड़ रुपये और नवंबर में 29,911 करोड़ रुपये था। हालांकि, यह गिरावट के बावजूद अक्टूबर (24,690 करोड़) के स्तर के करीब बना हुआ है। इक्विटी श्रेणियों में 'फ्लेक्सी-कैप' फंड्स निवेशकों की पहली पसंद रहे, जिनमें 7,672 करोड़ का निवेश आया। इसके बाद मिड-कैप (3,185 करोड़) और स्मॉल-कैप (2,942 करोड़) का स्थान रहा। वहीं, टैक्स सेविंग स्कीम यानी ईएलएसएस (ELSS) से 593.69 करोड़ की निकासी हुई, जो निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली का संकेत है।

## आयकर छापेमारी : अग्रिम नोटिस से साक्ष्य मिटने का खतरा, सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

- डिजिटल रिकॉर्ड के मामले में जांच को विफल करने का सबसे आसान तरीका डिवाइस को नष्ट करना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को डिजिटल युग में जांच एजेंसियों के सामने आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि तलाशी और जब्ती से पहले अग्रिम नोटिस देना, जांच शुरू होने से पहले ही उसे निष्प्रभावी बना सकता है।

आयकर अधिनियम की धारा 132 की वैधता को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जोयमाल्य बागची ने कहा कि यदि छापेमारी के लिए पहले से नोटिस दिया गया, तो साक्ष्य नष्ट होने की पूरी संभावना रहती है।



डिजिटल रिकॉर्ड के मामले में जांच को विफल करने का सबसे आसान तरीका संबंधित उपकरण (डिवाइस) को नष्ट कर देना है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति बागची और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ याचिकाकर्ता विश्वप्रसाद अल्वा की दलीलों पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने तर्क दिया कि धारा 132 अधिकारियों को असीमित शक्तियां देती है, जिससे न केवल कर चोरी करने वाले बल्कि तीसरे पक्ष के उत्पीड़न की भी आशंका रहती है।

### क्या है धारा 132?

यह प्रावधान आयकर अधिकारियों को तब तलाशी और जब्ती का अधिकार देता है, जब उनके पास यह मानने का पुख्ता आधार हो कि किसी व्यक्ति ने आय या संपत्ति छिपाई है। शीर्ष अदालत ने मामले पर विचार के लिए अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद तय की है।

## बजाज ऑटो ने चैंपियन बेटियों को दिया तोहफा

- वीमेंस टी20 लीग की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की खिलाड़ियों को मिलेगी चेतक सी25 स्कूटर

**पुणे।** बजाज ऑटो ने वीमेंस टी20 लीग की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की हर खिलाड़ी को नई चेतक सी25 स्कूटर भेंट करने की घोषणा की है। बजाज ऑटो का कहना है कि टीम ने जिस आत्मविश्वास, धैर्य और निरंतरता के साथ मैदान में प्रदर्शन किया, वही गुण चेतक ब्रांड की विरासत से मेल खाते हैं। ऐसे में हर खिलाड़ी को सी25 देना उस साझा सोच का प्रतीक है, जिसमें भरोसा, मजबूती और आगे बढ़ने की महत्वाकांक्षा शामिल है।

कंपनी के मुताबिक चेतक सी25 को तेज़ रफ्तार शहरी जीवन के अनुरूप तैयार किया गया है। बजाज ऑटो लिमिटेड के प्रेसिडेंट (मार्केटिंग) सुमीत नारंग ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि 2026 की यह ऐतिहासिक जीत खेल के प्रति समर्पण और आत्मविश्वास की मिसाल है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु के आधुनिक शहरी परिवेश और नई पीढ़ी की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार सी25, कंपनी की भरोसेमंद विरासत को आगे बढ़ाती है। टीम प्रबंधन ने भी इस पहल को विशेष बताया है। फ्रेंचाइज़ी के सीओओ राजेश मेनन ने कहा कि पूरे सीजन चेतक की भागीदारी ने मैदान के भीतर प्रदर्शन और मैदान के बाहर फैंस से जुड़ाव दोनों को मजबूत किया।



# केंद्रीय बजट 2047 तक विकसित भारत

## यात्रा में निर्णायक मील का पत्थर लोस में चर्चा के दौरान भाजपा ने कहा- वैश्विक निवेशकों के लिए भारत भरोसेमंद केंद्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा की सांसद अपराजिता सारंगी ने केंद्रीय बजट को ऐतिहासिक और 2047 तक विकसित भारत बनाने की यात्रा में निर्णायक मील का पत्थर बताते हुए कहा कि देश वैश्विक निवेशकों के लिए भरोसेमंद गंतव्य की तरह उभर रहा है। भाजपा सांसद ने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा, यह बजट सरकार की प्रतिबद्धता, संकल्प और निरंतरता को दर्शाता है तथा जन केंद्रित और समावेशी प्रकृति का है।

सारंगी ने कहा, सरकार का लक्ष्य 2047 तक विकसित भारत बनाना है और यह बजट निश्वित रूप से इस लक्ष्य की यात्रा की ओर बहुत मजबूत कदम है। यह बजट ऐसे समय में आया है जब भारत विकास यात्रा पर तेजी से बढ़ रहा है और दुनिया भी इसे मानती है। उन्होंने कहा कि आज देश



- कांग्रेस सांसद ने कहा- पिंग पोंग खेल रहे हैं जयशंकर और गोयल

में विदेशी मुद्रा भंडार का स्तर उच्च बना हुआ है। भाजपा सांसद ने कहा कि दिसंबर 2025 में मुद्रास्फीति 1.7 प्रतिशत दर्ज की गई जबकि 2011 से 2014 (संप्रग सरकार) के बीच औसत मुद्रास्फीति 9.8 प्रतिशत थी। बेरोजगारी की दर हर दिन घट रही है और आज यह 4.8 प्रतिशत है।

सारंगी ने इसे सरकार के अनुशासित वित्तीय प्रबंधन, संरचनात्मक सुधारों और स्पष्ट नीति का प्रमाण बताते हुए कहा कि बजट से स्पष्ट है कि सरकार ने दीर्घकालिक विकास का मार्ग चुना है और अवसंरचना, संस्थानों एवं औद्योगिक क्षमता निर्माण में सतत निवेश को अपनाया है। 2014 में जहां सार्वजनिक पूंजी व्यय दो लाख करोड़ था, जो बढ़कर 2025-26 में 11.2 लाख करोड़ पहुंच गया है।

### व्यापार समझौता पारस्परिकता के सिद्धांत के विपरीत: थरूर



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पहले से तय खरीद समझौते की तरह अधिक प्रतीत होता है जो पारस्परिकता के सिद्धांत के विपरीत है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री एस. जयशंकर और पीयूष गोयल पर पिंग पोंग खेलने का आरोप लगाया। लोकसभा में बजट पर चर्चा की शुरूआत करते हुए थरूर ने कहा कि सरकार का यह दावा कि भारत ने चीन, वियतनाम या अन्य एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बेहतर सौदा हासिल किया है, ठीक नहीं है। किसी भी पूर्वी एशियाई अर्थव्यवस्था ने गारंटीकृत खरीद प्रतिबद्धताओं से अमेरिका के साथ अपने व्यापार सरप्लस को जानबूझकर कम करने पर सहमति नहीं जताई है। थरूर ने कहा, वाणिज्य और उद्योग मंत्री तथा विदेश मंत्री दोनों ने इनके पैमाने, समयसीमा या वित्तीय प्रभावों के बारे में स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

### ये डील नहीं ढील, अब स्वदेशी जैसे शब्द न बोले भाजपा : अखिलेश



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दावा किया कि अमेरिका के साथ डील नहीं, ढील हुई है तथा जब इसी तरह का व्यापार समझौता करना था तो फिर 11 महीने इंतजार क्यों करवाया गया। अखिलेश ने लोकसभा में यह कटाक्ष भी किया कि भाजपा को अब स्वदेशी और आत्मनिर्भरता जैसे शब्द बोलना छोड़ देना चाहिए। बजट आने से पहले और बाद में भी अमेरिका के साथ समझौते पर बात हो रही थी। अखिलेश ने कहा कि जब सब कुछ विदेश से आएगा तो देश के किसान क्या उगाएंगे। यह बजट दिशाहीन है और कोई दृष्टिकोण नहीं है कि 2047 तक भारत कैसे विकसित बनेगा।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में 27 पर आरोप तय

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की 2024 में हुई हत्या के मामले में 27 आरोपियों के खिलाफ मकोका और बीएनएस के तहत आरोप तय किए। इन आरोपियों ने खुद को बेगुनाह बताया है।

विशेष न्यायाधीश सत्यनारायण आर नवंदर ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की हत्या, मकोका, शस्त्र अधिनियम और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आरोप तय किए। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के तहत आपराधिक सुनवाई में आरोप तय करना पहला चरण होता है, जहां अदालत सबूतों के आधार पर आरोपों को औपचारिक रूप देती है। सिद्दीकी (66) की 12 अक्टूबर, 2024 की रात को मुंबई के बांद्रा (पूर्व) इलाके में उनके बेटे जीशान के कार्यालय के बाहर तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में गिरफ्तार किए गए 27 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है।

## भाजपा की महिला सांसदों ने की विपक्ष पर कार्रवाई की मांग

- चार फरवरी के हंगामे पर लोकसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा की महिला सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सदन में चार फरवरी को हुए हंगामे को लेकर विपक्षी सांसदों के खिलाफ नियमों के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। इन महिला सांसदों का कहना है कि चार फरवरी को कुछ विपक्षी सदस्य सत्ता पक्ष की बेंचों की ओर गए, मेज पर चढ़े और प्रधानमंत्री की सीट पर कब्जा कर घोर अपराध किया था।

भाजपा की महिला सांसदों ने कहा कि लोकसभा परिसर में चार फरवरी को घटनाक्रम ने चिंताजनक मोड़ ले लिया था और हालात गंभीर व अप्रिय परिणामों की ओर जा सकते थे। उन्होंने कहा कि यह भारत के संसदीय लोकतंत्र के इतिहास के सबसे काले क्षणों में से एक बन सकता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार फरवरी को विपक्ष के हंगामे के कारण संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब नहीं दे सके थे।

अपने पत्र में भाजपा की महिला सांसदों ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने चार फरवरी को धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान जिस तरह सदन की गरिमा, मर्यादा और पवित्रता बनाए रखी, उसके लिए वे लोकसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त करना और उनकी सराहना दर्ज कराना चाहती हैं। पत्र में कहा गया कि उस दिन पूरे सदन और देश ने लोकसभा कक्ष के भीतर सबसे दुर्भाग्यपूर्ण और खेदजनक घटनाओं में से एक को देखा। सांसदों ने कहा, हमने देखा कि विपक्षी दलों के सदस्य न केवल सदन में आसन के करीब आए, बल्कि वे मेज पर चढ़ गए, कागजात फाड़े और उन्हें आसन की ओर फेंका।

## नरवणे ने 2023 में साझा किया था अपनी किताब का लिंक : राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे की पुस्तक को लेकर एक प्रकाशक ने इसके प्रकाशित नहीं होने की बात की है, लेकिन खुद नरवणे ने 2023 में एक टवीट् करके अपनी पुस्तक को खरीदने की अपील करते हुए एक लिंक साझा किया था। राहुल ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि उन्हें नरवणे की बात पर भरोसा है तथा उनकी किताब में कुछ ऐसी बाते हैं जो सरकार तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को असहज कर सकती हैं।

दिल्ली पुलिस ने नरवणे की अप्रकाशित



- कांग्रेस नेता ने कहा- पूर्व सेना प्रमुख पर उन्हें पूरा भरोसा

पुस्तक के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। उसने सोमवार को एक बयान में कहा था, दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया मंच और ऑनलाइन समाचार मंचों पर प्रसारित हो रही उन सूचनाओं का संज्ञान लिया है जिनमें दावा किया गया है कि ''फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी'' नामक पुस्तक की एक प्रति सक्षम अधिकारियों से अनिवार्य मंजूरी के बिना प्रसारित की जा रही है।

## निकाय चुनाव के भाजपा प्रत्याशी ने की खुदकुशी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के नारायणपेट जिले में नगर निकाय का चुनाव लड़ रहे भाजपा के एक प्रत्याशी ने मंगलवार को आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रहे महादेवप्पा (45) ने मक्तल स्थित अपने घर में सुबह करीब साढ़े चार बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि फिलहाल, उन्हें उकसाने का कोई प्रथम दृष्टया सबूत नहीं मिला है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं से इस मामले की जांच कर रही है। अधिकारी ने बताया कि मृतक के परिवार के सदस्यों की ओर से कोई विशिष्ट आरोप नहीं लगाया गया है।

## मोदी की डिग्री मामले में डीयू को सुप्रीम कोर्ट से मिला समय

- आदेश को चुनौती देने में देरी पर की जानी है आपत्ति दाखिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्नातक डिग्री के विवरण को सार्वजनिक किए जाने से इन्कार करने वाले आदेश के खिलाफ अपील दायर करने में देरी पर आपत्ति दाखिल करने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) को मंगलवार को तीन हफ्ते का समय दिया। डीयू की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि मामले में कोई दम नहीं है और इसका मकसद केवल सनसनी फैलाना है।

उन्होंने एकल पीठ के अगस्त 2025 के आदेश को चुनौती देने वाली अपील दाखिल करने में हुई देरी के साथ-साथ मामले के गुण-दोष के पहलू पर जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। मुख्य न्यायाशीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ ने कहा, जैसा कि आग्रह किया गया है, देरी के लिए माफी के अनुरोध वाले आवेदन पर आपत्ति दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते का समय दिया जाता है। इसी के साथ पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल के लिए निर्धारित कर दी।

## ईडी ने तिरुपति लड्डू में मिलावट में धनशोधन का प्रकरण किया दर्ज

- देवस्थानम के नौ अधिकारियों व 5 डेयरी विशेषज्ञों समेत 36 लोग आरोपी

**अमरावती/नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आंध्र प्रदेश के तिरुपति स्थित प्रसिद्ध तिरुमला मंदिर में ''लड्डू प्रसादम'' बनाने के लिए कथित रूप से मिलावटी घी के इस्तेमाल से जुड़े मामले की जांच के लिए धन शोधन का प्रकरण दर्ज किया है।

अधिकारियों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने कुछ समय पहले आरोपी द्वारा कथित रूप से अर्जित अपराध की आय या अवैध धन की जांच के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया था। अधिकारियों ने बताया कि ईडी सीबीआई के नेतृत्व वाली विशेष जांच टीम (एसआईटी) द्वारा दर्ज प्राथमिकी, दस्तावेजों और हाल में दायर आरोपपत्र को देख रही है। एसआईटी ने इस मामले में तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के नौ अधिकारियों और पांच डेयरी विशेषज्ञों सहित 36 लोगों को आरोपी बनाया है। एसआईटी की जांच के निष्कर्षों के अनुसार, श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर निकाय को घी के रूप में बेची गई मूल सामग्री रासायनिक रूप से संसाधित पामोलिन तेल और अन्य अवयवों से बनी थी।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नेपाल में बस के नदी में गिरने से 12 की मौत

**काठमांडू।** मध्य नेपाल में मंगलवार को एक यात्री बस के नदी में गिर जाने से 12 लोगों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 11 बजे हुई, जब काठमांडू से ओखलढुंगा जा रही बस बागमती प्रांत के रामेछाप नगरपालिका में तामाकोशी नदी में गिर गई। यह स्थान काठमांडू से 150 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। द हिमालयन टाइम्स की खबर के मुताबिक, मृत 12 यात्रियों में से 10 की पहचान कर ली गई है। स्थानीय निवासियों, सुरक्षाकर्मियों और बचाव दलों ने दुर्घटनास्थल से घायलों को विभिन्न अस्पतालों में पहुंचाया।

### अमेरिका के स्कूल में गोलीबारी, हिरासत में लिया गया संदिग्ध

**रॉकविले।** अमेरिका के मैरीलैंड स्थित एक हाई स्कूल में एक व्यक्ति को सोमवार को गोली मारे जाने के बाद इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया और इस घटना के मद्देनजर स्कूल परिसर को पूरी तरह बंद कर दिया गया। स्कूल परिसर में 'लॉकडाउन' की स्थिति हैं जहां से कोई बाहर भी नहीं निकल सकता ।मॉन्टगोमरी काउंटी पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि गोलीबारी के संबंध में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। रॉकविले सिटी पुलिस ने सोशल मीडिया पर कहा कि आमजन को अब कोई खतरा नहीं है।

### वकील को इमरान से मुलाकात की अनुमति

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के एक वकील को जेल में बंद पीटीआई प्रमुख इमरान खान से मिलने की मंगलवार को अनुमति दे दी। शीर्ष अदालत ने वकील को जेल में इमरान की रहने की स्थिति के बारे में एक रिपोर्ट पेश करने को भी कहा। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान पांच अगस्त 2023 से सलाखों के पीछे हैं, जब उन्हें भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषसिद्धि के बाद लाहौर स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया था।

# केन्या में सूखे से हालात गंभीर 20 लाख भुखमरी की चपेट में

**कंपाला (युगांडा)।** केन्या के कुछ इलाकों में सूखे की वजह से 20 लाख से अधिक लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं और सबसे ज्यादा असर उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों के पशुपालक समुदायों पर पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र और दूसरे संगठनों की ओर से यह जानकारी दी गई है।

केन्या के राष्ट्रीय सूखा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, देश के करीब 10 जिले इस समय सूखे से जूझ रहे हैं। सोमालिया से सटे केन्या के उत्तर-पूर्वी मंडेरा जिले में स्थिति चेतावनी स्तर पर पहुंच गई है। इसका मतलब है कि पानी की गंभीर कमी के कारण पशुओं की मौत हो रही है और बच्चे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं। जनवरी के अंत में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि यही परेशानी सोमालिया, तंजानिया और यहां तक कि युगांडा तक फैल रही है, जहां लोग इसी तरह के मौसम और पानी की गंभीर कमी से जूझ रहे हैं।

- जलवायु परिवर्तन के भीषण दुष्प्रभावों से जूझ रहे हैं 20 जिले

हाल के हफ्तों में सोमाली सीमा के पास सूखाग्रस्त इलाकों से झकझोर देने वाली तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें मवेशियों को बेहद कमजोर और कुपोषित हालत में देखा जा सकता है। यह इलाका जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहा है। हाल के वर्षों में कुछ क्षेत्रों में बारिश के मौसम की अवधि छोटी हो गई है, जिससे सूखे की स्थिति पैदा हो रही है।

# बच्चों की गुमशुदगी

## 30 साल बाद भी ठोस कदम नहीं

सुप्रीम कोर्ट की ओर से बड़े पैमाने पर बच्चों की गुमशुदगी के पीछे देशव्यापी गिरोह की आशंका जताए जाने से साफ है कि लंबे समय से अनदेखी के कारण देश में यह समस्या कितनी गंभीर हो चुकी है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के ताजा आंकड़े और मीडिया रिपोर्ट्स भी इस भयावह तस्वीर को सामने रखती हैं। देश में यह संकट कोई साल दो साल पुराना नहीं है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने 1993 में ही इस पर चिंता जताई थी। इसके बाद 2007 में इस पर समितियां भी गठित की गईं। नोबेल विजेता कैलाश सत्यार्थी के संगठन 'बचपन बचाओ आंदोलन' ने दिसंबर 2011 में एक महत्वपूर्ण शोध रिपोर्ट जारी की जिसमें खुलासा किया गया था कि देश भर में हर घंटे लगभग 11 बच्चे लापता होते हैं। इस रिपोर्ट ने पूरे देश में हलचल मचाई लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा सके।



### देश में बच्चों की गुमशुदगी

- वर्ष 2023 तक के आंकड़ों के अनुसार भारत में 1.4 लाख से ज्यादा बच्चे लापता बताए गए थे।
- रिपोर्ट के अनुसार 2022 में 47,000 से अधिक बच्चे गुमशुदा हुए जिनमें 71.4% लड़कियां थीं।
- पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और दिल्ली जैसे राज्यों में बच्चों के लापता होने की दर सबसे ज्यादा।
- आंकड़ों के अनुसार जिन बच्चों का पता नहीं लगा, उनमें 12-18 वर्ष आयु के बच्चे सर्वाधिक हैं।

### सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद सरकार ने ट्रैक चाइल्ड पोर्टल जैसा राष्ट्रीय डेटाबेस और खोया-पाया सिटीजन पोर्टल शुरू किया। ताजा मीडिया रिपोर्ट के बाद हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने फिर राज्यों से विस्तृत डेटा मांगा है।

### इन शहरों में सर्वाधिक गुमशुदगी

- दिल्ली में हर दिन औसतन 13 बच्चे लापता होते हैं। 2016 से जनवरी 2026 के बीच दिल्ली में कुल 60,694 बच्चे लापता हुए। जनवरी 2026 में ही 807 बच्चों की गुमशुदगी रिपोर्ट हुई है।
- कर्नाटक में 2020 और 2024 के बीच लगभग 14,878 बच्चों की गुमशुदगी रिकॉर्ड में दर्ज है, जिनमें से एक बड़ा हिस्सा बेंगलुरु शहर का था। यहां लापता बच्चों में 72% लड़कियां हैं।
- मध्य प्रदेश सबसे ज्यादा बच्चों की गुमशुदगी वाले राज्यों में एक है और इंदौर में यह संख्या सर्वाधिक है। इंदौर के बाणगंगा और लसूडिया शहर राज्य में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र हैं।
- भोपाल में भी बच्चों के लापता होने के आंकड़े काफी भयावह हैं। मध्य प्रदेश में चार वर्षों में लगभग 59,000 बच्चे लापता हुए, जिनमें भोपाल और इंदौर के आंकड़े सबसे अधिक थे।

### लापता बच्चों में 71% लड़कियां

- एनसीआरबी के मुताबिक औसतन लापता बच्चों में लगभग 70% से 71% लड़कियां होती हैं, लड़कों का हिस्सा लगभग 29% से 30% रहता है।
- वर्ष 2022-23 की रिपोर्ट के अनुसार जहां लगभग 17,000 लड़के लापता हुए, वहीं लापता होने वाली लड़कियों की संख्या 45,000 से अधिक थी।
- लड़कियों की गुमशुदगी के मामलों में मानव तस्करी, जबरन विवाह और घरेलू काम के लिए शोषण जैसे कारण प्रमुख रूप से चिह्नित किए गए हैं।
- लापता होने वाले बच्चों में 80% से अधिक 12 से 18 साल उम्र के होते हैं। इनमें 15 से 18 वर्ष आयु की किशोरियों की संख्या सबसे अधिक है।

### सरकार के कदम

- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय सके ट्रैक चाइल्ड पोर्टल पर पुलिस और नागरिक लापता बच्चों का डेटा साझा करते हैं।
- ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अभियान चलाकर रेलवे स्टेशनों व शेल्टर होम में मौजूद बच्चों को परिजनों से मिलाती है।
- पुलिस लापता बच्चों की फोटो का मिलान शेल्टर होम के बच्चों से करने को फेसियल रिकगनीशन सिस्टम अपना रही है।

# दबे राज नहीं खोलेगी एप्स्टीन की साथी मैक्सवेल

## अमेरिकी कानून को अपनी ढाल बनाकर संसद की समिति के सवालों के जवाब देने से किया इन्कार

**वाशिंगटन, एजेंसी**

यौन अपराधी जेफरी एप्स्टीन की सहयोगी घिसलेन मैक्सवेल ने सोमवार को हाउस कमेटी ऑन ओवरसाइट एंड अकाउंटेबिलिटी के सवालों का जवाब देने से इन्कार कर दिया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, मैक्सवेल टेक्सास की जेल में बंद है, जहाँ वह यौन तस्करी के लिए 20 साल की सजा काट रही है।

वह जेल के ही बंद कमरे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समिति के सामने पेश हुई थी। समिति के अध्यक्ष जेम्स कोमर ने कहा कि जैसा कि उम्मीद थी, मैक्सवेल ने पांचवें संशोधन (कानून) का सहारा लेते हुए चुप रहने के अपने अधिकार का उपयोग किया। कोमर ने कहा, यह स्पष्ट रूप से बहुत निराशाजनक है। हमारे पास उन अपराधों के बारे में पूछने के लिए कई सवाल थे जो उसने और एप्स्टीन ने किए थे, साथ ही संभावित सह-साजिशकर्ताओं के बारे में भी सवाल थे। उन्होंने कहा कि जीवित बचे लोगों के लिए न्याय ही इस जांच का मकसद है।



- कुख्यात यौन अपराधी के सहयोगियों का पता लगाने को पूछताछ करना चाहती थी समिति

दरअसल, अमेरिकी संविधान का पांचवां संशोधन अमेरिकियों को सवालों का जवाब देने से इन्कार करके खुद के खिलाफ सबूत देने से बचने का अधिकार देता है। सोमवार को हुई सुनवाई के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रतिनिधि मेलानी स्टैंसबरी ने बताया कि मैक्सवेल ने इस अवसर का उपयोग क्षमादान के लिए अभियान चलाने के तौर पर किया। उन्होंने कहा कि एप्स्टीन के पीड़ितों से बात करने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि मैक्सवेल एक बहुत बुरी महिला है जो किसी भी प्रकार की छूट दिए जाने की जरा भी हकदार नहीं है।

### वकील ने कहा- ट्रंप क्षमादान दें तभी सच बताएगी मैक्सवेल

मैक्सवेल के वकील डेविड ऑस्कर मार्कस ने इससे पहले एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि अगर राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से क्षमादान दिया जाता है तभी मैक्सवेल पूरी तरह और ईमानदारी से बोलने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, केवल वही पूरा विवरण दे सकती है। कुछ लोगों को शायद वह पसंद न आए जो वे सुनेंगे, लेकिन सच्चाई मायने रखती है। मैक्सवेल की पेशी से पहले हाउस ओवरसाइट कमेटी को भेजे गए एक पत्र में एप्स्टीन पीड़ितों के एक समूह ने सांसदों से मैक्सवेल द्वारा दी गई किसी भी जानकारी पर संदेह करने का आग्रह किया। उन्होंने एप्स्टीन के तस्करी अभियान में शामिल कई शक्तिशाली लोगों की पहचान करने से इन्कार करने और कानून प्रवर्तन के साथ सार्थक सहयोग न करने के लिए उसकी आलोचना की। मैक्सवेल को 2021 में अपने पूर्व प्रेमी एप्स्टीन के लिए नाबालिग लड़कियों को शोषण के लिए फंसाने में उसकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया गया था। एप्स्टीन की 2019 में जेल में मृत्यु हो गई थी।

### बढ़ते दबाव के बीच स्टार्मर का इस्तीफा देने से इन्कार

**लंदन।** अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत रहे पीटर मैंडलसन और यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के संबंधों का खुलासा होने के बाद बढ़ते दबाव के बीच प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने पद छोड़ने से इन्कार कर दिया है। स्टार्मर ने संसद में लेबर पार्टी के सांसदों से कहा, मैं अपने जनादेश और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी से पीछे हटने को तैयार नहीं हूं।

स्टार्मर लेबर पार्टी को मनाने की कोशिश कर रहे हैं कि वह महज डेढ़ साल के कार्यकाल के बाद उन्हें पद से न हटाए। उनकी मध्य-वामपंथी लेबर पार्टी के कुछ सांसदों ने 2024 में पीटर मैंडलसन को राजनयिक नियुक्त करने के उनके फैसले के लिए उनसे इस्तीफा देने को कहा है।स्कॉटलैंड में लेबर पार्टी के नेता अनस सरवर ने भी प्रधानमंत्री स्टार्मर से इस्तीफा देने की मांग की है।

सरवर ने कहा कि ध्यान भटकाने वाली चीजें बंद होनी चाहिए और डाउनिंग स्ट्रीट में नेतृत्व में बदलाव होना चाहिए। ब्रिटेन में डाउनिंग स्ट्रीट पर ही प्रधानमंत्री आवास है। सरवर लेबर पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता हैं जिन्होंने स्टार्मर से इस्तीफा देने का आह्वान किया है।

## लावरोव ने कहा- तनाव बढ़ाने की ओर पहला कदम नहीं उठाएगा रूस अमेरिका के कदमों पर रखेगा नजर

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने मंगलवार को कहा कि नई सामरिक शस्त्र न्यूनीकरण संधि (न्यू स्टार्ट) की अवधि समाप्त होने के बाद अब रूस इस बात पर बारीकी से नजर रखेगा कि अमेरिका क्या कदम उठाता है। लावरोव ने रूस के राष्ट्रीय टीवी चैनल एनटीवी के साथ साक्षात्कार में कहा, हम इस स्थिति को पूरी जिम्मेदारी के साथ संभालेंगे और तनाव बढ़ाने की दिशा में पहल करने वाले पहले पक्ष नहीं बनेंगे। लावरोव ने स्पष्ट किया कि रूस तनाव बढ़ाने की दिशा में पहला कदम नहीं उठाएगा। विदेश मंत्री ने कहा कि ब्रिटेन और फ्रांस की क्षमताओं को ध्यान में रखे बिना भविष्य में किसी बहुपक्षीय हथियार नियंत्रण समझौते की कल्पना करना कठिन है। लावरोव ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर से कहा है कि अब चीनियों के साथ समझौता करना आवश्यक है। चीन ने कई बार अपना रुख स्पष्ट किया है और हम उसका सम्मान करते हैं। लेकिन अगर इस प्रक्रिया का ध्यान इस तरह के त्रिपक्षीय मोड की ओर स्थानांतरित किया जाता है तो यह केवल मुद्दे के मूल सार को किनारे करने की इच्छा हो सकती है।



- न्यू स्टार्ट संधि खत्म होने के बाद रूसी विदेश मंत्री की प्रतिक्रिया

# वीडियो मामले में असम के मुख्यमंत्री के खिलाफ सुनवाई करेगा शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वामपंथी नेताओं की उस याचिका को सूचीबद्ध करने के लिए विचार करने पर सहमति जताई, जिसमें भाजपा के आधिकारिक 'एक्स' खाते पर पोस्ट किए गए एक वीडियो को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध किया गया है। इस वीडियो में शर्मा एक विशेष समुदाय के लोगों की ओर राइफल से निशाना साधते हुए नजर आ रहे हैं।

सीजेआई सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की अगुवाई वाली पीठ ने वकील निजाम पाशा की दलीलों पर संज्ञान लेते हुए कहा कि वह याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगी। पाशा भाकपा और माकपा के कुछ नेताओं की ओर से पेश हुए थे। उन्होंने कहा, हम इस अदालत से असम के मुख्यमंत्री के चिंताजनक बयानों और हाल में पोस्ट किए एक वीडियो को लेकर तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध करते हैं। इस संबंध में शिकायतें देने के बाद भी अब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।



- सीजेआई बोले- चुनाव से पहले कोर्ट में लड़ी जाती है राजनीतिक लड़ाई

सीजेआई ने कहा, समस्या यह है कि जैसे ही चुनाव आते हैं, चुनाव का एक हिस्सा सुप्रीम कोर्ट में लड़ा जाता है। हम मामले को देखेंगे और तारीख देंगे। शर्मा का एक वीडियो भाजपा की असम इकाई ने सात फरवरी को अपने आधिकारिक 'एक्स' खाते से साझा किया था जिसमें में शर्मा को राइफल से दो लोगों की ओर निशाना साधते हुए देखा जा सकता है -जिनमें से एक ने टोपी पहनी है और दूसरे ने दाढ़ी रखी है। इस वीडियो को लेकर व्यापक आक्रोश जताया गया और इसकी निंदा हुई थी। हिंसा और सांप्रदायिक नफरत भड़काने के आरोपों के बाद भाजपा ने पोस्ट को हटा लिया था।

## बुर्किना फासो में सभी राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध

**औगाडोगू।** बुर्किना फासो की अस्थाई संसद ने सोमवार को एक विधेयक को मंजूरी दी, जिसमें सभी राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। विश्लेषकों के मुताबिक यह कदम कैप्टन इब्राहिम तरोरे के नेतृत्व वाले सैन्य शासन को अपनी पकड़ को और मजबूत करेगा।

विधेयक को सांसदों के किसी भी विरोध का सामना नहीं करना पड़ा। यह विधेयक राजनीतिक दलों के चार्टर और दलों के वित्तपोषण, चुनावी अभियानों और राजनीतिक विपक्ष की स्थिति से संबंधित कानून को रद्द करता है। वर्ष 2022 में सेना के सत्ता संभालने के बाद से इस 'साहेल' देश में राजनीतिक दलों की गतिविधियां पहले से ही रुकी हुई हैं।

## अमेरिकी संसद में लाया गया एच-1 बी वीजा कार्यक्रम खत्म करने का प्रस्ताव

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के एक सांसद ने एच-1बी वीजा कार्यक्रम समाप्त करने के लिए एक विधेयक पेश किया है। उनका कहना है कि कंपनियों ने बार-बार इस प्रणाली का दुरुपयोग किया है और सस्ते विदेशी श्रमिकों को अमेरिका में आयात किया है।

अमेरिका के फ्लोरिडा के रिपब्लिकन प्रतिनिधि ग्रेग स्ट्यूब ने 'एक्साइल' अधिनियम पेश किया, जिसमें आव्रजन और नागरिकता कानून में संशोधन करके एच-1बी वीजा खत्म करने का प्रस्ताव है। स्ट्यूब ने कहा, अमेरिकी नागरिकों के कल्याण और समृद्धि की तुलना में विदेशी श्रमिकों को प्राथमिकता देना हमारे राष्ट्रीय हितों को कमजोर करता है। हमारे कामगार और युवा एच-1बी वीजा कार्यक्रम के कारण लगातार विस्थापित और अधिकारहीन हो रहे हैं, जो हमारे कार्यबल की कीमत पर कंपनियों और विदेशी प्रतिस्पर्धियों को लाभ पहुंचाता है। हम अपने बच्चों के सपने को तब तक बरकरार नहीं रख सकते जब तक हम उनका हिस्सा गैर-नागरिकों को सौंपते रहेंगे। इसीलिए मैं 'निर्वासन अधिनियम' पेश कर रहा हूं, ताकि मेहनतकश अमेरिकियों को फिर प्राथमिकता दी जा सके।

- अमेरिकी सांसद ने कहा- इस कार्यक्रम से अधिकारविहीन हो रहे हैं हमारे लोग

बड़ी संख्या में भारतीय पेशेवर अमेरिका में रहने और काम करने के लिए एच-1बी वीजा का उपयोग करते हैं। ट्रंप प्रशासन ने कानूनी और अवैध दोनों तरह के आव्रजन पर कार्रवाई तेज कर दी है और एच-1बी जैसे वीजा पर नए और कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। ट्रंप ने एच-1बी कार्यक्रम के दुरुपयोग को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया है।

## इजराइली हमलों में गाजा में तीन लोगों की और मौत

**दीर अल-बलाह।** गाजा सिटी के पश्चिम में इजराइल के सैन्य हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई। गाजा स्थित शिफा अस्पताल ने बताया कि इन हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई और कई घायलों को अस्पताल लाया गया।

ये हमले युद्धविराम समझौता लागू होने के बीच हुए हैं। इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि उसने दक्षिणी शहर रफाह में उसके सैनिकों पर गोलीबारी के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए ये हमले किए। उसने अपने सैनिकों पर हुए हमलों को युद्धविराम का उल्लंघन बताया। सेना ने कहा कि वह सटीक तरीके से अपने लक्ष्यों को निशाना बना रही है।

# सिडनी में इजराइली राष्ट्रपति की यात्रा का विरोध, हिंसक झड़प

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में इजराइली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग की यात्रा के विरोध में आयोजित प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प हो गई। सिडनी में सोमवार रात हुए इस विरोध प्रदर्शन में पुलिस की ओर से बल प्रयोग किए जाने के वीडियो सामने आने के बाद विवाद गहराता जा रहा है।

- पुलिस से भिड़े प्रदर्शनकारी, 27 लोग गिरफ्तार, कई पुलिसकर्मी घायल

न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) पुलिस के अनुसार, इस प्रदर्शन में 27 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से नौ पर आरोप तय किए गए हैं। पुलिस ने यह भी दावा किया कि झड़प के दौरान 10 पुलिसकर्मी घायल हुए। एनएसडब्ल्यू पुलिस आयुक्त माल लेनन ने कहा कि अधिकारियों ने असाधारण संयम बरता और जो आवश्यक था, वही किया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार प्रदर्शन सिडनी टाउन हॉल के बाहर आयोजित किया गया था। पुलिस के अनुसार करीब 6,000 लोग मौजूद थे, जबकि आयोजकों ने संख्या 50,000 बताई। वीडियो फुटेज में पुलिसकर्मियों को प्रदर्शनकारियों को धक्का देते, मुक्के मारते और कुछ मुस्लिम प्रदर्शनकारियों को नमाज़ के दौरान खींचकर ले जाते देखा गया, जिससे विवाद और बढ़ गया।

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया है कि सरकार ने उन्हें टाउन हॉल से संसद भवन तक मार्च की अनुमति दी होती तो स्थिति टाली जा सकती थी।

## ट्रंप की कनाडा को धमकी, गॉर्डी होवे अंतर्राष्ट्रीय पुल का न करे उद्घाटन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका और कनाडा को जोड़ने वाले पुल का उद्घाटन तब तक न करने की धमकी दी है, जब तक कि कनाडा को दी गई प्रत्येक वस्तु के बदले अमेरिका को पूरा मुआवजा नहीं मिल जाता। गॉर्डी होवे नाम का यह अंतर्राष्ट्रीय पुल पूरा होने के बाद अमेरिका के मिशिगन राज्य के दक्षिणी डेट्रॉइट और कनाडा के ओंटारियो राज्य के विंडसर शहर को जोड़ेगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कनाडा के प्रांत ओंटारियो को अमेरिका के राज्य मिशिगन से जोड़ने वाले 'गॉर्डी होवे अंतर्राष्ट्रीय पुल' को तब तक नहीं खोला जाएगा, जब तक कि कनाडा अमेरिका के साथ उस निष्पक्षता और सम्मान के साथ व्यवहार नहीं करता, जिसके हम हकदार हैं। परियोजना की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, इस पुल का वित्तपोषण कनाडाई सरकार कर रही है, लेकिन पूर्ण होने पर इसका सार्वजनिक स्वामित्व कनाडा और मिशिगन दोनों के पास होगा। ट्रंप गॉर्डी होवे अंतर्राष्ट्रीय पुल के उद्घाटन को कैसे रोक सकते हैं, यह स्पष्ट नहीं है।

- कहा- पहले अमेरिका से मिली सुविधाओं का पूरा मुआवजा दे कनाडा

## जनमत संग्रह पर यूनुस ने लोगों से की 'हां' में वोट करने की अपील


**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने अपने देश के लोगों से 12 फरवरी को आम चुनावों के साथ होने वाले जनमत संग्रह में 'हां' में वोट देने और उनके प्रस्तावित सुधार पैकेज का समर्थन करने की जोरदार अपील की। यूनुस ने सोमवार देर रात वरिष्ठ सचिवों और शीर्ष नौकरशाहों को संबोधित करते हुए कहा, यदि जनमत संग्रह के दौरान 'हां' में अधिक वोट मिलते हैं तो बांग्लादेश के भविष्य का निर्माण अधिक सकारात्मक तरीके से होगा। यूनुस ने कहा कि जनमत संग्रह के दौरान यदि लोग 'हां' में वोट करते है तो इससे कुशासन दूर करने में मदद मिलेगी। यूनुस का प्रशासन जटिल 84-सूत्रीय सुधार पैकेज को लेकर जनता का समर्थन हासिल करने के लिए अभियान चला रहा है। कई कानूनी विशेषज्ञों ने अंतरिम सरकार से अपेक्षा की है कि वह निष्पक्ष रुख बनाए रखे। कुछ न्यायविदों ने जनमत संग्रह की वैधता पर भी सवाल उठाया, क्योंकि बांग्लादेश के संविधान में इस तरह के जनमत संग्रह का कोई प्रावधान नहीं है।

- न्यायविदों ने बांग्लादेश में जनमत संग्रह की वैधता पर उठाए सवाल

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 11 फरवरी, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, नवमी 09 .58 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- शिशिर।

**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।

**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**-अनुराधा 10 .53 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष** – आज दूसरों के मामलों में बिल्कुल हस्तक्षेप न करें। पारिवारिक हितों को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। किसी पुरानी नकारात्मक घटना के कारण आप व्यथित हो सकते हैं, क्योंकि इसका सीधा प्रभाव आपके आत्मविश्वास पर पड़ेगा।

**वृष** – आज शेयर मार्केट के माध्यम से आपको धन लाभ हो सकता है। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। घर में कुछ मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। उच्च शिक्षा में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। व्यवसाय में उत्तम सफलता मिलेगी।

**मिथुन** – आज आपकी दिनचर्या अत्यधिक संतुलित रहेगी। समयानुसार अपने स्वभाव में बदलाव लायें। दूसरों पर अपनी निर्भरता कम करें। अति आत्मविश्वास के कारण आपको नुकसान हो सकता है। किसी गंभीर समस्या का समाधान आपको मिल जाएगा।

**कर्क** – आज अपना काम स्वयं करें तथा दूसरों पर बिल्कुल भी न छोड़ें। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। नए कार्यों की शुरुआत को टालना बेहतर होगा। अपने शत्रुओं को कम आंकने की भूल न करें। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के व्यवहार से समस्या हो सकती है।

**सिंह** – आज आपको धन कमाने के नए स्रोत मिल सकते हैं। वर्तमान परिस्थितियों के कारण आपके काम प्रभावित हो सकते हैं। माता की सेहत का ध्यान रखें। गृहकार्यों में आप अत्यधिक रुचि लेंगे। भाई-बहनों से आपके संबंध अच्छे रहेंगे।

**कन्या** – आज दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बहुत ही अच्छा रहेगा। आप सस्ते दामों पर महंगी वस्तु खरीद सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकार बढ़ेंगे। घर के किसी सदस्य के विवाह को लेकर चिंता दूर होगी। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है।

**तुला** – आज आपकी योग्यता और कार्यशैली की प्रशंसा होगी। परिवार के वातावरण को लेकर थोड़े अशांत रहेंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी। किसी भी काम को हल्के में न लें। धन को लेकर परेशानी दूर होगी।

**वृश्चिक** – आज दिन की शुरुआत में आंतरिक ऊर्जा में कमी महसूस कर सकते हैं। आर्थिक परेशानियों से काफी हद तक निकल पाएंगे। युवा अपने करियर को लेकर अत्यंत आशावादी रहेंगे। पिछले कुछ समय से यदि स्वास्थ्य समस्या थी तो दूर हो सकती है।

**धनु** – आज समाज में हो रहे परिवर्तन को लेकर चिंतित रहेंगे। यात्रा के दौरान परेशानी होगी अपने व्यवहार में अधिक परिवर्तन न करें। संवेदनशीलता के कारण आपका मूड स्विंग होता रहेगा। मित्रों की सलाह लेने से लाभ होगा।

**मकर** – आज दैनिक दिनचर्या बहुत ही अच्छी रहेगी। विद्यार्थी अपने करियर और अध्ययन को लेकर सचेत रहेंगे। किसी विशेष बड़े कार्य में सफलता मिल सकती है। मित्र आपका सहयोग करेंगे। घर की सजावट में आप विशेष रुचि लेंगे।

**कुंभ** – आज अधिकारियों से आपके संबंध मधुर रहेंगे। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से निभायेंगे। घर में अतिथि आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको विशेष सम्मान मिलेगा। साझेदारी में किए गए कार्यों से आपको लाभ मिलेगा। पुराने ऋण को चुकाने का बेहतरीन समय है।

**मीन** – आज आपका समय बच्चों के साथ बीतेगा। राजनीतिक लोगों से आपके संबंध मधुर रहेंगे। छात्रों को मेहनत का उत्तम परिणाम मिलेगा। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। नौकरी में स्थानांतरण होने की संभावना है।

## सुडोकू-58

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | | | | 4 | | | 8 |
| | | | | | | | 9 | |
| 3 | 5 | | 1 | | | 6 | | |
| | | 7 | | | | | 8 | |
| | | 3 | | | 8 | 9 | | |
| | 9 | | | | 1 | | | 7 |
| | | 6 | | | | | 7 | 9 |
| | 8 | | | | | | 4 | |
| 5 | | | 9 | | | | | 6 |

### सुडोकू - 57 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 4 | 3 | 6 | 1 | 8 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 4 | 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 |
| 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 2 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 1 | 8 | 6 | 5 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 9 | 6 | 7 |



"अनुभव और संयम से द. अफ्रीका को पहला टी20 विश्व कप जीतने में मदद मिल सकती है। अनुभव के साथ धैर्य बहुत अहम है। टीम में कुछ युवा खिलाड़ी हैं। मेरी कोशिश है कि वे खुद को जितना हो सके उतना सहज महसूस करें।
डेविड मिलर, दक्षिण अफ्रीका


# स्टेडियम

बरेली, बुधवार, 11 फरवरी 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| द. अफ्रीका-अफगानिस्तान | पूर्वाह्न 11 बजे |
| आयरलैंड-ऑस्ट्रेलिया | दोपहर 3 बजे |
| वेस्टइंडीज-इंग्लैंड | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### मैदान पर संदेश पहुंचाने में क्रिकेट पीछे : बटलर

**मुंबई।** इंग्लैंड के सीनियर बल्लेबाज जोस बटलर ने कहा कि मैदान पर खिलाड़ियों तक संदेश पहुंचाने के मामले में क्रिकेट अन्य खेलों की तुलना में पीछे है। इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम को नेपाल के खिलाफ टी20 विश्व कप के दौरान ड्रिंक्स ब्रेक में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक से वॉकी-टॉकी से बात करते हुए देखा गया। अन्य खेलों में जैसे फॉर्मूला वन में रेस इंजीनियर रेडियो से रियल-टाइम में ड्राइवरों को रणनीति, इंजन सेटिंग, टायर प्रबंधन और सुरक्षा से जुड़ी जानकारी देते हैं। फुटबॉल में भी मैनेजर साइडलाइन से खिलाड़ियों से संवाद कर सकते हैं।

### द. अफ्रीका में मेरे अनुभव से होगा फायदा : राशिद

**अहमदाबाद।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग एसए20 में खेलने के अनुभव से उन्हें वहां के खिलाड़ियों को अच्छी तरह समझने का मौका मिला है। उनकी इस जानकारी का टीम के युवा खिलाड़ियों को फायदा होगा। राशिद चार सत्र से एसए20 खेल रहे हैं। वह आईसीसी के इस बड़े टूर्नामेंट से पहले दक्षिण अफ्रीका में एक महीना बिताकर आ रहे हैं। उन्होंने एसए20 में एमआई केपटाउन का प्रतिनिधित्व किया था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से पहले राशिद ने कहा कि इस तरह का अनुभव टीम के साथ जानकारी साझा करने में मदद करता है।

# फरहान के अर्धशतक और स्पिन गेंदबाजी से पाकिस्तान ने अमेरिका को 32 रन से हराया

## आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच : अमेरिका के शुभम रंजने का पचासा नहीं आ सका काम

कोलंबो, एजेंसी

पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (73 रन) के अर्धशतक और स्पिनरों के प्रदर्शन से मंगलवार को अमेरिका को आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में 32 रन से शिकस्त दी। फरहान की 41 गेंदों की पारी की बदौलत पाकिस्तान ने नौ विकेट पर 190 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। फिर उस्मान तारिक (तीन विकेट), मोहम्मद नवाज (एक विकेट), शादाब खान (दो विकेट) और अबरार अहमद (एक विकेट) की स्पिन चौकड़ी ने अमेरिका को 20 ओवर में 8 विकेट पर 158 रन ही बनाने दिए। टूर्नामेंट में ये पाकिस्तान की लगातार दूसरी जीत थी जिससे अब टीम चार अंक लेकर ग्रुप में शीर्ष पर है। अमेरिका के शुभम रंजने (51 रन,) ने अर्धशतक जड़ा लेकिन यह टीम के काम नहीं आ सका।

सलामी बल्लेबाज श्यान जहांगीर (49 रन) और एंड्रीस गौस (13 रन) ने अमेरिका को अच्छी शुरूआत दी। इससे पांचवें ओवर में टीम का स्कोर 42 रन था लेकिन स्पिनरों के आने से मैच का रुख बदल गया। नवाज की गेंद पर गौस डीप में सलमान आगा के हाथों कैच हुए। पिछले टी20 विश्व कप में पाकिस्तान को हराने वाली अमेरिका की टीम ने पावरप्ले खत्म होने तक एक विकेट पर 50 रन बना लिए थे। लेकिन उसके बाद स्पिनरों के आने से उनके लिए सब कुछ मुश्किल हो गया। अमेरिका के 8 में से 7 विकेट स्पिन गेंदबाजों के नाम रहे। अमेरिकी टीम ने कप्तान मोनंक पटेल के विकेट गंवाने के साथ अगले चार ओवर में सिर्फ 18 रन जोड़े। जहांगीर भी जल्द आउट हो गए। रंजने और मिलिंद (23) ने चौथे विकेट के लिए 66 रन जोड़े लेकिन जरूरी रन-रेट इतना अधिक था कि कुछ तेज हिट लगाने के बाद भी उसे पूरा नहीं किया जा सका। इससे पहले फरहान के अलावा पाकिस्तान के लिए केवल तीन और बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंच सके, जिसमें बाबर आजम ने 46 रन और शादाब खान ने 30 रन का योगदान दिया। सईम अयूब ने 19 रन बनाए। पाकिस्तान ने अंतिम दो ओवर में पांच विकेट गंवाए।



मैच जीतने के बाद जश्न मनाते पाकिस्तानी खिलाड़ी।

अमेरिका के लिए तेज गेंदबाज शैडली वान शाल्कविक सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने चार ओवर में 25 रन देकर चार विकेट झटके। शाल्कविक ने भारत के खिलाफ टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मैच में भी अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया था। बाबर (32 गेंद) और फरहान (41 गेंद) ने तीसरे विकेट के लिए 81 रन जोड़े जिससे पाकिस्तान ने पावरप्ले में दो विकेट पर 56 रन के स्कोर से अच्छी वापसी की। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद पाकिस्तान ने पांच ओवर में बिना किसी नुकसान के 54 रन बना लिए थे। लेकिन शाल्कविक ने छठे ओवर में पांच गेंद के अंदर अयूब और कप्तान सलमान आगा (01) दोनों को आउट करके पाकिस्तान की रन गति पर लगाम लगा दी। फरहान इच्छानुसार गेंदबाजों पर छक्के जड़ रहे थे। उन्होंने स्पिनर मिलिंद पर जबरदस्त छक्का लगाया। फरहान की फॉर्म ने बाबर को क्रीज पर जमने और सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में पहली बार दूधिया रोशनी पर खेलने जाने पहले मैच में अपने शॉट्स खेलने का मौका दिया। बाबर ने अपना पहला छक्का लगाने में 20 गेंदें खेलीं। लेकिन एक बार लय हासिल करने के बाद अच्छी फॉर्म में दिखे।

उन्होंने क्रॉस-बैटेड शॉट्स का इस्तेमाल करके कुछ बाउंड्री लगाईं। बाबर ने 12वें ओवर में बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह पर एक छक्का और दो चौके मारे जिससे पाकिस्तान का रन-रेट धीरे-धीरे 10 रन प्रति ओवर तक पहुंच गया। इस बीच फरहान ने 27 गेंद में अपना नौवा टी20 अर्धशतक जड़ा और यह आईसीसी टूर्नामेंट में उनका पहला पचासा था। लेकिन बाबर की पारी ऑफ स्पिनर मोहम्मद मोहसिन की गेंद पर समापत हुई और मिलिंद ने डाइव करते हुए उनका कैच लपका।

फिर फरहान भी ज्यादा देर तक नहीं टिक पाए और हरमीत की गेंद पर आउट हो गए। संजय कृष्णमूर्ति ने लांग ऑफ के पास भागते हुए उनका कैच लपका। लेकिन ऑलराउंडर शादाब ने 12 गेंद में 30 रन जोड़कर स्कोर में योगदान दिया। उन्होंने कुछ जबरदस्त शॉट खेले। पर टीम ने अंतिम दो ओवर में पांच विकेट गंवा दिए।

# न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से रौंदा



रन के लिए दौड़ते न्यूजीलैंड के फिन एलन और टिम साइफर्ट।

चेन्नई, एजेंसी

- लगातार दूसरी जीत में साइफर्ट और एलन की रिकॉर्ड साझेदारी

टिम साइफर्ट (नाबाद 89) और फिन एलन (नाबाद 84) की आक्रामक पारियों और पहले विकेट के लिए 175 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी से न्यूजीलैंड ने टी20 विश्व कप मैच में मंगलवार को 28 गेंद शेष रहते संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 10 विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

यूएई को 6 विकेट पर 173 रन पर रोकने के बाद न्यूजीलैंड ने महज 15.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के 175 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड ने इससे पहले अफगानिस्तान को हराया था। प्लेयर ऑफ द मैच सिफर्ट ने 42 गेंदों की नाबाद पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाये। एलन ने 50 गेंदों की नाबाद पारी में पांच छक्के और इतने ही चौके लगाये, इसके साथ उन्होंने टी20 अंतर्राष्ट्रीय में 100 छक्के पूरे किए।

कप्तान मोहम्मद वसीम (नाबाद 66) और अलीशाह शराफू (55) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी से यूएई ने छह विकेट पर 173 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज वसीम में 45 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के मारे जबकि शराफू ने 47 गेंद में पांच चौके और दो छक्के जड़े। मयंक ने आखिरी ओवरों में 13 गेंद में दो चौके और एक छक्का की मदद से 21 रन बनाकर टीम को इस प्रारूप के विश्व कप में अपने सबसे बड़े स्कोर तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने आखिर ओवर में दो विकेट लिए जबकि जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मिचेल सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए एलन ने मैच के दूसरे ओवर में मोहम्मद रोहिद के खिलाफ चौके से हाथ खोला तो वहीं सिफर्ट ने इस ओवर को दो चौके से खत्म किया।

# अभिषेक अस्वस्थ, बुमराह ने किया अभ्यास

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पेट की समस्या से उबर रहे हैं और इसी वजह से उन्होंने नामीबिया के खिलाफ गुरुवार को खेले जाने वाले मैच से पहले टीम के अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया। उनकी उपलब्धता पर संकट के बादल है तो वहीं वॉशिंगटन सुंदर का टीम से जुड़ना राहत की बात है।

भारतीय टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने अभ्यास सत्र के दौरान मंगलवार को कहा कि वॉशिंगटन सुंदर कल टीम से जुड़ गए और आज अभ्यास करेंगे। अभिषेक को अभी पेट की परेशानी है, लेकिन उम्मीद है कि कुछ दिनों में वह मैच के लिए उपलब्ध हो जाएंगे। इस बीच जसप्रीत बुमराह को लेकर राहत भरी



- वॉशिंगटन सुंदर का टीम से जुड़ना राहत की बात

खबर मिली। वह पूरी तरह फिट नजर आए। उन्होंने शुरुआत में हल्की दौड़ लगाई और फिर स्पाइक्स (क्रिकेट के विशेष जूते) बदलने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव को पूरी रफ्तार से गेंदबाजी की। बुमराह ने इस दौरान भारतीय कप्तान को अपनी रफ्तार से चकमा देते हुए बोल्ड भी किया। डोएशे ने कहा, बुमराह ने 10 दिन तक गेंदबाजी नहीं की थी, लेकिन अब वह काफी बेहतर महसूस कर रहे हैं और उनका मूवमेंट अच्छा है। हम शुक्रवार को अभ्यास के बाद टीम को अंतिम रूप देंगे। अभ्यास सत्र के दौरान सूर्यकुमार और तिलक वर्मा पूरी तरह नियंत्रण में नजर आए। दोनों ने मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को सहजता से खेला। चोट वापसी कर रहे ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर संभल कर क्षेत्ररक्षण अभ्यास करते हुए दिखे। उन्हें मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी बातचीत करते देखा गया। वाशिंगटन ने बाद में तिलक वर्मा को गेंदबाजी की। अभिषेक बीमारी से उबर रहे हैं, वॉशिंगटन धीरे-धीरे वापसी की ओर है और बुमराह के पूरी लय में लौटने के साथ भारतीय टीम प्रबंधन के सामने मैच से पहले कुछ अहम चयन फैसले लेने की चुनौती है।

# पीसीबी को आईसीसी से मिलीं रियायतें विश्व कप के बाद होंगी सार्वजनिक

कराची, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के बहिष्कार को समाप्त करने के बदले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को कुछ रियायतें देने का आश्वासन दिया है, लेकिन इन्हें टूर्नामेंट के समापन के बाद ही सार्वजनिक किया जाएगा।

पीसीबी सूत्र ने मंगलवार को बताया कि बहिष्कार समाप्त करने पर आईसीसी से पीसीबी को जो भी रियायतें मिली हैं, उन्हें टी20 विश्व कप के बाद सार्वजनिक किया जाएगा। आईसीसी पहले ही यह घोषणा कर चुका है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा और उसे 2028-2031 चक्र में आईसीसी टूर्नामेंट (संभावित रूप से अंडर-19 पुरुष विश्व कप) की मेजबानी भी दी जाएगी।

### विवाद के समाधान के लिए आईसीसी को धन्यवाद : राजीव

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मंगलवार को आईसीसी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उसने बहुत अच्छा समाधान निकाला, जिससे पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार वापस ले लिया। बांग्लादेश और श्रीलंका के आग्रह के बाद पाकिस्तान सरकार ने फैसला किया जिसका मतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगा।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति ने पाकिस्तान का जताया आभार

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने पीसीबी को 15 फरवरी को भारत के खिलाफ यहां होने वाले टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार वापस लेने का निर्देश देने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का आभार जताया। दिसानायके ने एक्स कहा, यह जानकर बेहद खुशी हुई कि मौजूदा टी20 क्रिकेट विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच का कोलंबो में आयोजन किया जाएगा। श्रीलंका ने पीसीबी को लिखे पत्र में निर्णय बदलने का अनुरोध किया था।

# डि लीडे के प्रदर्शन से नीदरलैंड्स ने नामीबिया को 7 विकेट से हराया

- बास डि लीडे और लोगान वान बीक ने दो-दो विकेट झटके

नई दिल्ली, एजेंसी

बास डि लीडे के 48 गेंद में नाबाद 72 रन और दो विकेट की मदद से नीदरलैंड्स् ने टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के मैच में मंगलवार को नामीबिया को 7 विकेट से हराया। टॉस जीतकर नामीबिया को बल्लेबाजी के लिये भेजने वाली नीदरलैंड ने अपने गेंदबाजों के दम पर उसे आठ विकेट पर 156 रन पर रोक दिया। डि लीडे ने तीन ओवर में 20 रन देकर और लोगान वान बीक ने तीन ओवर में 13 रन देकर दो दो विकेट लिए।

जवाब में डि लीडे ने 48 गेंद में नाबाद 72 रन की पारी के दम पर नीदरलैंड ने 18 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाए। डि लीडे ने अपनी पारी में पांच चौके और चार छक्के जड़े और कोलिन एकेरमैन (28 गेंद में 32 ) के साथ तीसरे विकेट के लिये 70 रन की साझेदारी भी की। उन्हें हरफनमौला प्रदर्शन के लिये प्लेयर आफ द मैच चुना गया। टी20 विश्व कप का अरुण जेटली स्टेडियम पर यह पहला मैच था लेकिन स्कूल की परीक्षा का समय और सप्ताह के बीच में होने से मैदान खाली ही पड़ा रहा।



नीदरलैंड्स के बास डी लीडे को रन आउट करने को दौड़ते नामीबिया के रुबेन ट्रम्पेलमैन।

इसी मैदान पर 12 फरवरी को भारतीय टीम नामीबिया से खेलेगी। नीदरलैंड की शुरूआत हालांकि खराब रही थी और तीसरे ही ओवर मैक्स ओ डाउड (सात) को बर्नार्ड शोल्ज ने पवेलियन भेजा। माइकल लेविड भी 15 गेंद में 28 रन बनाकर आउट हो गए जिसके बाद डि लीडे और एकेरमैन ने टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले नामीबिया के लिये लोफ्टी इटोन (42 रन) और सलामी बल्लेबाज जान फ्रायलिंक (30 रन) ने दूसरे विकेट के लिये 50 रन की साझेदारी की। जेजे स्मिट ने 15 गेंद में 22 रन बनाये।

वहीं नीदरलैंड के लिए डि लीडे के अलावा वान बीक ने तीन ओवर में 13 रन देकर दो और स्पिनर आर्यन दत्त ने तीन ओवर में 13 रन देकर एक विकेट चटकाया। दत्त ने नयी गेंद से शुरूआत करते हुए बेहद किफायती पहला ओवर डाला जिसमें सिर्फ चार रन बने। दूसरे ओवर में लॉरेन स्टीनकेम्प ने वान बीक को चौका जड़कर हाथ खोलने की कोशिश की लेकिन अगले ओवर में दत्त ने उन्हें पवेलियन भेजकर नीदरलैंड को पहली सफलता दिलाई। बाहर की ओर जाती गेंद को बैकवर्ड प्वाइंट पर खेलने के प्रयास में स्टीनकेम्प चूके लेकिन विकेट के पीछे स्कॉट एडवडर्स ने मुस्तैदी से स्टम्पिंग करने में कोई चूक नहीं की। इस समय स्कोर बोर्ड पर सिर्फ दस रन टंगे थे।

# डेविस कप में भारत के नए नायक सुरेश



**हाशिये से लेकर मुख्य भूमिका तक**

**नई दिल्ली।** कड़े अनुशासन और अथक मेहनत से करियर को नए मुकाम पर पहुंचाने वाले भारतीय डेविस कप टीम के नए नायक दक्षिणेश्वर सुरेश का उदय व्यवस्थित तरीके से हुआ है। सुरेश का भारतीय टेनिस में हाशिए से मुख्य भूमिका में पहुंचने तक का सफर चकाचौंध से दूर रहा और वह धैर्यपूर्वक आगे बढ़ते रहे। टेनिस से उनका जुड़ाव पारिवारिक है। उनके पिता सुरेश एक्का डिंडीगुल के क्लब स्तर के खिलाड़ी थे। उनके इन्हीं शुरुआती संपर्कों से सुरेश के लिए चेन्नई में लक्ष्मण चक्रवर्ती के रूप में कोच ढूंढने में मदद मिली। उन शुरुआती दिनों से ही कड़ी मेहनत जारी रही। इस दौरान 2010 और 2016 के बीच दक्षिणेश्वर चेन्नई में प्रतिदिन 16 किलोमीटर की यात्रा बस से करते थे। चक्रवर्ती ने अपने शिष्य के शुरुआती संघर्षों के बारे में कहा, तब वह सिर्फ नौ साल का था। उसके लिए कोई शॉर्टकट नहीं था। उसे सुरपेट से मोगाप्पैर, फिर मोगाप्पैर से अन्ना नगर और अन्ना नगर से लोयोला कॉलेज, नुंगमबक्का जाना पड़ता था।

## एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप

# आकृति ने रजत, अंजुम ने कांस्य पदक जीता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की आकृति दहिया और अंजुम मौदगिल ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) स्पर्धा में मंगलवार को क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में कजाकिस्तान की सोफिया शुलझेंको ने कर्णी सिंह परिसर में नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

सोफिया ने 35 शॉट के फाइनल में 358.2 अंक हासिल किए, जो रजत पदक विजेता आकृति दहिया से चार अंक अधिक थे। विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंजुम मौदगिल ने 340.4 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। सोफिया के इस स्कोर के साथ तीन नये रिकॉर्ड विश्व जूनियर, एशियाई और एशियाई जूनियर कायम किये। जूनियर महिलाओं की 3पी स्पर्धा



- कजाकिस्तान की सोफिया शुलझेंको ने विश्व रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक किया अपने नाम

में भारत की प्राची गायकवाड़ ने 353.3 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। 14 वर्षीय कजाकिस्तान की निशानेबाज टोमिरिस अमानोवा ने 351.4 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि भारत की अनुष्का ठाकुर ने 341.1 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। प्राची, अनुष्का और हेजल की तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में 1748 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो कजाकिस्तान से सात अंक अधिक था।

## एफआईएच प्रो लीग | अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के मिश्रण वाली भारतीय टीम

# बेल्जियम-अर्जेंटीना के खिलाफ अभियान शुरू करेगा भारत

राउरकेला, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार से बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले एफआईएच प्रो लीग में अपने अभियान की शुरुआत करने को प्रतिबद्ध होगी क्योंकि पिछली बार वह आठवें स्थान पर रही थी। भारत बुधवार को बेल्जियम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके बाद गुरुवार को उसका अर्जेंटीना से मुकाबला होगा। भारतीय टीम शनिवार को एक बार फिर बेल्जियम का सामना करेगी और रविवार को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान का समापन करेगी।

अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के संतुलित मिश्रण वाली भारतीय टीम दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली दो टीमों के खिलाफ परिस्थितियों का लाभ उठाने की कोशिश करेगी। भारत ने प्रो लीग में अभी तक अपना अभियान शुरू



नहीं किया है, जबकि अर्जेंटीना और बेल्जियम दोनों ही सत्र की शानदार शुरुआत के बाद राउरकेला पहुंचे हैं। अर्जेंटीना फिलहाल 11 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है। उसने अब तक चार मैच खेले हैं, जिनमें से तीन में उसने निर्धारित समय में और एक में शूटआउट में जीत दर्ज की। बेल्जियम चार मैचों में 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जिसमें उसने निर्धारित समय के अंदर तीन मैच में जीत हासिल की लेकिन शूटआउट तक खिंचे एक अन्य मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा था।

भारत का हाल के वर्षों में बेल्जियम के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। इन दोनों टीमों के बीच 2013 से 35 मैच खेले गए हैं। इनमें बेल्जियम ने 22 मैच और भारत ने 11 मैच जीते हैं जबकि दो मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। अर्जेंटीना के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड बेहतर है। इन दोनों टीमों के बीच 2013 से अब तक खेले गए 19 मैच में से भारत ने 10 में जीत हासिल की है, जबकि अर्जेंटीना ने केवल सात मैच जीते हैं।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, अमनदीप लाकड़ा, मनमीत सिंह और रोसन कुजूर जैसे युवा खिलाड़ियों को टीम में मौका मिलते देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने हाल ही में हीरो हॉकी इंडिया लीग में असाधारण प्रदर्शन किया। यह उनके लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का सही समय है और मुझे विश्वास है कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएंगे। पूरी टीम फिट, प्रेरित और उत्साहित है। बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में भारत को दर्शकों का अपार समर्थन मिलेगा और टीम इसका फायदा उठाना चाहेगी। अर्जेंटीना और भारत के मैचों से पहले बेल्जियम के कप्तान आर्थर वैन डोरेन ने कहा, यहां समय बिताने से आपको परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में मदद मिलती है। हमने अच्छा अभ्यास किया है।

# आंध्र को पारी से हराकर बंगाल सेमीफाइनल में

## रणजी ट्रॉफी

- सुदीप तिहरे शतक से एक रन चूके, बंगाल ने पहली पारी में ही ठोक दिए 629 रन

कल्याणी (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

सुदीप घरामी के 299 रन की बड़ी पारी की मदद से पहली पारी में विशाल स्कोर बनाने वाले बंगाल ने मंगलवार को आंध्र को पारी और 90 रन से शिकस्त देकर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आंध्र की पहली पारी के 295 रन के जवाब में बंगाल ने पहली पारी में 629 रन बनाकर 334 रन की बड़ी बढ़त हासिल की थी। आंध्र दूसरी पारी में केवल 244 रन ही बना सकी।

बंगाल 15 फरवरी को होने वाले सेमीफाइनल में जम्मू कश्मीर से भिड़ेगा जबकि दूसरा सेमीफाइनल कर्नाटक और उत्तराखंड के बीच होगा। आंध्र ने खेल के पांचवें और अंतिम दिन अपनी दूसरी पारी तीन विकेट पर 64 रन से आगे बढ़ाई। यह पहले तय हो चुका था कि वह सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाएगा लेकिन उसका लक्ष्य सीधी हार से बचना था जिसमें वह नाकाम रहा। बंगाल के गेंदबाजों ने बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज अहमद की अगुवाई में आंध्र के बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया। शाहबाज ने 72 रन देकर चार विकेट जबकि सूरज सिंधु जायसवाल ने दो विकेट लिए। आकाश दीप, सुमंता गुप्ता और अनुस्तुप मजूमदार ने एक-एक विकेट हासिल किया। भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने आंध्र की दूसरी पारी में केवल तीन ओवर ही किए। शमी ने 53 रन बनाकर बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया था। आंध्र के लिए नीतीश रेड्डी ही उम्मीद की किरण थे, क्योंकि उन्होंने 90 रन बनाए।